माघ शुक्ल पक्ष 11, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

रांची, शनिवार
08 फरवरी 2025
वर्ष-26, अंक- 09, पृष्ठ-12




रांची का तापमान

| कांके | रांची |
|---|---|
| अधिक. 26.0° | अधिक. 27.0° |
| न्यून. 12.5° | न्यून. 12.4° |

₹79200 10 ग्राम

₹99000 01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 77,860.19 | 87.557 |
| -197.97 | -0.009 |

## समाज सेवा के लिए 10,000 करोड़ रुपए किए दान


# अपने बेटे की शादी पर गौतम अदाणी ने लिया सेवा का संकल्प

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

**रांची।** महाकुंभ मेले की यात्रा के दौरान गौतम अदाणी ने कहा था कि उनके बेटे की शादी 'सादगी और पारंपरिक तरीके' से होगी। गौतम अदाणी ने न केवल शादी को साधारण रखा, बल्कि समाज सेवा के लिए 10,000 करोड़ रुपए भी दान किए। बेटे की शादी के अवसर पर यह अनोखा उपहार उन्होंने समाज के कल्याण के लिए दिया है।

गौतम अदाणी का यह दान उनके परमार्थ के विचार 'सेवा साधना है, सेवा प्रार्थना है और सेवा ही परमात्मा है' पर आधारित है। उनके दान का बड़ा हिस्सा स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर खर्च किया जाएगा। इस पहल से समाज के सभी वर्गों को किफायती विश्व स्तरीय अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों, शीर्ष स्तरीय के-12 स्कूलों और सुनिश्चित रोजगार क्षमता के साथ ग्लोबल स्किल एकेडमी के नेटवर्क तक पहुंच प्रदान होगी।

अपने छोटे बेटे जीत अदाणी की शादी के अवसर पर गौतम अदाणी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पहले ट्विटर) के संदेश में अपनी बहू को 'बेटी दिवा' कहकर संबोधित किया। उन्होंने लिखा, परमपिता परमेश्वर के आशीर्वाद से जीत और दिवा आज विवाह के पवित्र बंधन में बंध गए। यह विवाह आज अहमदाबाद में प्रियजनों के बीच पारंपरिक रीति रिवाजों और शुभ मंगल भाव के साथ संपन्न हुआ। यह एक छोटा और अत्यंत निजी समारोह था, इसलिए हम चाह कर भी सभी शुभचिंतकों को आमंत्रित नहीं कर सके, जिसके लिए मैं क्षमाप्रार्थी हूं। मैं आप सभी से बेटी दिवा और जीत के लिए स्नेह और आशीष का हृदय से आकांक्षी हूं।



### हीरा कारोबारी जैमिन शाह की बेटी दिवा से शादी के बंधन में बंधे जीत अदाणी

शादी शुक्रवार की दोपहर, अहमदाबाद के बेल्वेडियर क्लब, अदाणी शांतिग्राम टाउनशिप में संपन्न हुई, जहां जीत अदाणी और हीरा कारोबारी जैमिन शाह की बेटी दिवा शादी के बंधन में बंध गए। शादी पूरी तरह से पारंपरिक रूप से संपन्न हुई। सामान्य धार्मिक अनुष्ठानों और पारंपरिक गुजराती समारोह में केवल करीबी रिश्तेदार और दोस्त शामिल हुए। शादी में राजनेता, बड़े कारोबारी, फिल्मी सितारे, नौकरशाह और अन्य कोई प्रमुख हस्तियां शामिल नहीं हुईं। जीत अदाणी इस समय अदाणी एयरपोर्ट्स के निदेशक हैं और छह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों का प्रबंधन देख रहे हैं। साथ ही, नवी मुंबई में बन रहे सातवें हवाई अड्डे की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं। उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ पेनसिल्वेनिया के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड एप्लाइड साइंसेज से पढ़ाई की है।

## एक नजर

### दिल्ली विस चुनाव की मतगणना आज

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनावों की मतगणना शनिवार को सुबह आठ बजे कड़ी सुरक्षा के बीच 19 केंद्रों पर शुरू होगी। सुचारू और निष्पक्ष मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके साथ ही दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर लड़ने वाले 699 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला हो जाएगा।




### 15 वर्षों से लापता व्यक्ति घर पहुंचा

**कोडरमा।** जिले के मरकच्चो थाना क्षेत्र के ग्राम कादोडीह से पंद्रह वर्ष पूर्व प्रकाश महतो लापता हो गया था। काफी खोजबीन के बाद भी कहीं पता नहीं चला तो परिजन प्रकाश महतो की आस छोड़ चुके थे। लेकिन, एकाएक मरकच्चो पुलिस ने शुक्रवार को जब प्रकाश महतो को उनके परिजनों से मिलाया तो वहां मौजूद सभी लोगों की आंखें खुशी से नम हो आईं। उनकी पत्नी गीता देवी के साथ पुत्र शूजल और पुत्री रानी की आंखें भर गईं। जानकारी अनुसार प्रकाश महतो कोलकाता में कारपोरेशन में काम करता था।

### हरियाणा के फरीदाबाद में शुरू हुआ सूरजकुंड मेला

**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद में शुक्रवार को 38वां अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड हस्तशिल्प मेला शुरू हुआ। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इसका उद्घाटन किया। इस उत्सव में 42 देशों के 648 कलाकार शामिल हो रहे हैं। यह मेला 23 फरवरी तक चलेगा। सूरजकुंड मेले में हमेशा की तरह स्थानीय हस्तशिल्प की धूम है। विदेशों से आए शिल्पियों ने भी हाथों से बने सामानों की प्रदर्शनी लगाई है।

## दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री और कोयला मंत्री से मिले राधाकृष्ण किशोर

# झारखंड का बकाया 1.36 लाख करोड़ की मांग की

### राज्य के वित्त मंत्री ने स्मार पत्र दे बकाया राशि के भुगतान का किया आग्रह

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**



**रांची/नई दिल्ली।** राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान शुक्रवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और कोयला मंत्री किशन रेड्डी से मुलाकात की। उन्होंने झारखंड के कोयला खनन क्षेत्र में 1.36 लाख करोड़ बकाए राशि के लिए केंद्र से की गई मांग को लेकर एक लिखित स्मार पत्र उन्हें दिया और बकाया राशि का भुगतान करने का आग्रह किया। राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने उन्हें बताया कि झारखंड की आय के अपने आंतरिक स्रोतों में वृद्धि कर सामाजिक आर्थिक उन्नति के लिए प्रयासरत हैं। झारखंड राज्य के समुचित विकास के लिए केंद्र के जरिए आर्थिक सहयोग आवश्यक है। वित्त मंत्री ने दोनों केंद्रीय मंत्रियों से झारखंड का बकाया एक लाख 36 हजार करोड़ रुपए की राशि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। केंद्रीय कोयला मंत्री किशन रेड्डी ने कोयला मंत्रालय के अपर सचिव स्मिता प्रधान को बुलाकर निर्देश दिया कि यथाशीघ्र भारत सरकार के कोयला मंत्रालय तथा झारखंड सरकार के खनन मंत्रालय के अधिकारियों की टीम गठित कर सौहार्दपूर्ण बैठक कर वास्तविक बकाए की राशि की गणना करें, ताकि कोयला खनन के शीर्ष में झारखंड को बकाया राशि का भुगतान किया जा सके। इधर, मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने शुक्रवार को केंद्रीय वित्त मंत्री से वर्ष 2024-25 में झारखंड राज्य के लिए सहायता अनुदान अनुमानित निर्धारित लक्ष्य 16961.35 करोड़ रुपए की शेष राशि 12152.46 करोड़ रुपए उपलब्ध कराने का आग्रह किया।

## आरबीआई ने की रेपो रेट में कटौती की घोषणा

# बैंक लोन होगा सस्ता ईएमआई में आएगी कमी



- तेज होगी विकास की रफ्तार
- रिजर्व बैंक ने पांच साल के बाद की है रेपो रेट में कटौती

### मौद्रिक नीति की खास बातें

- रेपो रेट 0.25 फीसदी घटाकर 6.50 से 6.25 फीसदी की गई।
- 'तटस्थ' मौद्रिक नीति रुख जारी रहेगा।
- वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि दर 6.7 फीसदी रहने का अनुमान।
- वित्त वर्ष 2025-26 में मुद्रास्फीति (महंगाई दर) घटकर 4.2 फीसदी पर आने का अनुमान। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी 4.8 फीसदी रहने की संभावना।
- खाद्य मुद्रास्फीति के दबाव में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद।
- मुख्य मुद्रास्फीति में वृद्धि की उम्मीद, लेकिन यह मध्यम रहेगी।
- बैंकों का विशेष इंटरनेट डोमेन 'बैंक डॉट इन' होगा।
- बैंकिंग इकाइयों के लिए इंटरनेट डोमेन 'फिन डॉट इन' होगा।
- आरबीआई ने वैश्विक आर्थिक पृष्ठभूमि को चुनौतीपूर्ण बताया।
- भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत व जुझारू बनी हुई है।
- चालू खाते के घाटे के टिकाऊ स्तर के भीतर बने रहने की उम्मीद।

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नीतिगत दर रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती की है। इस कटौती के बाद रेपो रेट 6.5 फीसदी से घटकर 6.25 फीसदी हो गया। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। रेपो रेट में इस कटौती से होम लोन, ऑटो लोन, पर्सनल लोन आदि पर ब्याज दर कम होगा। साथ ही, ईएमआई भी घटेगी। लोन पर ब्याज दर कम होने से देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और देश के विकास की रफ्तार तेज होगी।

संजय मल्होत्रा ने तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के बाद लिए गए फैसले की जानकारी पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि छह सदस्यीय समिति ने आम सहमति से रेपो रेट को 0.25 फीसदी से घटाकर 6.25 फीसदी करने का निर्णय किया है। रेपो रेट (अल्पकालिक उधार दर) में 0.25 फीसदी की कटौती किए जाने का मध्यम वर्ग को लाभ मिलेगा। इससे मासिक किस्तों (ईएमआई) पर पड़ेगा। रेपो रेट में कटौती की घोषणा के बाद आम आदमी को होम लोन, वाहन लोन, पसर्नल लोन की ईएमआई में राहत मिल सकती है।

शेष पेज 11 पर

### वर्ष 2025-26 में 6.7 फीसदी की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.7 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। साथ ही, 31 मार्च को समाप्त हो रहे चालू वित्त वर्ष 2024-25 में आर्थिक वृद्धि दर 6.4 फीसदी अनुमानित है।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को बताया कि रबी फसल की अच्छी संभावनाओं तथा औद्योगिक गतिविधियों में अपेक्षित सुधार से अगामी वित्त वर्ष 2025-26 में आर्थिक वृद्धि को समर्थन मिलेगा। उन्होंने तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के बाद कहा कि केंद्रीय बजट 2025-26 में कर राहत से घरेलू खपत मजबूत रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वास्तविक जीडीपी

शेष पेज 11 पर

### डिजिटल भुगतान होगा सुरक्षित, 'बैंक डॉट इन' और 'फिन डॉट इन' बनेगा

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने डिजिटल भुगतान में धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों से निपटने के लिए बड़ा और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बैंकों और गैर-बैंकिंग इकाइयों के लिए विशेष इंटरनेट डोमेन - 'बैंक डॉट इन' और 'फिन डॉट इन' - शुरू किए जाने की घोषणा की है। आरबीआई के गवर्नर ने शुक्रवार को मौद्रिक नीति समिति की समीक्षा बैठक की जानकारी देते हुए कहा कि डिजिटल भुगतान में धोखाधड़ी के बढ़ते मामले गंभीर चिंता का विषय है। इससे निपटने के लिए आरबीआई इस साल अप्रैल से बैंकों के लिए विशेष इंटरनेट डोमेन 'बैंक डॉट इन' शुरू कर रहा है। साथ ही, आगे गैर-बैंकिंग वित्तीय इकाइयों के लिए 'फिन डॉट इन' शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य साइबर सुरक्षा खतरों और 'फिशिंग' जैसी दुर्भावनापूर्ण

शेष पेज 11 पर

## पत्रकारों को निजी डाटा रिलीज करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता : हाईकोर्ट

**ब्यूरो**

- **कोर्ट ने कहा, एसआईटी ने पत्रकारों से निजी सवाल कर अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाने का काम किया है**

**नई दिल्ली।** मद्रास हाईकोर्ट के जस्टिस जीके लाल्थिरायन ने एक बड़ा फैसला सुनाते हुए दो टूक कहा है कि पत्रकारों को निजी डाटा रिलीज करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है। यह पूरी तरह फ्रीडम ऑफ स्पीच के विरुद्ध है। जस्टिस जीके लाल्थिरायन ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि उनका मानना है कि यदि कोई इस तरह से पत्रकारों पर दबाव बना रहा है, तो यह उत्पीड़न है। मालूम हो कि अन्ना यूनिवर्सिटी से जुड़े एक मामले में एसआईटी यौन उत्पीड़न केस में जांच कर रही थी। उस जांच के दौरान ही एजेंसी ने कई पत्रकारों से 50 से भी ज्यादा सवाल पूछे थे। उनसे सवाल किया गया था कि वे विदेश में कहां-कहां गए थे, उनके पास कितना पैसा है। इसके अलावा भी कई निजी सवाल उनसे पूछे गए थे। अब जब कोर्ट को इस बात की जानकारी मिली, उनकी तरफ से पत्रकारों के पक्ष में कहा गया। जस्टिस जीके लाल्थिरायन ने कहा कि यदि पत्रकारों से निजी डाटा मांगा जा रहा है, उनसे निजी जानकारी हासिल करने की कोशिश हो रही है, ये बस प्रेस को उत्पीड़न करने का एक तरीका है। प्रेस फ्रीडम और निजता दोनों ही एक साथ जुड़े हुए हैं। जस्टिस जीके लाल्थिरायन ने इस बात पर भी जोर दिया कि जो सवाल पूछे गए, उन्हें देख लगता है कि वे

शेष पेज 11 पर

### कौशल भारत कार्यक्रम को वर्ष 2026 तक जारी रखने को मंजूरी

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को वर्ष 2022-23 से वर्ष 2025-26 की अवधि के लिए 8,800 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ केंद्रीय क्षेत्र योजना 'कौशल भारत कार्यक्रम' (एसआईपी) को वर्ष 2026 तक जारी रखने और पुनर्गठन को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कार्यबल विकास को मजबूत करने और कौशल को देश की आर्थिक वृद्धि की रीढ़ बनाने के कार्यक्रम को मंजूरी प्रदान की। शेष पेज 11 पर

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

## इंडिया

# जब मां या सेना का जवान देश के अंदर हथियार उठा ले



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

जब एक ममता से भरी घरेलू महिला या शिक्षित युवती या सेना के प्रसिद्ध अनुशासन में सधा जवान यदि अपनी जानमाल की सुरक्षा के लिए हथियार उठा ले तो समाज के हर अंग को इसे एक गंभीर संकेत मानना चाहिए क्योंकि इन्हें सहनशीलता और सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है। इसीलिए दोनों को समाज में बहुत ही सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। बीते दिन नगड़ी में दोहरे हत्याकांड में एक सेना के जवान को मुख्य साजिशकर्ता बताया गया और रांची एसएसपी के सामने जब यह सवाल पूछा गया कि जिसकी हत्या का आरोप आप पर है उसने पैसे लेकर जब आपको जमीन नहीं दी तो आप पुलिस के पास क्यों नहीं गए तो जवान का कहना था कि पुलिस क्या करती मामले को टाल देती ! उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पूर्व पुलिस के वरीय अधिकारियों ने थानों को निर्देश दिया था कि वे भूमि विवादों से दूर रहें। 1932 के बाद झारखंड के अधिकांश भूभाग में भूमि सर्वेक्षण का काम पूरा नहीं हुआ और 90 के दशक में सर्वेक्षण हुआ भी उसकी रिपोर्ट अभी तक जारी नहीं हुई।इसी प्रकार ऑनलाइन को समाधान माना गया पर अधिकांश लोगों की जमीन का रिकॉर्ड जब ऑनलाइन किया गया तब उसमें बड़ा खेल हुआ या लापरवाही हुई ।इस ऑनलाइन रिकॉर्ड में खाता नंबर है पर प्लॉट नंबर के स्थान में शून्य कर दिया गया ।इन रैयतों की रसीद नहीं कट रही और न तो वे अपनी भूमि बेच सकते हैं और न उसपर ऋण ले सकते हैं।लाखों करोड़ों लोग उस गलती का खामियाजा भुगत रहे हैं जो उन्होंने की ही नहीं और जिन्होंने जानबूझकर या लापरवाही से ऐसा किया है वे ऑनलाइन एंट्री के नाम पर प्रति डिसमिल 5 हजार रुपए रिश्वत की मांग कर रहे हैं।ये अलग बात है कि रांची जिला प्रशासन ने इस पर काम शुरु किया है और कैंप लगाए हैं पर अभी भू राजस्व के लोगों को टालने का और बहाना मिल गया है कि अभी कैंप में व्यस्त हैं।राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार 2022 में झारखंड में 1,550 हत्याएं दर्ज की गईं। झारखंड में सबसे अधिक हत्याएं लाभ और राजनीतिक कारणों से हुईं। अधिकांश पीड़ित 18 से 30 वर्ष की आयु के थे।झारखंड में हत्या के कारणों में व्यक्तिगत दुश्मनी, भूमि विवाद, प्रेम संबंध, दहेज और अवैध संबंध शामिल हैं।2022 में, झारखंड में भारत में सबसे अधिक हत्या दर थी, जहां प्रति 100,000 लोगों पर 4 हत्याएं होती थीं । यह प्रति 100,000 लोगों पर 2.1 हत्याओं के राष्ट्रीय औसत से लगभग दोगुना था। गत वर्ष झारखंड में दिसंबर माह में 121 हत्याएं हुईं जिनमें 117 सामान्य हत्या श्रेणी में दर्ज हैं। झारखंड के युवा और ऊर्जावान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बहुत सक्रियता से काम कर रहे हैं और एक बार उन्होंने बोला भी था कि अंचल कार्यालय से बिचौलियों को भगाना है उनसे लोगों को उम्मीद है कि जान लेने या देने पर उतारू झारखंड के लोगों को न्याय दिलाने के लिए ऑनलाइन रिकॉर्ड में भू राजस्व विभाग की गलती को उन्हें ही सुधारने का आदेश देंगे और 2011से लागू सेवा का अधिकार कानून को शीघ्रातिशीघ्र प्रभावी बनाएंगे ताकि भविष्य में भ्रष्टाचार पर भी रोक लग सके और निर्दोषों की हत्या पर भी।



## नहीं रहे श्रीराम मंदिर की पहली ईंट रखने वाले कामेश्वर चौपाल

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क**



- **प्रधानमंत्री ने जताया शोक अनन्य रामभक्त बताया**

**नई दिल्ली।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए पहली र्ईंट रखने वाले राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कामेश्वर चौपाल का गुरुवार की रात यहां निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। वनवासी कल्याण केंद्र, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जैसे राष्ट्रवादी संगठनों के साथ मिलकर सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले चौपाल ने यहां सर गंगाराम अस्पताल में आखिरी सांस ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कामेश्वर चौपाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कामेश्वर चौपाल को एक समर्पित रामभक्त बताया, जिन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी ने कामेश्वर चौपाल के साथ अपनी शेष पेज 11 पर

# भारत की समृद्धि सांस्कृतिक समरसता से भी तय होती है : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को राजभवन में अंतरराज्य छात्र जीवन दर्शन (स्टूडेंट्स एक्सपीरिएंस इन इंटर स्टेट लिविंग-सील) के तहत झारखंड आए राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा-2025 के प्रतिभागियों से संवाद किया।

उन्होंने कहा कि हमारा देश विविधता में एकता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की समृद्धि केवल आर्थिक विकास से नहीं, बल्कि सांस्कृतिक समरसता और आपसी सहयोग से भी तय होती है। राज्यपाल ने कहा कि यह यात्रा युवाओं को देश के विभिन्न राज्यों की यात्रा कर वहां की संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक संरचना को समझने का अद्भुत अवसर प्रदान करेगी। यह हर्ष का विषय है कि सील 1966 से राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ कर रहा है। सीमावर्ती एवं सुदूर क्षेत्रों के छात्रों को भारत के अन्य भागों के लोगों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र-एक जन-एक संस्कृति केवल एक नारा नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक, सामाजिक और भावनात्मक एकता का वास्तविक प्रतिबिंब है।



### झारखंड की अनूठी सांस्कृतिक विरासत को समझने का अवसर

राज्यपाल ने झारखंड की समृद्ध जनजातीय संस्कृति का उल्लेख करते हुए कहा कि सील के माध्यम से देशभर के युवाओं को झारखंड की अनूठी सांस्कृतिक विरासत को जानने और समझने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के निवासी हैं और झारखंड में राज्यपाल के रूप में छह माह का अनुभव अच्छा रहा है। उन्होंने इस प्रदेश की संभावनाओं, लोक संस्कृति और परंपराओं को अत्यंत समृद्ध बताया। उल्लेख किया कि पांच वर्ष पूर्व, नई दिल्ली में भी सील के लगभग 100 प्रतिभागियों से संवाद हुआ था। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे इस यात्रा के दौरान बने आपसी संबंधों को बनाए रखें। इस अवसर पर अरुणाचल प्रदेश के रुस्तम और असम की अनुमति राधा ने राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा-2025 के अपने अनुभव साझा किए और इसे एक अविस्मरणीय और शिक्षाप्रद यात्रा बतायी। राज्यपाल ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## राज्यपाल से मिले विधानसभा अध्यक्ष

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को झारखण्ड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल को झारखंड विधानसभा द्वारा प्रकाशित डायरी एवं कैलेंडर भेंट किया।

## मंत्री चमरा लिंडा ने खूंटी में संचालित विद्यालयों और छात्रावासों का किया निरीक्षण



**छात्रावास में भोजन की होगी व्यवस्था**

इस दौरान मंत्री ने छात्राओं से कहा कि जल्द ही छात्रावास में खाने की व्यवस्था करायी जाएगी। किसी भी छात्रा को अपने घर से चावल-दाल और सब्जी लेकर आने की जरूरत नहीं है।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सूबे के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने शुक्रवार को खूंटी में कल्याण विभाग द्वारा संचालित सरकारी विद्यालयों और जनजातीय बालक एवं बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री ने खूंटी के बिरसा मुंडा जनजातीय बालिका छात्रावास में रह रही छात्राओं से सीधा संवाद किया और छात्राओं की प्रतिभा और रुचि के आधार पर करियर बनाने की सलाह दी।

**■छात्रों के साथ मंत्री ने किया संवाद**

कल्याण मंत्री चमरा लिंडा बिरसा कॉलेज की छात्राओं से सीधा संवाद कर उनके रहने और खाने के इंतजाम के बारे में जानकारी ली। इस दौरान छात्रावास में रहने वाले छात्र-छात्राओं ने छात्रावास की समस्याओं से संबंधी एक ज्ञापन भी मंत्री को सौंपा। छात्रों ने छात्रावास में पेयजल, लाइब्रेरी, रसोइया और अन्य समस्याओं से अवगत कराया।

# सनातन और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के संवाहक रहे कामेश्वर चौपाल : बाबूलाल

### श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन से मंदिर निर्माण तक के साक्षी रहे कामेश्वर चौपाल : रविंद्र कुमार राय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने श्री राम जन्मभूमि आंदोलन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्व कामेश्वर चौपाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। श्री मरांडी ने कहा कि स्व कामेश्वर चौपाल सहज सरल व्यक्तित्व के धनी थे। कुशल संगठन कर्ता के साथ साथ वे कुशल वक्ता भी थे। उनका संपूर्ण जीवन राम काज केलिए समर्पित और संवाहक रहे। कहा कि राम को वे आराध्य ही नहीं बल्कि राष्ट्र पुरुष मानते थे। राम के बिना भारत की कल्पना नहीं की जा सकती।इस भाव को उन्होंने गांव गांव तक पहुंचाया। सनातन और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद केलिए उनका जीवन समर्पित रहा। कहा कि उनके साथ विहिप में संगठन कार्य साथ साथ करने का सुअवसर मिला जो स्मृतियों में शामिल है। भाजपा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने आज कामेश्वर चौपाल जी के निधन पर गहरी संवेदना प्रकट की है। कहा कि प्रभु श्रीराम दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।

**संयुक्त बिहार में झारखंड रहा उनका कार्य क्षेत्र, 24 उंगली के धनी व्यक्तित्व को मिला राममंदिर में पहली ईंट रखने का सौभाग्य**



डॉक्टर राय ने कहा कि स्व चौपाल विलक्षण व्यक्तित्व के धनी थे। पैर हाथ मिलकर उनकी 24 उंगलियां थी। कहा कि प्रभु श्रीराम ने उन्हें अपनी सेवा का विशेष अवसर प्रदान किया। वे रामजन्भूमि आंदोलन को गति प्रदान किया साथ ही मंदिर निर्माण के भी साक्षी बने। भव्य मंदिर की नींव में पहला ईंट रखने की बात युगों युगों तक याद रहेगी। स्व चौपाल श्री राम मंदिर के ट्रस्ट में भी शामिल थे। डॉ राय ने कहा कि एक कुशल संगठन कर्ता के रूप में एकात्मता यात्रा और रामशिला पूजन कार्यक्रम में झारखंड के गांव गांव तक उनका प्रवास हुआ। डॉक्टर राय ने कहा कि उनका जब समाज जीवन केलिए अपूरणीय क्षति है। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित प्रदेश भाजपा के नेताओं ने स्व चौपाल की आत्मा की शांति केलिए प्रार्थना की है।



**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन** ने शुक्रवार को अपने शादी की सालगिरह पर असम में विश्व प्रसिद्ध प्राचीन मां कामाख्या मंदिर में पूजा-अर्चना की। साथ ही सोशल मीडिया पर लिखा, मां कामाख्या सभी को सुखी, समृद्ध और स्वस्थ जीवन प्रदान करें, यही कामना करता हूं।

# झारखंड में पहली बार अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का होगा आयोजन

### 1228 लोग लेंगे हिस्सा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में पहली बार रांची के मरांग गोमके, जयपाल सिंह मुंडा खेल परिसर में अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन किया जा रहा। आयोजन डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देशन में किया जा रहा। 10 से 15 फरवरी तक रांची में 68 वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन 10 फरवरी को राज्यपाल करेंगे और 15 फरवरी को मुख्यमंत्री समारोह का समापन करेंगे।

आयोजन की जानकारी आईजी असीम विक्रांत मिंज द्वारा सीआईडी मुख्यालय में शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी गई। अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का आयोजन सबसे पहले वर्ष 1953 में राइफल, रिवॉल्वर शूटिंग प्रतियोगिता के रूप में प्रारंभ किया गया था। इसका उद्देश्य व्यावसायिक प्रदर्शन के मानकों को सभी पुलिस संगठनों के कर्मियों के बीच सर्वश्रेष्ठीकरण को प्रोत्साहित करना था। जैसे-जैसे इस आयोजन की सफलता और लोकप्रियता बढ़ी, इस पुलिस ड्यूटी मीट में और भी प्रतियोगिताओं को शामिल किया गया। उदाहरण के लिए 1954 में फर्स्ट एंड एम्बुलेंस ड्रिल को शामिल किया गया था। वर्ष 2010 में कमांडों प्रतियोगिता को शामिल किया गया। आईजी असीम विक्रांत मिंज ने बताया की प्रतिभागियों और इवेंट्स की संख्या बढ़ने के कारण वर्ष 1999 में अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट को मुख्य तीन भागों में बांटा गया।



## आदिवासियों को नौकरी से वंचित करने के विरोध में किया राजभवन मार्च

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्र द्वारा आदिवासियों को नौकरियों से वंचित रखने के विरोध में शुक्रवार को आदिवासी अधिकार मंच ने ने राजभवन मार्च किया। इसका नेतृत्व मंच के अध्यक्ष प्रफुल्ल लिंडा और राष्ट्रीय संयोजक पूर्व सांसद डॉ पुलिन बिहारी बास्के ने किया। मार्च शहीद चौक से कचहरी चौक होते हुए राजभवन तक किया गया। राजभवन जाकर 17 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। मौके पर बास्के बोले, केंद्र सरकार निजीकरण की नीति अपनाकर आदिवासियों को नौकरी से वंचित कर रही है। निजीकरण कर बैकलॉग के तहत लोगों को नौकरी न मिले, ऐसी नीतियां लाई जा रही हैं। इसमें आदिवासियों को उनके अनुपात के अनुसार आरक्षण देने, केंद्रीय अस्थाई नौकरियों में भी आरक्षित कोटा लागू करने, निजी क्षेत्र में भी आरक्षण लागू करने, एसटी बैकलाग के तहत रिक्तियां को भरने, निजीकरण नीति को रद्द करने आदि की मांग की गई।

मौके पर सुखनाथ लोहरा, प्रकाश टोप्पो, बुधराम उरांव, कीर्ति सिंह मुंडा, बीणा लिंडा, मनसाराम लोहरा, देवी सिंह पहाड़िया, जरमन देहरी, सनातन देहरी, कृपा एक्का, पुष्पा तिर्की सहित अन्य शामिल थे।



## प्रो बीपी सिन्हा ने रेडियो खांची के निदेशक पद से इस्तीफा दिया

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के सामुदायिक रेडियो स्टेशन रेडियो खांची, 90.4 एफएम के निदेशक डॉ बीपी सिन्हा ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। डॉ सिन्हा पूर्व में रांची विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन के निदेशक भी थे, लेकिन नए निदेशक की नियुक्ति के बाद वह रेडियो खांची के निदेशक पद पर बने हुए थे। उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से इस पद से इस्तीफा दे दिया।

# नामकुम में डीजल लदे टैंकर पलटने से लगी आग

### चार घंटे तक रांची-टाटा रोड पर आवागमन रहा बंद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

थाना क्षेत्र के रांची-टाटा रोड पर डीजल लदा टैंकर पलटने से उसमें आग लग गई और पूरा टैंकर जलकर राख हो गया। घटना शुक्रवार को दिन के लगभग 12 बजे की है, टैंकर (एनएल 01एए 9573) डीजल लेकर रांची से बुंडू की ओर जा रहा था। उसी दौरान रायशा मोड़ के पास टैंकर का अगला चक्का डिवाइडर से टकरा गया और टैंकर अनियंत्रित होकर पलटने के बाद घिसटते हुए लगभग 100 मीटर दूर तक चला गया। इस दौरान टैंकर से निकली चिंगारी से डीजल में आग लग गई और धीरे-धीरे उठता धुआं आग में बदल गया। टैंकर जलने से 12:30 से 4:30 बजे तक आवागमन बंद हो गया और दोनों ओर वाहनों की एक किमी तक कतार लग गई। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोग जुट गए जिससे पुलिस को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौके पर तीन दमकल बुलाए गए, परंतु टैंकर में लगी आग पूरा डीजल खत्म होने के बाद ही बुझा पाए। आग बुझने के बाद लगभग एकलेन में आवागमन चालू कराया गया। पुलिस के अनुसार जले टैंकर को हटाने के बाद ही दूसरे लेन से आवागमन शुरू हो पाएगा। हालांकि खबर लिखे जाने तक टैंकर के मालिक की ओर से थाने में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी। मौके पर उपस्थित समाजसेवी सह पूर्व रामपुर मुखिया महादेव मुंडा ने बताया कि टैंकर काफी तेज गति से जा रहा था, सड़क पर ढलान थी।



# पारस हॉस्पिटल में कटे होंठ और तालू वाले मरीजों का होगा नि:शुल्क इलाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय क्लेफ्ट दिवस 8 फरवरी को मनाया जाता है। बच्चों के क्लेफ्ट लिप (कटे होंठ) पर केंद्रित बड़ी एनजीओ स्माइल ट्रेन इंडिया ने पारस हेल्थकेयर हॉस्पिटल के साथ अपनी साझेदारी की है। जिसके तहत रांची में स्थित पारस हॉस्पिटल एचइसी में जन्मजात कटे होंठ और तालू वाले मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। पारस हॉस्पिटल में नए क्लेफ्ट सेंटर में पूरे साल मरीजों के लिए नि:शुल्क क्लेफ्ट सर्जरी उपलब्ध रहेगी। अस्पताल में क्लेफ्ट सर्जरी सर्जन डॉ. सोम रंजन पाठक कर रहे है। डॉ सोम रंजन 2019 से स्माइल ट्रेन से जुड़े हुए हैं। वे कई बच्चों का ऑपरेशन कर उनके चेहरे पर स्माइल देने का काम कर चुके हैं। उनके साथ कई अनुभवी डॉक्टरों की टीम भी कार्य कर रही है। ज्ञात हो कि स्माइल ट्रेन एक अंतरराष्ट्रीय गैर-लाभकारी संगठन है जो कटे होंठ और तालू वाले बच्चों के लिए सुधारात्मक सर्जरी प्रदान करता है। स्माइल ट्रेन जैसे संगठनों की बदौलत लाखों बच्चे मुस्कान और आत्मविश्वास से भरपूर जीवन जीने में सक्षम हो रहे हैं। पारस हॉस्पिटल एचईसी के मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने कहा कि एनजीओ स्माइल ट्रेन इंडिया के साझेदारी होने के बाद पारस हॉस्पिटल झारखंड में जन्मजात कटे होंठ और तालू वाले मरीजों के लिए नि:शुल्क पंजीकरण और सर्जरी की सुविधा प्रदान कर रहा है।



# सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की गलत व्याख्या ना करें मुख्यमंत्री : प्रतुल शाहदेव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने प्रदेश मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सर्वोच्च न्यायालय के राज्यों को बकाया राशि दिए जाने वाले आदेश की गलत तरीके से व्याख्या कर लोगों का ध्यान भटकाने का काम कर रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने 2024 के अगस्त में मिनरल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी बनाम स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया एवं अन्य के मामले में ऐतिहासिक निर्णय दिया था। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने इस निर्देश में यह स्पष्ट किया था कि यह आदेश उन सभी राज्यों पर भी लागू होगा जो इस केस में पार्टी नहीं थे। प्रतुल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पूरे तरीके से राज्य को उसका वाजिब हक दिलाने के लिए संकल्पित है। लेकिन मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा ने 1.36 लाख के जिस राशि का बार बार जिक्र किया है,वह कहां से आया इस पर ही बड़ा प्रश्न है।प्रतुल ने कहा कि राज्य सरकार 60000 करोड़ के करीब का मुआवजा इंटरेस्ट के रूप में मन रही है।जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने बकाया राशि में राज्य सरकारों को इंटरेस्ट लेने से रोक लगाई थी।

प्रतुल ने कहा कि इस जजमेंट में यह स्पष्ट है की जो राज्यों की बकाया राशि है वह 12 वर्षों में 12 किस्तों से दी जाएगी। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के पॉइंट 27.2 में स्पष्ट वर्णित है कि बकाया राशि के किश्तों का भुगतान 1 अप्रैल ,2026 से शुरू होना है जो कि 1 अप्रैल, 2037 तक चलेगा।प्रतुल ने कहा इसी जजमेंट के पॉइंट 27.3 में सर्वोच्च न्यायालय का निर्देश है कि 25 जुलाई ,2024 से पहले का कोई भी इंटरेस्ट और पेनेल्टी का आकलन नहीं किया जाएगा।

प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने सर्वोच्च न्यायालय के इसी निर्देश का 14 अगस्त ,2024 को स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया था।



- ■सर्वोच्च न्यायालय के माडा बनाम सेल एवं अन्य के निर्णय में कहीं भी झारखंड के लिए बकाया 1.36 लाख करोड़ की राशि का जिक्र नहीं
- ■झारखंड को उसका वाजिब हक दिलाने के लिए झारखंड भाजपा संकल्पित

## राष्ट्रपति के दौरे को लेकर उपायुक्त ने तैयारियों का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बीआईटी मेसरा के प्लेटिनम जयंती समारोह के अवसर पर 15 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का रांची आगमन होगा। आगमन की तैयारी को लेकर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम ने शुक्रवार को बीआईटी मेसरा के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल पर बैठक करते हुए सुरक्षा के सभी मानकों एवं पूरी व्यवस्था पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, पार्किंग और अन्य तैयारियों ससमय पूरा करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। सुरक्षा के सभी मानक पर कार्य करते हुए रूट प्लान, ट्रैफिक प्लान, मार्ग में पड़ने वाले क्षेत्रों की बैरिकेडिंग की जा रही है। वाहनों की जांच भी की जा रही है। बैठक में बीआईटी मेसरा के कुलपित डॉ इंद्रनिल मन्ना, डीआईजी चंदन कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त, दिनेश कुमार यादव, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार, अपर समाहर्ता रामनारायण सिंह, अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक, जिला नजारत उप समाहर्ता डॉ सुदेश कुमार एवं पदाधिकारी मौजूद थे।



## न्यूज | बॉक्स

### एक मार्च को अपना पक्ष हाईकोर्ट में रखेंगे सिंदरी विधायक

रांची। विधानसभा चुनाव में सिंदरी विधानसभा से सीपीआई माले के प्रत्याशी चंद्रदेव महतो ने जीत दर्ज की। इस चुनाव में ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक से प्रत्याशी हीरालाल शंखवार थे। हीरालाल शंखवार ने व्यक्तिगत रूप से हाईकोर्ट में उपस्थित होकर चंद्रदेव महतो पर आरोप लगाते हुए चुनाव याचिका दायर की। उन्होंने कहा कि चंद्रदेव महतो गलत तरीके से चुनाव जीते हैं। हीरालाल शंखवार ने आरोप लगाया है कि निर्वाचन क्षेत्र संख्या 38 सिंदरी विधान सभा के विधायक चंद्रदेव महतो ने चुनाव में नामांकन पत्र सही नहीं भरा है। तथ्यों को छिपाया है, अपाराधिक पृष्ठभूमि की जानाकरी नहीं दी है, सजा होने का कोई जिक्र नहीं किया है। दूसरे चुनाव प्रचार में सीपीआई माले पार्टी के नाम में हेरफेर किए हैं, पम्पलेट भी गलत छपा है। इसलिए इनका नामांकन पत्र स्वीकृत भी नहीं किया जाना चाहिए था। चंद्रदेव महतो के नामंकान खारिज करने की चुनाव याचिका दायर की। शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की आदालत में सुनवाई हुई। वहीं हीरालाल संखवार के अधिवक्ता अरविंद कुमार लाल ने बताया है कि 21 मार्च 2025 को न्यालय ने दूसरे पक्ष सीपीआई माले से सिंदरी के विधायक चंद्रदेव महतो को अपना पक्ष रखने का नोटिस जारी किया है।

### झामुमो से सर्वाधिक जोड़नेवाले मंडली सदस्य को पार्टी 10 हजार रुपए पुरस्कार देगी : मुश्ताक

**रांची।** झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली की बैठक गुरुवार को संयोजक प्रमुख मुश्ताक आलम की अध्यक्षता में अनगड़ा डाक बंगला में हुई। मुख्य अतिथि सिल्ली विधायक अमित महतो की उपस्थिति झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली द्वारा प्रखंड स्तरीय संयोजक मंडली गठित की गई। संयोजक मंडली द्वारा सर्वसम्मति से अनगड़ा प्रखंड के लिए 25 सदस्यीय संयोजक मंडली और नामकुम प्रखंड के लिए 20 सदस्यीय संयोजक मंडली गठित की गई। झामुमो अनगड़ा प्रखंड संयोजक प्रमुख जगेश्वर महतो और नामकुम प्रखंड संयोजक प्रमुख मोजाहिद हुसैन बनाए गए हैं। मुश्ताक आलम ने पार्टी को पंचायत स्तर तक मजबूत करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सर्वाधिक सदस्य जोड़ने वाले पंचायत पदाधिकारी को 10 हजार रुपये देकर पुरस्कार दिया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ हेमलाल मेहता ने किया। मौके पर मधुसूदन मुंडा, रिझुआ मुंडा, अमानुल्लाह अंसारी, मायाराम बेदिया, पूरन बेदिया, गणेश बेदिया, सीताराम पातर, अमित सिंह मुंडा, दिनेश प्रजापति, धनेश्वर मुंडा, कृष्णा शंकर महतो, सज्जाद अंसारी, बाबूलाल मुंडा, राजू प्रमाणिक, खेदा महली, राजकिशोर महतो, वनमाली महतो आदि को अनगड़ा प्रखंड संयोजक सदस्य बनाया गया है। मौके पर पवन जेडिया, अश्विनी शर्मा, डॉ हेमलाल मेहता, बीरू तिर्की, नयनतारा उरांव, संध्या गुड़िया और सोनू मुंडा आदि मौजूद थे।

### उत्तरी हवाओं से रांची में गिरा चार डिग्री पारा

**रांची।** राज्य भर में चल रही उत्तरी पश्चिमी हवाओं के कारण ठंड में फिर से बढोत्तरी हो गई है। यही वजह है कि एक ही दिन में तापमान में चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। गुरुवार को जहां रांची में अधिकतम तापमान 26.3 डिग्री था वह शुक्रवार को बढ़कर 30 डिग्री, जबकि न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री के मुकाबले शुक्रवार को 16.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस संबंध में मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि देश के उत्तरी हिस्से में हुई बर्फबारी की वजह से आनेवाली ठंडी हवाएं रूक गईं थी, लेकिन अब ये हवाएं देश के मध्य वर्ती और पूर्वी हिस्सों में आ रही हैं, जिससे ठंड में बढोत्तरी हुई है। उन्होंने बताया कि 10 फरवरी से फिर से तापमान में बढोत्तरी होगी। पिछले 24 घंटों में राज्य में सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 35.4 डिग्री और सबसे कम तापमान 12.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं शुक्रवार को जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 33 और न्यूनतम 16.5, बोकारो में 33.1 और 17.1, चाईबासा में 33.4 और 17.6 तथा देवघर में अधिकतम तापमान 32.3 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।




### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह

# विद्यार्थी अपने ज्ञान से ही समाज में बदलाव लाने में सक्षम होंगे : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि बच्चों ने कठिन परिश्रम, समर्पण और संघर्ष से ज्ञान और कौशल अर्जित किया है। वे समाज और राष्ट्र निर्माण का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित होंगे। विद्यार्थी अपने ज्ञान और नेतृत्व से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्षम रहेंगे। शुक्रवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में डॉ. रामदयाल मुंडा फुटबॉल मैदान में छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सत्य और प्रकाश की ओर चलना है। ज्ञान का सही उपयोग कर वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सक्षम होंगे। भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीयता और शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान रहेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति को नई दिशा प्रदान की है और भारतीय समाज को जागरूक और शिक्षित बनाने का कार्य किया है। ज्ञान प्राप्ति के साथ विद्यार्थियों को सम्मानपूर्वक और जिम्मेदारी से अपनी भूमिका निभानी होगी। प्रत्येक विद्यार्थी को समाज के कल्याण के लिए अपनी भूमिका निभानी होगी। विश्वविद्यालय आने वाले समय में शिक्षा, शोध और नवाचार के क्षेत्र में नया कार्य करेगा और समाज को प्रेरित कर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कॉलेज अपनी परंपरा को बौद्धिक रूप से पहचान बना रहा है और ज्ञान व अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। शिक्षा के माध्यम से अपनी संस्कृति को सम्मान देना चाहिए। आज का युवा भारत शक्ति का प्रतीक है। वह अपने ज्ञान और कौशल से देश को सशक्त भारत बना रहा है। वैश्विक मंच पर भारत कौशल और तकनीकी के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने सपनों को राष्ट्र निर्माण में जोड़ें और 2047 में एक विकसित भारत के निर्माण में योगदान दें।




● 183 छात्रों को राज्यपाल ने गोल्ड मेडल से किया सम्मानित

**दो छात्रों को मिले 11 हजार रुपए**

और 2022-2024 की स्नातकोत्तर परीक्षा में प्रथम श्रेणी में पहला स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति मेधा सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके अंतर्गत 11 हजार रुपये के साथ सम्मान फलक बांटा गया। सत्र 2021-23 के लिए रीतु कुमारी और सत्र 2022-24 के लिए मानस कुमार को यह पुरस्कार दिया गया।

## इन सत्रों को दिया गया गोल्ड मेडल

इनमें ओवरऑल टॉपर्स पोस्ट ग्रेजुएट सत्र 2021-23 से 5, गोल्ड मेडलिस्ट पोस्ट ग्रेजुएट सत्र 2021-2023 के 42 छात्र, ओवरऑल टॉपर्स पोस्ट ग्रेजुएट सत्र 2022-2024 के 5 छात्र, गोल्ड मेडलिस्ट पोस्ट ग्रेजुएट सत्र 2022-2024 के 40 छात्र, ओवरऑल टॉपर्स अंडरग्रेजुएट सत्र 2020-2023 से 5 विद्यार्थी, गोल्ड मेडलिस्ट अंडरग्रेजुएट सत्र 2020-2023 के 40 विद्यार्थी, ओवरऑल टॉपर्स अंडरग्रेजुएट सत्र 2021-2024 के 5 विद्यार्थी, गोल्ड मेडलिस्ट अंडरग्रेजुएट सत्र 2021-2024 के 40 विद्यार्थी को सम्मानित किया गया। अंडर ग्रेजुएट सत्र 2020-2023 के 2076 विद्यार्थी, अंडर ग्रेजुएट सत्र 2021-2024 के 2662 विद्यार्थी, कुल 4738 विद्यार्थी: पोस्ट ग्रेजुएट सत्र 2021-2023 के 1921 विद्यार्थी और 2022-2024 के 1738 विद्यार्थी, कुल 3659 विद्यार्थी: अंडरग्रेजुएट सत्र 2020-2023 के 856 विद्यार्थी और 2021-2024 के 1270 विद्यार्थी, कुल 2160 विद्यार्थी: पोस्ट ग्रेजुएट सत्र 2021-2023 के 1107 विद्यार्थी और सत्र 2022-2024 के 960 विद्यार्थी, कुल 2067 विद्यार्थी को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

# बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में एग्रोटेक किसान मेला आज से

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



किसानों, कृषक महिलाओं एवं युवा उद्यमियों को उन्नत कृषि, पशुपालन, वानिकी, डेयरी, जैव प्रौद्योगिकी, कृषि यंत्रीकरण, खाद्य प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्द्धन तथा घरेलू एवं अन्य कुटीर उद्योगों से संबंधित आधुनिक तकनीकों की जानकारी देने के उद्देश्य से बिरसा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 8 से 10 फरवरी तक एग्रोटेक किसान मेला 2025 का आयोजन किया जा रहा है क मेला का केन्द्रीय विषय वस्तु कृषि उत्पादकता, सुरक्षित खाद्य एवं पर्यावरण संरक्षण है। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुनील चन्द्र दुबे ने बताया कि मेला में लगभग 120 स्टाल लगाये गए हैं जिनमे बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न विभाग, संकाय, 11 महाविद्यालय, इकईयां, तीन क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र एवं 24 कृषि विज्ञान केन्द्रों के अलावा झारखण्ड में कार्यरत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के शोध संस्थान, कृषि से संबंधित विभाग, बीज, कृषि यंत्र एवं उर्वरकों के निमार्ता एवं बिक्रेता, बैंक एवं वित्तीय संस्थान तथा स्वयंसेवी संगठन अपनी तकनीक, सेवाएँ एवं उत्पाद प्रदर्शित करेंगे।

मेला का उदघाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पूर्वाहन 11 बजे करेंग। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा तथा भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान, नामकुम के निदेशक डॉ सुजय रक्षित उद्घाटन समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे। समापन समारोह 10 फरवरी को अपरहण 2.30 बजे होगा जिसके मुख्य अतिथि राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार होंगे। समापन समारोह में विधान सभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की तथा कृषि सचिव अबूबकर सिद्दीख भी विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेंग। मेला के दूसरे दिन 9 फरवरी को महिला कृषक गोष्ठी में कृषि मंत्री तथा विधायक कल्पना सोरेन भी अतिथि के रूप में भाग लेंगी। पशु-पक्षी प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप होंगे। राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान, नामकुम के निदेशक डॉ अभिजीत कर भी इस प्रदर्शनी के अतिथि होंगे। इस अवसर पर फल, फूल, सब्जी, मसालों, सजावटी, औषधीय एवं सगंधीय पौधों से संबंधित उद्यान प्रदर्शनी, पशु-पक्षी प्रदर्शनी, कृषि यंत्र प्रदर्शनी, किसान गोष्ठी, प्रायोगिक प्रक्षेत्रों का परिभ्रमण का भी आयोजन किया जा रहा है क तीनों दिन किसानों के लिए कृषि तकनीकों से संबंधित वीडियो फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा क इस राज्यस्तरीय आयोजन में प्रान्त के विभिन्न जिलों के किसान बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

## श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर में एकादशी तिथि पर होंगे विशेष अनुष्ठान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में एकादशी व्रत को ले विशेष अनुष्ठान होंगे। माघ मास शुक्लपक्ष की जया एकादशी व्रत का मान सबके लिए शनिवार को होगा। इसे भैमी एकादशी भी कहते हैं। तिरूपति बालाजी मंदिर में इस दिन प्रातः विश्वरूप दर्शन, सुप्रभातम और वैदिक तथा पांचरात्र विधि से नित्याराधन संपादन होगा। इसके बाद महाआरती,महाभोग और महास्तुति करके तदियाराधन, गोष्ठी, शठारी आदि विधि के पश्चात आम श्रद्धालु भक्तों के दर्शन -पूजा के लिएमंदिर गोपुरम फाटक को प्रातः 07 बजे से 12:00 तक एवं सायं 4:00 बजे से 7:00 तक खोल दिए जाएंगे। यह जया' नाम वाली एकादशी सब



पापों को हरने वाली उत्तम तिथि है। पवित्र होने के साथ ही पापों का नाश करने वाली है तथा मनुष्यों को भोग और मोक्ष प्रदान करती है। पिशाचत्व का भी विनाश करने वाली है । इसका व्रत करने पर मनुष्यों को कभी प्रेतयोनि में नहीं जाना पड़ता। इसलिए प्रयत्न पूर्वक जया' नाम की एकादशी का व्रत करना चाहिए।

## सेवा भारती, रांची महानगर का वार्षिकोत्सव कल से

**रांची।** सेवा भारती, रांची महानगर का वार्षिकोत्सव सह बाल मेला रविवार को डीएवी कपिलदेव स्कूल के निकट, कडरू मैदान में आयोजित किया गया है। इस एक दिवसीय समारोह में 76 बस्ती परिवर्तन केन्द्रों से जुड़े बालक-बालिकाएं एवं स्वावलंबन केन्द्र से जुड़ी महिलाओं की सहभागिता होगी। दिन भर के कार्यक्रम के दौरान पूर्वाह्न में सेवा बस्तियों के लगभग 1500 बच्चों के बीच कोलकता की अरण्यस सोसाईटी द्वारा उनकी विज्ञान के प्रति जिज्ञासा को जागृत करने हेतू कई वैज्ञानिक प्रदर्शन का कार्यक्रम होगा। इसी मध्य स्वावलबी महिलाओं की गोष्ठी आयोजित है। मौके पर देश भक्ति गीत प्रतियोगीता का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ आशा लकड़ा, पूर्व मेयर सह जनजातीय आयोग की राष्ट्रीय सदस्य रहेंगी।

### आज / कल




# डीएसपीएमयू मुख्य द्वार निर्माण में अनियमितता की जांच हो : मंच

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में निर्माणाधीन दो मुख्य द्वार के निर्माण कार्य में भारी अनियमितता सामने आ रही हैं। भवन निर्माण विभाग के तहत लगभग 1.32 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे इन द्वारों में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। संवेदक की मनमानी के खिलाफ अबुआ अधिकार मंच ने अभिषेक झा के नेतृत्व में भवन निर्माण विभाग के सचिव के नामित ज्ञापन सौंपा है। निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितता न केवल सरकारी धन की बर्बादी है, बल्कि जनता के



साथ बड़ा धोखा भी है। निर्माण में घटिया गुणवत्ता की सामग्री : ब्लैक स्टोन चिप्स का उपयोग, आवश्यक मशीनरी का उपयोग नहीं होने से संरचना की मजबूती पर असर पड़ेगा। डीपीआर में तय मानकों का पालन नहीं होने से गुणवत्ता में गिरावट आएगी। अबुआ अधिकार मंच के अभिषेक झा ने कहा, यह सिर्फ भ्रष्टाचार नहीं, जनता के पैसे और विश्वास की खुली लूट है। विभाग की नाक के नीचे यह अनियमितता कैसे हो रहा है? यदि विभाग ईमानदार है, तो उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर करवाई करे। अन्यथा हम आंदोलन को बाध्य होंगे। हम मांग करते हैं कि निर्माण कार्य की तकनीकी और वित्तीय जांच कर दोषी संवेदकों और अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई हो। विभाग जल्द कार्रवाई नहीं करती है, तो चरणबद्ध तरीके से प्रदर्शन किया जाएगा। भ्रष्टाचार के खिलाफ यह लड़ाई हर हाल में जारी रहेगी।

## पनाश में रैंप वॉक और फैशन शो का जलवा

**रांची।** जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस) में दो-दिवसीय वार्षिक उत्सव, पनाश- 2025 का समापन शुक्रवार को हुआ। इस अंतर कॉलेज उत्सव में एक्सआईएसएस के अलावा संत जेवियर्स कॉलेज और बीआईटी मेसरा के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। थीम- इकोफ्लेयर, था। इसमें सुंदरता को सतत विकास के साथ जोड़ा गया। कार्यक्रम में लाइव संगीत प्रस्तुतियों और रैंप वॉक, फैशन शो जैसी कई गतिविधियां हुईं।

### आनंद

## दूसरे दिन 4032 लोगों ने राजभवन उद्यान का किया भ्रमण



**रांची।** राज भवन उद्यान को आम नागरिकों के भ्रमण एवं परिदर्शन के लिए 6 से 12 फरवरी तक खोला गया है। शुक्रवार को दूसरे दिन 4032 लोगों ने राज भवन उद्यान का भ्रमण एवं परिदर्शन किया। उद्यान भ्रमण का समय पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक है। विदित हो कि उद्यान में प्रवेश राज भवन के गेट न. 2 से सुरक्षा जांचोपरांत 1 बजे अपराह्न तक है।

# महिला आयोग में 5 वर्षों से अध्यक्ष नहीं कहां जाएं महिलाएं अपनी समस्या लेकर

**काजल मेहता**

**रांची।** झारखंड राज्य को 15वें मुख्यमंत्री मिले लगभग 2 महीने हो चुके हैं, लेकिन झारखंड को पिछले 5 वर्षों से महिला आयोग की अध्यक्ष नहीं मिली पाई है। इस कारण लगभग 4 हजार से अधिक मामले लिफाफे में बंद है। झारखंड राज्य बने 24 वर्ष हो गए हैं वहीं राज्य में 15 वें मुख्यमंत्री ने नवंबर 2024 में शपथ लिया है। लेकिन राज्य की आधी आबादी की सहायता के लिए बनाए गए राज्य महिला आयोग में सिर्फ चार अध्यक्षों की नियुक्ति हुई। उस में भी पिछले 5 वर्षों से अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हो पाई है। जिस कारण कई मामले लंबित है। जिन महिलाओं ने अपनी शिकायतें दी है आयोग से उन्हें न्याय कैसे मिले, महिलाओं के पास दूसरा कोई और रास्ता क्या है जहां से न्याय मिल सके? समाज कल्याण विभाग पीड़ित महिलाओं को न्याय कैसे देता है। साथ ही महिलाओं को न्याय दिलाने में डालसा की क्या भूमिका है? इसके साथ ही महिला आयोग में अध्यक्ष ना होने से महिलाओं को किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आयोग में अध्यक्ष ना होने के कारण ऐसे कई मामले जो डालसा द्वारा सुलझाया जा सकता है, वह भी नहीं हो रहा है। महिलाओं की सहायत के लिए प्रशासन और सरकार की ओर से हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। हालांकि महिलाएं सभी जगह से हार कर अंत में महिला आयोग का सहारा लेती हैं। लेकिन जब आयोग में अध्यक्ष ही ना हो तो उन्हें न्याय कैसे मिल पाएगा।

## पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभाता है डालसा : तनुश्री सरकार






डालसा यानी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का काम, जरूरतमंद लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता देता है। यह सहायता, परामर्श, कानूनी सलाह और अदालती कार्यवाही में प्रतिनिधित्व के रूप में दी जाती है। डालसा का मकसद, विधिक सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। तनुश्री सरकार ने बताया कि डालसा राज्य के हर क्षेत्र में जाकर हर वर्ग के लोगों को कानूनी और अधिकारिक विषयों के बारे में बताता है। डालसा के पास प्रतिदिन कई ऐसे मामले भी आते हैं जो महिलाओं के खिलाफ अपराध के होते हैं। जिनकी सहायता डालसा द्वारा मुफ्त वकील देकर की जाती है। सीडब्ल्यूसी खूंटी की अध्यक्ष जिन्होंने पूर्व में डालसा में भी अपना योगदान दिया है। तनुश्री सरकार ने बताया कि झारखंड महिला आयोग में कई मामले आते हैं जिसमें कुछ ऐसे मामले होते हैं जो आयोग में हल नहीं होता है। ऐसे मामलों में डालसा और महिला आयोग के सांठ गांठ के साथ पीड़ित को सहायता दी जाती है। पिछले 5 वर्षों से आयोग में अध्यक्ष नहीं होने के कारण 4 हजार से भी ज्यादा मामले लंबित हैं। तनुश्री सरकार ने कहा पीड़ित पीएलवी यानी पैरा-लीगल वालंटियर्स के जरिए डालसा तक पहुंच कर अपने अधिकार और न्याय के लिए लड़ सकती है। डालसा किसी भी मामले को प्री-लिटिगेशन करवाती है।

## समाज कल्याण विभाग के पास आने वाले मामलों में होती है कार्रवाई : किरण पासी

झारखंड के समाज कल्याण विभाग भी महिलाओं के विकास और उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए काम करती है। समाज कल्याण विभाग का काम, समाज के वंचित वर्गों के बीच कल्याण के लिए योजनाएं बनाना और उसे लागू करना है। इन योजनाओं का मकसद, जरुरतमंद लोगों को विकास में लाना और उनके कल्याण के लिए काम करना है। समाज कल्याण विभाग निदेशक किरण पासी ने बताया कि कई मामले समाज कल्याण विभाग के पास आते हैं जो घरेलू हिंसा और महिला के विरुद्ध अपराध हैं, जिसे समाज कल्याण विभाग सुलझाती है। समाज कल्याण विभाग का महत्वपूर्ण कार्य महिला विकास भी है।

## क्या होती है प्री-लिटिगेशंस

किसी भी तरह का दावा या अदालती कार्यवाही से पहले आप लोक अदालत में जाकर विवाद का अंतिम रूप से निपटारा करा सकते हैं। इसे प्री लिटिगेशन कहा जाता है। अगर आप कोई मुकदमा दायर करना चाहते हैं तो आपके पास यह विकल्प है कि पहले प्री लिटिगेशन में लोक अदालत के समक्ष याचिका पेश कर विवाद का आपसी बातचीत के जरिए हल निकालने का प्रयास किया जाए। डालसा के पास आए मामलों को डालसा पहले प्री-लिटिगेशंस के द्वारा ही हल करने का प्रयास करती है।

## भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने किया मनाली क्षेत्र सर्वेक्षण

**रांची।** भूगोल विभाग, बिरसा कॉलेज एमए सेमेस्टर तीन के 30 विद्यार्थियों ने अपने सेमेस्टर 3 के पाठ्यक्रम अनुसार मनाली क्षेत्र सर्वेक्षण सह शैक्षणिक भ्रमण कार्य समाप्त किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व भूगोल विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर अनंत राम ने किया ।यह क्षेत्र सर्वेक्षण कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष भूगोल विभाग के सेमेस्टर 3 की विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया जाता है। विभाग द्वारा देश के विभिन्न स्थानों का चयन किया जाता है। विद्यार्थियों ने कुल्लू, मनाली, सोलंग घाटी, अटल टनल, शिशु आदि स्थानों का भ्रमण किया। शैक्षणिक भ्रमण के नेतृत्वकर्ता प्रो ङ्क अनंत राम ने बताया कि विद्यार्थियों ने भ्रमण क्षेत्र की स्थलाकृति विशेषता,जलवायु विशेषता,जलवायु परिवर्तन,बर्फबारी जैसी मौसमी घटना का अनुभव किया, क्षेत्र में मिट्टी अपरदन के प्रभाव के साथ साथ वहां की वनस्पति , जीव जंतु की स्थिति को समझा ।

# उलीडीह करकरी नदी पर लगा दो दिवसीय टुसू मेला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रांची के सुदूर पूर्वी क्षेत्र तमाड़ के उलीडीह ग्राम में स्वर्णरेखा की सहायक करकरी नदी के तट लगने वाले दो दिवसीय टुसू मेले के समापन अवसर पर लगभग बीस हजार से अधिक लोगों के विशाल जनसमूह के बीच आसपास गावों से आए बहुत से चौड़ल दल आए थे। अपने अपने गावों से लाए चौड़ल के साथ परम्परागत वेश भूषा में गाजे भाजे व ढ़ोल नगाड़ों के साथ महिला पुरुषों बालक बालिकाओं व युवक-युवतियों के नृत्य दल भी आए हुए थे। बहुत उत्साह और जोश खरोश के साथ उन्होंने पचपरगना भाषा के लोकगीतों से सारे वातावरण को गुंजायमान करते हुए आकर्षक सामूहिक नृत्य भी प्रस्तुत किए। मेले में आए सभी चौड़ल और चौड़ल के साथ आए नृत्य दलों को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विश्व हिन्दू परिषद झारखंड के अशोक कुमार अग्रवाल प्रांत सह सेवा प्रमुख द्वारा सभी चौड़ल और नृत्य दलों के प्रमुखों को सद्भावना स्वरूप एक एक श्रीरामचरितमानस की प्रति उपहार में दी गई ताकि गांव गांव में राम नाम का अघिक से अधिक प्रभाव बन सके। सभी चौड़ल व नृत्य दलों को नकद पुरुस्कार राशि पूर्वी तमाड़ की जिला परिषद सदस्या भवानी सिंह मुंडा, विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो, उलीडीह पंचायत मुखिया व मेला के अध्यक्ष सुखराम सिंह मुंडा व अन्य प्रमुख गण्यमान्य व्यक्तियों के कर कमलों द्वारा दी गई। सभी सम्मानित चौड़ल दलों के प्रमुखों मंचासीन गण्यमान्य व्यक्तियों को रांची हरमू से आए बिजय मिंज द्वारा शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। विश्व हिन्दू परिषद सेवा विभाग झारखंड के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि ये टुसू मेले पचपरगना क्षेत्र में सामाजिक समरसता का प्रतीक एक सामाजिक आर्थिक विकास की परंपरा को आगे बढ़ाने वाला त्यौहार है।

## एक नजर

### जेके इंटरनेशनल स्कूल 193 रन से जीता



**रांची।** वेंचर स्किल अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट सखा ग्राउंड में जेके इंटरनेशनल स्कूल बनाम एसएसवीएम के बीच खेला गया। जेके इंटरनेशनल स्कूल ने 35 ओवर में पांच विकेट पर 312 रन बनाया। हर्ष कुमार ने 129 रन, अक्षय ने 81 रन व तौहीद ने 38 रन बनाया। अस्मित चौधरी ने तीन विकेट लेकर 59 रन दिया। एसएसवीएम ने 18.2 ओवर में 10 विकेट पर 119 रन बनाया। प्रतीक ने 23 रन बनाया। निखिल रंजन ने 11 रन देकर छह विकेट लिया। जेके इंटरनेशनल स्कूल 193 रन से जीता।

### सांसद प्रतिनिधि ने पदाधिकारियों से की मुलाकात

**अड़की।** नव नियुक्त अड़की प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि प्रकाश सिंह मुंडा ने अड़की थाना के थाना प्रभारी प्रवीण तिवारी, अड़की प्रखंड के विकास पदाधिकारी गणेश महतो, अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर से मिलकर खूंटी सांसद काली चरण मुंडा के द्वारा दिए गए नियुक्ति पत्र सौंपा तथा अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षेत्र के विकास को लेकर चर्चा किए । जिसमें उनके साथ वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुरेन दास, कयूम अंसारी, महेंद्र सिंह मुंडा साथ ही अड़की प्रखंड अध्यक्ष वसंत सेठ रांची जिला ग्रामीण युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष विनीत सिंह एवं तमाड़ पश्चिमी युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रौशन कामती भी मौजूद थे।

### सड़क जाम मामले में अंचल अधिकारी ने कराई प्राथमिकी दर्ज

**मांडर।** शुक्रवार को मांडर अंचल अधिकारी के द्वारा मांडर थाने में आवेदन देकर 16 नामजद छात्रों के एवं 100 अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का आवेदन दिया गया है। मुर्गू पुल के समीप बने डायवर्सन में बुधवार की सुबह करीब 9:00 बजे बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई थी। मृतक झारखंड सेंट्रल यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी थे। मृतकों में एक पश्चिम बंगाल के हुगली निवासी 23 वर्षीय ऐश्वर्या बशक और दूसरा पश्चिम बंगाल के ही दक्षिण 24 परगना निवासी देवदास मंडल है। ये दोनों विद्यार्थी बाइक से ब्रांबे कैंपस से कांके की चेड़ी मनातु स्थित कैंपस जा रहे थे। मुर्गू पुल के पास बने डायवर्सन में ट्रक की चपेट में आने से दोनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस दर्दनाक मौत से सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड के विद्यार्थी डायवर्सन में ही बैठकर सड़क को लगभग 10 घंटे तक जाम कर दिया था।

# कोल इंडिया मैराथन कल : मैरी कॉम सहित 10 हजार धावक लगाएंगे दौड़

*सीसीएल इस आयोजन को शानदार बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार, मार्गों की देखरेख और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा चुका है*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कोल इंडिया रांची मैराथन के आयोजन की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं, और इस बहुप्रतीक्षित प्रतिस्पर्धा का काउंटडाउन शुरू हो गया है। देशभर से 10,000 से अधिक धावक इस रोमांचक मैराथन में भाग लेने के लिए तैयार हैं, जो 9 फरवरी को मोरहाबादी स्टेडियम, रांची में आयोजित होगी। प्रतियोगिता को चार श्रेणियों, 5 किमी, 10 किमी, हाफ मैराथन (21 किमी) और फुल मैराथन (42 किमी), में विभाजित किया गया है, जिसमें कुल पुरस्कार राशि 35.10 लाख निर्धारित की गई है। मैराथन का शुभारंभ सुबह 5:00 बजे मोरहाबादी स्टेडियम से होगा। इस अवसर पर देश की सुप्रसिद्ध मुक्केबाज मैरी कॉम विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। साथ ही कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद, सीसीएल के सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह, अन्य निदेशकगण और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनेंगे। प्रतियोगिता में 24 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से धावकों ने पंजीकरण कराया है। 5 किमी दौड़ को छोड़कर, अन्य तीन प्रमुख श्रेणियों के पुरुष एवं महिला वर्ग में टॉप 10 विजेताओं को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। यह गौरव की बात है कि इस बार की मैराथन को एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) द्वारा पंजीकृत किया गया है और इसका रूट एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेस (एआईएमएस) द्वारा प्रमाणित है। सीसीएल इस आयोजन को शानदार बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। मार्गों की देखरेख और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा चुका है, जिससे धावकों को बेहतरीन अनुभव मिल सके। यह मैराथन केवल एक प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि खेल भावना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का प्रतीक भी है। यह आयोजन पेशेवर और शौकिया धावकों के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण है और उन्हें प्रेरित करने का एक बड़ा मंच प्रदान करता है। ज्ञात हो कि सीसीएल कोयला उत्पादन कर राष्ट्र की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ समाज के समवेशी विकास हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करती है इसी क्रम मे तीसरी बार मैराथन का आयोजन रांची मे किया जा रहा है।

# मनीषा और माधव बिरवा की जोड़ी ने मिक्स टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता




**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

38 वीं राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड में आयोजित हुआ जिसमें जोन्हा की तीरंदाज मनीषा कुमारी और माधव बिरवा की जोड़ी ने मिक्स टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता एवं फाइनल में झारखंड बनाम महाराष्ट्र के बीच मैच खेला गया जिसमें झारखंड मिक्स टीम ने रजत पदक अपने नाम किया। इससे पहले जोन्हा की ही दीप्ति कुमारी भी दो बार नेशनल गेम्स में रजत पदक जीत चुकी है। मनीषा जोन्हा की दूसरी तीरंदाजी है जिसने नेशनल गेम्स में रजत पदक जीता है।वह अभी इंडियन राउंड में उभरती हुई तीरंदाज है जो लगातार नेशनल प्रतियोगिताओ में खेल रही है साथ ही झारखंड के लिये हर टूनामेंट में पदक जीत रही है। मनीषा के माता-पिता हमेशा उनको सपोर्ट करते आ रहे हैं। इस उपलब्धि पर रांची जिला तीरंदाजी संघ व बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी सिल्ली के मुख्य संरक्षक सुदेश कुमार महतो, अध्यक्षा नेहा महतो, सचिव चंचल भट्टाचार्य, अंतरराष्ट्रीय कोच रोहित कोइरी, शिशिर महतो, प्रकाश राम, कोच रोहित कुमार ने बधाईयां दी।

## न्यूज | बॉक्स

### मो. समीउल्लाह एमए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में दूसरा टॉपर रहा



**रांची।** चान्हो के रहने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मो. मोजीबुल्लाह का छोटा बेटा मो. समीउल्लाह उर्फ समी ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी रांची मे सत्र 2022- 24 मे एम.ए- पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन विषय मे दूसरा रैंक प्राप्त कर बना सेकंड टॉपर। उन्होने कुल 1600 अंकों मे 1278 अंक प्राप्त कर 79.88 प्रतिशत के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया और गोल्ड मेडलिस्ट होने से पांच अंकों से पीछे रह गए। वहीं यशस्वी कुल 1600 अंकों मे 1283 अंक प्राप्त कर 80.19 प्रतिशत के साथ पहला स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडलिस्ट बनी। समी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता- पिता, मार्गदर्शकों/शिक्षकों, दोस्तों और परिवार के समर्थन को दिया। यह सफलता न केवल उनके समर्पण और मेहनत का परिणाम है, बल्कि उनके द्वारा किए गए कठिन परिश्रम और निरंतर अध्ययन की भी मिसाल है। उनका कहना है कि उन्होंने अपनी शिक्षा को हमेशा गंभीरता से लिया और लोक प्रशासन और राजनीति में गहरी रुचि रखने के कारण इस विषय को चुना। उनका मानना है कि अच्छी प्रशासनिक समझ राजनीति और समाज की सेवा के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होने यह भी कहा, ₹लोक प्रशासन एक अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील क्षेत्र है, जिसमें जनता की भलाई के लिए काम किया जाता है।

### विनीत सिंह ने श्राद्ध कर्म में किया सहयोग



**अड़की।** ग्राम सारगेया टोला हिताडीह अड़की के निवासी करम सिंह मुंडा के पत्नी राधिका देवी का स्वर्गवास 29 जनवरी को हो गया। मृतक के पति करम सिंह मुंडा ने युवा कांग्रेस के साथी से खाद्य सामग्री हेतु सहयोग मांगा ये सूचना युवा कांग्रेस के साथी ने रांची जिला ग्रामीण युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष विनीत सिंह संपर्क किया जिसके उपरांत विनीत सिंह ने अड़की के सांसद प्रतिनिधि प्रकाश सिंह मुंडा और तमाड़ पश्चिमी युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रौशन कामती जी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ मृतक के गांव जाकर खाद्य सामग्री का सहयोग किया और मृतक के परिवार को बताया की आपके इस दुःख के घड़ी में खूंटी सांसद काली चरण मुंडा जी और पूरा कांग्रेस परिवार आपके साथ है जिसके लिए करम सिंह मुंडा और उनके पूरे परिवार ने सांसद काली चरण मुंडा जी और पूरा कांग्रेस परिवार को धन्यवाद दिया।

### भव्य विसर्जन यात्रा के बीच मां सरस्वती को दी गई विदाई



**बेड़ो।** धूम धड़ाके के साथ बेड़ो शहरी क्षेत्र में बेड़ो बस्ती, झरी क्लब सहित सरना क्लब और करंजटोली सरस्वती पूजा आयोजन समिति द्वारा स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमाओं का शुक्रवार की देर रात विसर्जन शोभा यात्रा निकालकर प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस मौके पर हमेशा की तरह ट्रकों में उच्च कोटि का साउंड सिस्टम खासकर डीजे साउण्ड लगाकर अद्भुत तरीके से विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गयी। डीजे के साउंड से मानो बेडो.की धरती कांप सी गई। घरों की दिलायें साउंड सिस्टम से थरथरा उठी। आतिशबाजी का नमुना भी दिखाया गया। सरस्वती पूजा समितियां के बीच विसर्जन शोभा यात्रा के दौरान जमकर प्रतियोगिता की गई। साउंड सिस्टम के इस अद्भुत अघोषित प्रतियोगिता को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। बेड़ो बस्ती सरस्वती पूजा आयोजन समिति , झारखंड युवा उत्थान समिति झरी क्लब, सरना क्लब बेड़ो के गुमला रोड की कमेटी के पदाधिकारी ने विसर्जन शोभा यात्रा की कई दिनों से तैयारी कर रहे थे। विसर्जन शोभायात्रा के दौरान विभाग के द्वारा बिजली भी आपूर्ति भी काट दी गई थी। विसर्जन शोभा यात्रा को सफल बनाने में बेड़ो बस्ती के अध्यक्ष आयुष गोप, उपाध्यक्ष दीपक गोप, सचिव खद्दी उरांव, राम बडाईक झरी क्लब के शशी गोप कार्यकारी अध्यक्ष अमित गुप्ता सहित दर्जनों लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### झारखंड पुरुष-महिला मलखंब टीम रवाना



**रांची।** खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखंड के तत्वावधान में 38 वीं राष्ट्रीय खेल के अंतर्गत मलखंब खेल का प्रशिक्षण शिविर बिरसा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी में आज सम्पन्न हो गया।प्रशिक्षण शिविर के उपरांत झारखंड टीम की घोषणा झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ्ङ मधुकान्त पाठक एवं झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के महासचिव डॉ्ङ अजय झा ने संयुक्त रूप से किया। झारखंड टीम राष्ट्रीय मलखंब प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 7 फरवरी को राँची रेलवे-स्टेशन से गरीब रथ से नई दिल्ली होते हुए खटीमा (उत्तराखंड) के लिए प्रस्थान करेगी। राष्ट्रीय प्रतियोगिता दिनांक 11 से 13 फरवरी तक इंडोर स्टेडियम खटिमा (उत्तराखंड) में आयोजित है। झारखण्ड टीम को 9 फरवरी को खटीमा में रिपोर्ट करना है।

### कर्नल राकेश कुमार को किया गया सम्मानित



**चान्हो।** चोरेया गांव निवासी कर्नल राकेश कुमार ( दो बार बहादुरी पुरस्कार से सम्मानित) को भारतीय सेना के दूसरे सबसे वरिष्ठ अधिकारी, वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टॉफ द्वारा सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उनके गुजरात में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया है, जिनमें वडोदरा में बाढ़ बचाव अभियान भी शामिल है। कर्नल राकेश कुमर को यह सम्मान मिलना उनके और उनकी टीम के उत्कृष्ट कार्यों का प्रमाण है।

### जिप सदस्य ने अपने खर्च पर लोगों को कुंभ भेजा



**चान्हो।** समाज सेवी सह जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी हर वर्ग की समस्या का निदान तो करते हैं। इसी कड़ी मे एक नया अध्याय जोड़ने का काम किया है। उन्होंने गरीब व लाचार 28 महिला- पुरुष को अपने खर्च पर संगम स्नान करने के लिए बिदा किया। उन्होंने बताया की उन्हें लगातार श्रद्धालुओं द्वारा अनुरोध किया जा रहा था वे आर्थिक रूप से कमजोर हैं और ऐसे मे उन्हें भी कुम्भ जाकर संगम में आस्था की डुबकी लगानी है। इसके बाद आशुतोष तिवारी ने आर्थिक तंगी के कारण कुंभ स्नान से वंचित रहने वाले के लिए सूचना प्रसारित किया की अब श्रद्धालुओं की इच्छा अब होगी पूर्ण। उनकी ओर से यात्रा व रसद की व्यवस्था किया जाएगा। आमजनों की सूची तैयार कर सम्पूर्ण अपने खर्च पर श्रद्धालुओं को कुंभ भेजने का निर्णय लिया।

### विदाई सह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**चान्हो।** शहीद वीर-बुद्ध भगत इंटर कॉलेज में शुक्रवार को 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वहीं प्राचार्य डॉ सुशील कुमार मिंज ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी तथा परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने के टिप्स बताएं। उन्होंने कहा कि आप हमारे कॉलेज से बेहतर भविष्य के लिए विदा हो रहे हो लेकिन हमारे कॉलेज का दरवाजा आप लोग भी हमेशा खुला रहेगा । वहीं उपप्राचार्य मोहसिन खान ने कहा कि बेहतर करने के लिए त्याग की जरूरत है। आप लोगों का बिताया हुआ 2 साल यादगार रहेगा। हम सारे शिक्षकों का कामना है कि आप लोग जिंदगी की बाधाओं को पार करते हुए भविष्य में बेहतर करें और जीवन में सफलता पाए।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सीएचसी में संसाधनों की कमी पर चिंता जताई

# जांच में एनालाइजर नहीं मिली एक्स-रे मशीन भी उपलब्ध नहीं



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

झारखंड सरकार द्वारा गठित स्वास्थ्य विभाग की एक स्टेट रिव्यू मिशन की टीम ने बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर रोगाडीह पतराटोली का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम के हेड राज्य अंधापन नियंत्रण पदाधिकारी डॉ पंकज कुमार, मानव संसाधन परामर्शी डॉ अवनी प्रसाद, स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ सुमित प्रकाश, माइक्रो बायोलॉजिस्ट डॉ अंजली सिंह, राज्य शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक विकास राठौर, स्टेट डाटा मैनेजर सौरभ कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह सहित आठ सदस्यीय टीम ने बेड़ो और मांडर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित आयुष्मान आरोग्य मंदिर रोगाडीह पतराटोली, आयुष्मान आरोग्य मंदिर करकरा तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर महुआजाड़ी का निरीक्षण किया। बेडो. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जांच कम होने की शिकायत पाई। वहीं बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवाओं की उपलब्धता, पैथोलैब, सहित अन्य बिंदुओं पर जांच तथा निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति देखी। जांच टीम ने पाया कि अस्पताल में एनालाइजर की व्यवस्था नहीं है। 15 से अधिक जांच नहीं हो पा रही। संसाधनों का समुचित उपयोग नहीं हो रहा है। हॉस्पिटल अभी भी पुराने ढर्रे पर चल रहा है। महिलाओं का सिजेरियन डिलीवरी नहीं हो पाता है। अस्पताल में मेजर एक्सीडेंट केस हमेशा रांची रिम्स रेफर कर दिया जाता है।

### स्कूल में सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत शुक्रवार के दिन बुद्धा पब्लिक स्कूल में 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों का सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। मौके पर विद्यार्थियों के द्वारा स्वागत एवं विदाई गीत भी गया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक रणधीर कौशिक ने बच्चों को जीवन चरित्र एवं जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया और अपने संदेश में कहा कि हमेशा लगन, मेहनत और ईमानदारी से ही हम अपने मुकाम को प्राप्त कर सकते हैं। बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की बचे हुए समय में ईमानदारी पूर्वक मेहनत के साथ पढ़ाई करें ताकि बेहतर परिणाम आ सके।लक्ष्य के प्रति अडिग रहने की भी सलाह दी साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं विद्यालय के प्राचार्य वी सुधीर राव ने बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए कहा की मेहनत का कोई विकल्प नहीं है।

### केनाभिट्ठा के सरनाटोली में अफीम की खेती को पुलिस ने किया विनष्ट

# 20 कट्ठा जमीन पर की गई थी खेतीआरोपी फरार



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो के थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान के नेतृत्व में बेड़ो थाना अन्तर्गत केनाभिट्ठा के सरनाटोली गांव में 20 कट्ठा जमीन में की गई अफीम का खेती को पुलिस प्रशासन ने विनष्ट किया। ग्रामीणों से मिली सूचना के आलोक में थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान सशस्त्र बलों के साथ केनाभिट् गांव पहुंचे और अफीम की खेती देखकर हैरान रह गए। उन्होंने ट्रैक्टर से अफीम की खेती को नष्ट कराया और अग्रतर कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने बताया कि किसान पर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की पूरी तहकीकात की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक खेती करने वाले दोनों किसान फरार हो गए हैं।

### तीरंदाजी इंडियन राउंड मिक्स में माधो बिरवा एवं मनीषा कुमारी को रजत पदक

# झारखंड के तीरंदाजों ने 02 स्वर्ण, 02 रजत 02 कांस्य समेत कुल 06 पदक जीते



**नवीन मेल संवाददाता। रांची/देहरादून**

(38वें नेशनल गेम्स,उत्तराखंड में तीरंदाजी में झारखंड टीम इंडियन राउंड मिक्स में रजत पदक के साथ संपन्न हो गया। झारखंड लॉन बॉल पुरुष फोर्स, पुरुष सिंगल महिला ट्रिपल एवं महिला डबल के सभी मैच जीत राज्य के 04 पदक पक्के किए। हॉकी महिला लीग मैच झारखंड एवं महाराष्ट्र का मैच बराबरी पर छुटा ,सेमीफाइनल में झारखंड महिला हॉकी का पहुंचना तय हुआ।कल झारखंड हॉकी के अंतिम लीग मैच होगा।

लॉन बॉल महिला डबल : महिला डबल लीग मैच में झारखंड टीम लवली चौबे, रूपा रानी तिर्की ने दिल्ली को 17- 11 से पराजित किया अपने पुल में टॉप पर रही।

#### तीरंदाजी इंडियन राउन्ड मिक्स्ड टीम को रजत पदक

माधो बिरवा एवं मनीषा कुमारी कि जोड़ी को फाइनल में महाराष्ट्र से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। झारखंड महिला हॉकीः झारखंड महिला हॉकी एवं हॉकी महाराष्ट्र हॉकी का लीग मैच बराबरी पर छुटा।

लॉन बॉल महिला ट्रिपल : महिला ट्रिपल लीग मैच में झारखंड टीम सरिता तिर्की, रेशमा कुमारी, कविता कुमारी ने उड़ीसा को 29- 08 से पराजित कर अपने पुल में टॉप पर रही।

**लॉन बॉल पुरुष सिंगल :** पुरुष सिंगल लीग मैच में झारखंड सुनील बहादुर ने बिहार को 21- 16 से पराजित कर अपने पुल में टॉप पर रहा।

**लॉन बॉल पुरुष फोर्स :** अभिषेक लकड़ा, वसीम अकरम, आलोक लकड़ा, दिनेश कुमार झारखंड पुरुष फोर्स लीग की टीम ने पश्चिम बंगाल को 18- 07 से पराजित किया।

**इनडोर पुरुष हैंडबॉल :** झारखंड इनडोर हैंडबॉल पुरुष टीम रुद्रपुर पहुंची।

झारखंड राज्य के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, खेल मंत्री सुदिव्य कुमार, खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक संदीप कुमार, अवर सचिव राजेश कुमार, झारखंड ओलंपिक संघ अध्यक्ष आरके आनंद, जेओए कार्यकारी अध्यक्ष शेखर बोस, महासचिव डॉ मधुकांत पाठक,चीफ द मिशन शिवेंद्र दुबे, भोलानाथ सिंह, विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी अनिल जायसवाल, हरभजन सिंह, गुलाम रब्बानी,जय कुमार सिन्हा, अर्चित आनंद,आनंद बिहारी दुबे,विजय सिंह आदि ने प्रशिक्षकों ने बधाई दी है।

### सदन में कुड़माली भाषा मामले को राज्यसभा में उठाने पर आभार जताया

**सिल्ली।** राज्यसभा सांसद एवं भाजपा झारखंड प्रदेश के महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा द्वारा देश के उच्च सदन राज्यसभा के पटल पर झारखंड के प्रमुख स्थानीय भाषा कुड़मालि, मुंडारी, नागपुरी ,खोरठा एवं हो को संविधान के आठवीं अनुसूची में शामिल करने ,नई शिक्षा नीति में व्यापक रूप से स्थान देने तथा इन भाषाओं के संरक्षण ,संवर्धन अध्ययन एवं विकास हेतु विशेष अनुदान देने का मामला प्रमुखता से उठाया। इसके लिए भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने सांसद प्रदीप वर्मा का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि समाज एवं क्षेत्रवासियों में इन भाषाओ को संविधान के आठवीं अनुसूची में शामिल करने तथा इनके संरक्षण ,संवर्धन अध्ययन एवं विकास हेतु विशेष अनुदान की वर्षों से प्रमुख बहुप्रतीक्षित मांग रही है जिसको आज डॉ प्रदीप वर्मा ने सदन में प्रमुखता के साथ उठाने का काम किया है । इसके लिए क्षेत्रवासियों कि ओर से भी सांसद का बहुत बहुत आभार व्यक्त किया है।

### शिक्षकों ने चूरी कोयलांचल के अभिभावकों के संग की बैठक

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति और स्कूल की सुविधाओं से कराया अवगत



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

डीएवी स्कूल खलारी के प्राचार्य डा कमलेश कुमार व शिक्षकों ने चूरी क्षेत्र में भ्रमण करके अभिभावकों से मुलाकात की। प्राचार्य ने इस परिचर्चा में विद्यालय में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत हो रहे नामांकन और पाठ्यचर्या के बारे में अभिभावकों को विस्तार से समझाया। उन्होंने अभिभावकों को बताया कि डीएवी खलारी में ईईडीपी अर्थात बाल वाटिका- 1 से कक्षा दूसरी तक सभी कक्षाओं को विशेष रूप से राश्ट्रीय षिक्षा नीति- 2020 के अनुसार रूपांतरित किया है। नन्हे मुन्ने बाल गोपाल को पढ़ाने के लिए विशेष प्रशिक्षित शिक्षिकाओं की नियुक्ति की गई है। प्राचार्य ने अभिभावकों को विद्यालय के वार्षिक परीक्षा परिणाम, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं अन्य क्षेत्रों में डीएवी खलारी के बच्चों के प्रदर्शन के बारे में बताया। साथ ही अभिभावकों की समस्याओं के बारे में भी जाना। उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय में हो रही पढ़ाई और विद्यालय की आधारभूत संरचना में किए जाने वाले सुधारों के प्रति खुशी व्यक्त की। अभिभावकों ने प्राचार्य को विद्यालय के विकास में कंधे से कंधा मिलाकर चलने का आश्वासन दिया।

### खलारी बाजारटांड शिव मंदिर के वर्षगांठ पर हुआ भंडारा

**खलारी।** खलारी बाजारटांड स्थित शिव मंदिर का पांचवा वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पंडित अशोक मिश्रा के द्वारा विधिवत पूजा सम्पन्न कराया गया। पूजन के दौरान यजमान के रूप में प्रमोद कुमार व उनकी पत्नी मीना देवी उपस्थित थी। वहीं कार्यक्रम में महिलाओं ने भजन कीर्तन किया। दोपहर 2:00 बजे से विषेश भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, पंचायत समिति सदस्य मीनू देवी, विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक, बलराम सोनी, दीनानाथ सिंह, राजकुमार गुप्ता, पीतांबर अग्रवाल, कृष्ण रजक, सोनू कुमार आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### विधायक ने बसरिया विद्यालय भवन मरम्मति कार्य का किया उद्घाटन

**गिद्दी।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय बसरिया में भवन मरम्मति कार्य पूरा होने पर शुक्रवार को उद्घाटन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि मांडू विधायक निर्मल उर्फ तिवारी महतो और टोंगी मुखिया रिंकी देवी ने फीता काटकर और शिलापट्ट का अनावरण करके उद्घाटन किया। इसके बाद विधायक ने विद्यालय का निरीक्षण किया। साथ ही विद्यालय में कर्मी को दूर करने का भरोसा दिया। इस दौरान विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक भुनेश्वर साव ने बताया कि डीएमएफटी फंड से विद्यालय में दस भवन और शौचालय का मरम्मत हुआ है। बच्चों को खाने के लिए एक शेड और साइकिल रखने के लिए स्टैंड बनाया गया है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेश किस्कू, प्रभारी प्रधानाध्यापक भुनेश्वर साव भुनेश्वर महतो, विमल महतो, अर्जुन महतो, मोहनलाल महतो आदि उपस्थित थे।

### रामगढ़ कैंट में कराटे कलर बेल्ट ग्रेडेशन टेस्ट आयोजित

**रामगढ़।** सेंट फ्रांसिस स्कूल, रामगढ़ कैंट में कराटे कलर बेल्ट ग्रेडेशन टेस्ट का सफल आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के 105 विद्यार्थियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। यह कार्यक्रम शोतोकान कराटे-डो फेडरेशन ऑफ इंडिया, रामगढ़ शाखा के तत्वावधान में संपन्न हुआ। ग्रेडेशन टेस्ट का संचालन सेन्शी नरेन्द्र सिन्हा (ब्लैक बेल्ट 7वां दान) एवं शिहान शशि पांडे (ब्लैक बेल्ट 6 वां दान) के मार्गदर्शन में किया गया। जिनका सहयोग इंस्ट्रक्टर बिनय रंजन (ब्लैक बेल्ट 2 एनडी दान) ने किया। विद्यार्थियों ने अपने कराटे कौशल का शानदार प्रदर्शन किया और प्रशिक्षकों को प्रभावित किया। शानदार प्रदर्शन करने के कारण सर्वश्रेष्ठ कराटेका सम्मान आर्यन कुमार, त्रिप्ति कुमारी, दीपिका कुमारी, मंती मुर्मू को मिला।

### पुस्तकें और लेख लिखने वाले को सम्मानित करेगी भाजपा : जिलाध्यक्ष

**रामगढ़।** शहर प्रतिनिधि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता और कार्यक्रम संयोजक ने गुरुवार की संध्या 4 बजे होटल शिवम इन में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस दौरान कहा कि यह वर्ष भारतीय राजनीति के अजातशत्रु अटल बिहारी वाजपेयी की जनशताब्दी वर्ष के रूप में हम लोग मना रहे हैं। 25 दिसंबर उनके जयंती को सुशासन दिवस के रूप में हम लोगों ने मनाया। इस अवसर पर बूथ, शक्ति केन्द्र, मंडल, जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर अनेकों कार्यक्रम हुए। उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर जिला स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निदेर्शानुसार 14 जनवरी से 15 मार्च 2025 तक पूर्व प्रधानमंत्री की स्मृति में कई कार्यक्रमों का आयोजन होना है।

#### रामगढ़ जिला के सभी 6 अंचलों में आज होगा राजस्व शिविर का आयोजन

# डीसी ने अंचल अधिकारियों व वरीय पदाधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

- रामगढ़, गोला, दुलमी, चितरपुर, मांडू एवं पतरातू अंचल कार्यालय में होगा शिविर का आयोजन
- आवेदकों को शिविर में ही करेक्शन स्लिप निर्गत करने का निर्देश भी दिया



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़। उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निदेशानुसार आठ फरवरी को जिले के सभी 06 अंचलों में दाखिल-खारिज संबंधित राजस्व शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों एवं वरीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। शनिवार को रामगढ़, दुलमी, चितरपुर, गोला, मांडू एवं पतरातू अंचल कार्यालय में शिविर का आयोजन होगा। इस सभी अंचलों में बिना आपत्ति 30 दिन और आपत्ति के साथ 90 दिन के 10 डिसमिल तक के मामलों का निष्पादन किया जायेगा। इन सभी मामलों का अंचल निरीक्षक और कर्मचारी स्तर से भौतिक सत्यापन पूरा किया जा चुका है। उपायुक्त ने सभी 06 अंचल अधिकारियों को पूर्व में उपलब्ध करायी गयी सूची अनुसार म्यूटेशन के मामलों के निष्पादन करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि सूची में उपलब्ध कराये गये मामलों में से कोई मामला सीआई या कर्मचारी के लॉगिन में पाया गया तो उनपर नियमसंगत कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने निष्पादित मामलों के आवेदकों को सूचित करते हुए शिविर में शुद्धि-पत्र निर्गत करने का निर्देश दिया है। शनिवार को आयोजित किए जानेवाले दाखिल-खारिज शिविर में मामलों के निष्पादन के अनुश्रवण के लिए अंचलवार वरीय पदाधिकारियों को नामित किया गया है। उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा सभी वरीय पदाधिकारियों को ससमय शिविर स्थल में उपस्थित होकर लंबित दाखिल-खारिज मामलों के निष्पादन का अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया है।

# बेहतर कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड कार्यालय बरकट्ठा में अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड प्रमुख रेनू देवी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ने झारखंड सरकार के विशेष निर्देश के आलोक में 2 फरवरी से 8 फरवरी तक मनरेगा दिवस मनाना है। इसी आलोक में पूरे एक सप्ताह का अलग अलग कार्यक्रम तय है। वहीं पत्रकारों को जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी ने बताया कि मनरेगा का प्रचार प्रसार जोर शोर से कराते हुए मजदूरों को मनरेगा के योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए प्रेरित करना है।इस अवसर पर जो कर्मी बेहतर कार्य किए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बी एफ टी में दिलीप दास, उमेश प्रसाद, पंचायत सचिव धनेश्वर गोप, रोजगार सेवक नारायण प्रसाद, शिवकुमार यादव एवं मनरेगा में जो मजदूर सौ दिन कार्य कर चुके हैं उनमें से चिंतामणि प्रसाद वगैरह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सभी कनीय अभियंता, सहायक अभियंता मुकेश यादव, समेत सभी पंचायत सचिव उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### तीसरी पुण्यतिथि पर विधायक सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं ने रूपेश को दी श्रद्धांजलि



**बरही।** करियातपुर पंचायत के नई टांड़ निवासी रूपेश पांडेय की तीसरे पुण्यतिथि पर स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव सहित कई सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने दिवंगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि दिया. विदित हो कि 6 फरवरी 2022 को सरस्वती पूजा के विसर्जन जुलूस के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने 17 वर्षीय रूपेश की हत्या कर दिया था. इस हत्याकांड के बाद पूरे हजारीबाग जिले सहित पूरे राज्य में भारी आक्रोश देखने को मिला था. मामला सड़क से लेकर सदन तक गूंजा था, जिससे हालात पर काबू पाने के लिए प्रशासन को जिले में 24 घंटे के लिए इंटरनेट सेवा तक बंद करनी पड़ी थी. राज्य सरकार के मंत्री सहित कई राष्ट्रीय नेताओ को आना पड़ा था. वर्तमान में इस बहुचर्चित हत्याकांड की जांच सीबीआई कर रही है. इस अवसर पर विधायक श्री यादव ने कहा कि मृतक के परिजनों को न्याय मिलेगा, कानून अपना कार्य कर रहा है. मौके पर जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप सदस्या प्रीति कुमारी, अनिल पांडेय आदि कई लोग भी उपस्थित थे.

### माता वैष्णों देवी मंदिर में सजी माता की चौकी, भक्ति गीतों से झूमे श्रद्धालु



**रामगढ़।** माता वैष्णों देवी मंदिर के 34वें वर्षगांठ के अवसर पर पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में गुरुवार की शाम मंदिर परिसर में माता की चौकी सजाई गई। इस दौरान सजाई गई माता की चौकी में माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के सचिव महेश मारवाह की मौजूदगी में पंडित किशोर शर्मा द्वारा सभी धार्मिक अनुष्ठानों के मुख्य यजमान रवि खोसला व उनकी पत्नी रीतु खोसला को विधिवत पूजन कराया गया। इसके बाद माता रानी का जयकारा लगाते हुए मुख्य यजमान द्वारा ज्योत प्रज्वलित किया गया। इसके बाद नव दुर्गा जागरण मंडली के भजन गायक राजू कैंथ ने गणेश वंदना से माता की चौकी का शुभारंभ किया। इसके बाद सरोज लख्खा व प्रीति पांडे ने एक से बढ़कर एक माता रानी का भजन प्रस्तुत किया। भजनों से सभी श्रद्धालु भक्त झूमने पर मजबूर हो गए और माता रानी के जयकारे लगाकर ओतप्रोत होते नजर आए। मौके पर पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव, महासचिव महेश मारवाह, उपाध्यक्ष मनजीत साहनी, सहसचिव नरेश चन्द्र मारवाह, कोषाध्यक्ष सुशील खोसला सहित दर्जनों श्रद्धालु उपस्थित थे।

### रामगढ़ की शिवानी कुमारी ने अंतर विश्वविद्यालय खो खो प्रतियोगिता में लिया भाग

**रामगढ़।** चेटर निवासी निरंजन महतो की पुत्री संगीता कुमारी की पुत्री विनोबा भावे विश्वविद्यालय में आयोजित अंतर विश्वविद्यालय खो खो प्रतियोगिता में बीएचयू का प्रतिनिधित्व कर रही है. वह आरम्भ से खो खो में भाग लेती रही है. अपने शानदार प्रदर्शन से उसने डीएवी के विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेकर सफलता प्राप्त किया. उसने आरम्भिक शिक्षा डीएवी रजरप्पा से प्राप्त की. वह पढ़ाई के साथ साथ खेल में भी तेज है और अपनी सफलता से परिजनों का नाम रोशन कर रही है. विनोबा भावे विश्वविद्यालय में चल रहे खो खो प्रतियोगिता में अपने प्रदर्शन से सभी को अचंभित कर दिया है.

### पथराव पर रोक लगाए पुलिस प्रशासन और झारखंड सरकार : दीपक मिश्रा

**रामगढ़।** पिछले दिनों सरस्वती पूजा के विसर्जन के दौरान रामगढ़ जिले में दो जगहों पर एक समुदाय द्वारा धार्मिक जुलूस को रोकने और पथराव करने की घटना हुई है। उक्त बातें एक विज्ञप्ति जारी कर हिंदू रक्षा दल के दीपक मिश्रा ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया की गोला प्रखंड के सोसो कलां एवं हेहल में धार्मिक जुलूस को रोकने एवं पथराव की घटना एक समुदाय द्वारा की गई है जिसका वीडियो भी उपलब्ध है लेकिन प्रशासन ने उल्टा 27 हिंदुओं पर हीं विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर दिया। उन्होंने कहा कि हम रामगढ़ के हिंदू रक्षा दल एवं तमाम हिंदू संगठनों की तरफ से प्रशासन और सरकार से मांग करते हैं की वीडियो में दिख रहे दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हुई हम चक्का जाम करेंगे।

### गोला में झामुमो उलगुलान पार्टी मार्डी गुट का स्थापना दिवस मना

**गोला।** गोला प्रखंड के डिमरा गांव स्थित फुटबॉल मैदान में झामुमो उलगुलान पार्टी मार्डी गुट का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद कृष्णा मार्डी व जिप सदस्या रेखा सोरेन शामिल हुए।

#### अनुमंडलीय अस्पताल में विधायक ने किया अल्ट्रासोनोग्राफी का शुभारंभ

# गर्भवती महिलाओं के लिए शुरू होगी नि:शुल्क सेवा : डीएस



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
शुक्रवार से अनुमंडलीय अस्पताल में अल्ट्रासोनोग्राफी कार्य प्रारंभ हो चुके है. जिसका शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव ने जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव, स्थानीय मुखिया यास्मीन तबस्सुम, जिप सदस्या प्रीति गुप्ता आदि साथ फीता काटकर किया. अपने उद्बोधन में विधायक ने कहा कि अनुमंडलीय अस्पताल को हर संभव संसाधन उपलब्ध करवाना उनकी पहली प्राथमिकता है. अल्ट्रासोनोग्राफी का उद्घाटन भी इसी कड़ी का एक हिस्सा है. शीघ्र ही अन्य जरूरी संसाधनों की व्यवस्था की जाएगी. डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि अल्ट्रा सोनोग्राफी कार्य प्रशिक्षित चिकित्सक डॉ इंद्रजीत कुमार और तकनीशियन शैलेंद्र कुमार की निगरानी में की जायेगी. फिलहाल सिर्फ गर्भवती महिलाओ का अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सक के परामर्श पर अल्ट्रा सोनोग्राफी किया जाएगा. अन्य मरीजों के लिए अस्पताल प्रबंधन शीघ्र ही निर्णय लेगी. उद्घाटन कार्यक्रम में बीपीएम नारायण राम, एचएमसी सदस्य सुरेन्द्र रजक, भाजपा नेता रमेश ठाकुर, भगवान केसरी, बिपिन सिन्हा, अमित केशरी, पंकज बर्णवाल, सचिन यादव, नागेश्वर यादव, ब्रह्मदेव यादव, प्रह्लाद कुमार, मृत्युंजय चौरसिया, भूपेंद्र यादव आदि कई स्वास्थ्य कर्मी व स्थानीय लोग उपस्थित थे.

#### पति की दूसरी पत्नी से किसी बात को लेकर हुई कहासुनी, पति ने फरसा से किया वार

# वार के बाद पति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
कुजू ओपी क्षेत्र के सेवटा रजवार टोला से एक दिल दहला देने घाटना सामने आया। जहां पति ने अपनी दूसरी पत्नी पर किसी बात को फरसा से वार कर गंभीर रूप से घायल करने के बाद खुद फांसी लगातार आत्म हत्या की। घायल पत्नी को ग्रामीणों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया, वहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। बताया जाता है कि सेवटा रजवार टोला निवासी राजू रजवार (उम्र 60 वर्ष ) पिता स्व पुनीत रजवार ने गुस्से में आकर अचानक बर्तन धो रही अपनी दूसरी पत्नी शांति देवी (50 वर्ष ) को फरसा के जरिए बेरहमी से वार कर घायल कर दिया। इसके बाद आनन फानन में जहां वह रहता था वहां गया। फिर सीढ़ी लगाकर प्लास्टिक की रस्सी को पारण में बंधा, और गले में रस्सी डालकर फंदे से झूल गया। इससे उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि घायल शांति देवी राजू रजवार की दूसरी पत्नी है। पहली पत्नी फूलमती देवी उससे अलग रहती है।

### दिमागी हालत ठीक नहीं होने की थी चर्चा

ग्रामीण बताते है कि राजू को पूर्व में पैरालेसिस हो गया था। इसके बाद इलाज से वह ठीक भी हो गया। लेकिन पिछले कुछ महीने से उनका दिमागी हालत ठीक नहीं था। घटना के समय करीब 11 बजे के आस पास पत्नी बर्तन धो रही थी। इस बीच राजू गया और उसके ऊपर वार कर दिया। जब शोर होने की आवाज आई तब जाकर लोग जुटे और इसकी सूचना पुलिस को दी।

### पुलिस ने खून से लथपथ पत्नी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा

घटना की सूचना पाकर रामगढ़ डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, ओपी प्रभारी मो नौशाद, अनि आशीष गौतम, सअनि रौशन कुमार सशस्त्र बल पहुंचे। यहां से पुलिस ने पत्नी के ब्लड सेंपल, बाल के साथ घटना में प्रयुक्त किए गए फरसा को जब्त किया है। वहीं इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

### लइयो में बोर होल से निकली आग की लपटें, ग्रामीणों में दहशत

**रामगढ़।** मांडू प्रखंड अंतर्गत लइयो दक्षिणी पंचायत के तितिरमरवा जाने वाले रास्ते में करमाली टोला के समीप एक खेत के बोर होल से गुरुवार को अचानक आग की लपटें निकलने लगी। घटना की सूचना ग्रामीणो ने सीसीएल की झारखंड उत्खनन परियोजना पदाधिकारी एलके राय को दी। पीओ ने इसकी सूचना हजारीबाग क्षेत्रीय कार्यालय को दिया। जिसके बाद पीओ राय ने शिफ्ट इंचार्य देशराज मिना के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। जिसमें झारखंड उत्खनन परियोजना और केदला भूगर्भ परियोजना के रेसक्यू टीम शामिल था। पीओ एलके राय के दिशा निर्देश पर रेसक्यू टीम के लोगों ने आधे घंटे के कड़े मशक्कत के बाद अग्निश्मन यंत्र से आग पर काबू पाने में सफल हुए। प्रबंधन ने बताया कि 6-7 वर्ष पूर्व सीएमपीडीआईएल ने सर्वे करने के लिए बोर होल किया था। जिससे अचानक मिथेन गैस निकल रहा था। इसके पूर्व भी यहां आग की लपटें गैस के रुप में निकलने की घटना हो चुकी है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि किशोर रजवार, एरिया सेफ्टी ऑफिसर प्रमोद कुमार, झारखंड कोलियरी सेफ्टी ऑफिसर एन व्यंकटेश, रेसक्यू टीम में शामिल एके आर्या, मदन कुमार सिंह, मनोज कुमार, विश्वनाथ बेसरा आदि लोग उपस्थित थे।

### स्कूल ने निकाली फाइलेरिया जागरुकता रैली

**रामगढ़।** आर्मी पब्लिक स्कूल के एनसीसी की ओर से गुरुवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत जागरुकता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति लोगों को जागरुक करना और अधिक से अधिक लोगों को दवा सेवन के लिए प्रेरित करना था। 10-25 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में दो से पांच वर्ष तक के बच्चों को एक डीइसी व एक एल्बेंडाजोल की गोली, छह से 14 वर्ष के बच्चों दो डीइसी व एक एल्बेंडाजोल की गोली, 15 वर्ष व उससे अधिक उम्र लोगों को तीन डीइसी व एक एल्बेंडाजोल की गोली की खुराक दी जाएगी। केवल दो वर्ष के कम के बच्चों व गर्भवती महिलाओं व अति गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगों को दवा की खुराक नहीं दी जाएगी। विद्यालय के प्राचार्य पंकज कुमार जैन ने फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए लोगों से सहयोग की अपील की।

### नव सृजित प्राथमिक विद्यालय में मुखिया ने बच्चों के बीच किया ड्रेस का वितरण



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के कोनहरा कला नव सृजित प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को वर्ग प्रथम के 47और द्वितीय के 71बच्चों के बीच ड्रेस,जूता, मौज और स्वेटर का वितरण किया गया। वहीं मुखिया अब्बास अंसारी ने कहा कि यह झारखंड सरकार का सराहनीय प्रयास है। विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को इससे काफी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि यह पोषाक कुछ दिन पूर्व ही मिल जाता तो छात्रों को अधिक लाभ होता। विद्यालय में पढ़ाई भी अच्छी हो रही है। इन्होंने सभी अभिभावकों से अपने-अपने बच्चों को विद्यालय प्रतिदिन भेजने का अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना आप बेहतर समाज नहीं बना सकते हैं, इसलिए शिक्षा की ज्योति हर हाल में जलाना और इस आगे बढ़ाना है ताकि बेहतर समाज का निर्माण हो सके औल लोगों को रोजगार मुहैया हो। मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका चंपा कुमारी, शिक्षक तुलसी प्रजापति, चाइना कुमारी, सरिता कुमारी ,विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# श्रद्धांलुओं के भारी भीड़ के बीच श्री श्याम मंदिर में बाबा की हुई प्राण प्रतिष्ठा



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
शहर के नेहरू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में पांच दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार सुबह से ही पांचो यजमान ओम प्रकाश अग्रवाल, राधे श्याम मोदी, विष्णु पोद्दार, ऋषभ पटवारी, संजय अग्रवाल मथुरा वाले के अलावा दैनिक यजमान में मुकेश बौंदिया, विवेक अग्रवाल,राजेश पटवारी, पूर्ण अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, राजेश बंसल द्वारा दैनिक यजमान के अंतर्गतपूजन का कार्यक्रम बनारस से आए विद्वान पंडित लोकेंद्र मिश्रा की टीम के द्वारा आरंभ कर दिया गया। बाबा के पट दर्शन के लिए खुलने के इंतजार में लोग अति उत्साह में बैठे हुए थे। बार-बार आग्रह के बावजूद भी भीड़ अत्यधिक बढ़ती जा रही थी। श्याम बाबा श्याम बाबा तेरे पास आया हूं चरणों में तेरी अरदास लाया हूं, दीनानाथ मेरी बात छानी कोणी तेरे से, ऐसी भजनों में भाव विभोर हो रहे थे। वर्षों से मांगी हुई मन्नत आज आंखों के सामने पूरी हो गई। फुटबॉल ग्राउंड में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। रांची श्री श्याम मंडल से, चंद्र प्रकाश बगल विनोद शर्मा जी धीरज पंकज जी अरुण धानुका जी शिवलाल शर्मा जी चास से दिलीप कुमार अग्रवाल, हर्ष बगड़िया, बादल अग्रवाल हजारीबाग समिति से बादल अग्रवाल विनीत गोयल मनोज अग्रवाल, मनोज अग्रवाल त्रिलोक गोयल सदल बल यहां आए, रांची से सुनील मोदी अपने परिवार के साथ, जमशेदपुर से आने में शाहपुरिया एवं वर्तिका छपलिया, पुरी से एकता पटवारी, रांची से विनोद झुनझुनवाला शपतनीक, बोकारो से जगदीश केजरीवाल, रांची से वीरेंद्र बंसल रिंकल अग्रवाल, कोलकाता से अमन अग्रवाल मंजू अग्रवाल आंचल मित्तल, एवं सैकड़ों भक्त अन्य राज्यों से आकर बाबा के दर्शन में सर झुका कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

#### यूथ विंग का 3 मार्च को भव्य रक्तदान शिविर आयोजित

## 170 यूनिट रक्तदान संग्रह का लक्ष्य निर्धारित



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
हजारीबाग यूथ विंग द्वारा 3 मार्च को लक्ष्मी सिनेमा हॉल परिसर में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण आयोजन की तैयारियों को गति देते हुए शुक्रवार को पोस्टर लॉन्चिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिप अध्यक्ष एवं हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल तथा संस्था के अभिभावक ब्रजकिशोर जायसवाल से उन्होंने पोस्टर का अनावरण कर इस आयोजन की सफलता की कामना की। यह रक्तदान शिविर समाज के उन जरूरतमंद मरीजों के लिए विशेष रूप से आयोजित किया जा रहा है, जिन्हें समय पर रक्त उपलब्ध नहीं हो पाता। विशेष रूप से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए यह शिविर संजीवनी साबित होगा, क्योंकि उन्हें नियमित रूप से रक्त की आवश्यकता होती है। पिछले वर्ष 2024 में हजारीबाग यूथ विंग द्वारा 130 यूनिट रक्त संग्रह किया गया था, जबकि इस बार संस्था ने 170 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य निर्धारित किया है। रक्त की आवश्यकता हमेशा बनी रहती है, और इसी को ध्यान में रखते हुए संस्था यह प्रयास कर रही है कि अधिक से अधिक युवा और समाजसेवी इस महादान में अपनी भागीदारी निभाएं।

#### बौद्धिक संपदा विषय पर आधारित एक दिवसीय सेमिनार आयोजित

# बौद्धिक संपदा के विकास के लिए मानसिक तंदुरुस्ती आवश्यक : सचिव



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
आरएनवाईएम कॉलेज में समाजशास्त्र व अर्थशास्त्र के संयुक्तवताधान में बौद्धिक संपदा पर आधारित एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया. जिसमे बतौर मुख्य अतिथि महाविद्यालय शासी निकाय सचिव परमेश्वर यादव व विशिष्ट अतिथि एडवोकेट रवि शंकर शामिल हुए. प्राचार्य डॉ विमल किशोर की अध्यक्षता में आयोजित इस सेमिनार का संचालन वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो डॉ बीडी मोदी व अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो डॉ बद्री साव ने संयुक्त रूप से किया. सेमिनार में महाविद्यालय के सैकड़ो छात्र-छात्राएं सहित कई शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मी शामिल हुए. वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ मोदी ने सेमिनार के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि मानव बुद्धि से बनी सभी रचनाएं या अभिव्यक्तियां बौद्धिक संपदा ही हैं. जो हर व्यक्ति में विद्यमान होता है, इसे प्रमोट करते हुए सदुपयोग करने की आवश्यकता है. आविष्कार, डिजाइन, ब्रैंड, कलाकृति, संगीत, साहित्यिक और कलात्मक कार्य इत्यादि सभी इसके ही हिस्से हैं. अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ साव ने कहा कि बौद्धिक संपदा को सुरक्षित करने के लिए कॉपीराइट, पेटेंट, ट्रेडमार्क इत्यादि तरीकों को अपनाया जाता है. उन्होंने कहा कि यह एक मात्र संपदा है जिसकी चोरी संभव नहीं है. अपने बुद्धि का जितना उपयोग करेंगे हम उतना ही अधिक विकसित और मानसिक व आर्थिक रूप से संपन्न होंगे. प्राचार्य ने विद्यार्थियों को सकारात्मक कार्यों में लगाते हुए बौद्धिक विकास पर जोर दिया. उन्होंने कहा युवा आज की सबसे महत्पूर्ण शक्ति है. मुख्यातिथि श्री यादव ने भी विद्यार्थियों को मानसिक रूप से तंदुरुस्त होने की बात कही. जिससे उनके बौद्धिक विकास होंगे और बौद्धिक संपदा बढ़ेंगी.

# उपायुक्त ने सहकारिता विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन / सहकारिता विभाग / आत्मा विभाग / पौधा संरक्षण विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त ने जिला सहकारिता विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने कैम्पस से रबी बीज उठाव एवं वितरण, उर्वरक उठाव एवं वितरण, झारखंड राज्य फसल रहात योजना (खरीफ 2022 ) का भुगतान, लैंपस वार धान अधिप्राप्ति, बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा कर कार्य प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त महोदय ने धान अधिप्राप्ति में सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप जिस लैम्पस के अध्यक्ष, सचिव द्वारा धान की खरीदी काफी कम की गई उसके उपर कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिए। साथ ही उपायुक्त महोदय ने बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत लाभुकों का वेरिफिकेशन संबंधित आवश्यक निर्देश दिये।मत्स्य विभाग की समीक्षा मत्स्य उत्पादन, वेद-व्यास आवास निर्माण, तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीणोद्धार, मत्स्य बीज उत्पादन, केज हाउस अधिष्ठापन एवं प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की कार्य प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। इसके अलावा उपायुक्त ने पशुपालन विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, जोड़ा बैल वितरण सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने ने जिले में दुध उत्पादन को बढ़ाने हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों को पहुंचाने की बात कहीं। उन्होंने 90 प्रतिशत, 75 प्रतिशत एवं 50 प्रतिशत अनुदान पर लाभुकों का चयन कर गाय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त कृषि एवं आत्मा विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने जिले में हॉर्टिकल्चर को बढ़ावा देने का निर्देश दिया। जिले एवं प्रखंड में कृषक कार्यशाला एवं पाठशाला आयोजन का किसानों को जागरूक करने की बात कहीं। इसके अलावा उन्होंने कई महत्त्वपूर्ण निर्देश दिये।बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी मुनेंद्र दास, जिला सहकारिता पदाधिकारी आत्म अभय टोप्पो, जिला मत्स्य पदाधिकारी सीमा टोप्पो, ज़िला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अरुण राम, परियोजना निदेशक आत्मा कृष्ण बिहारी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## उपायुक्त सिमडेगा ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण



**सिमडेगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार ने ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त महोदय ने ईवीएम वेयर हाउस के विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच एवं निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी कैमरे की एलईडी स्क्रीन के माध्यम से मुआयना किया। सीसीटीवी कैमरा से प्रत्येक कमरों में लगाये गए रुम की वस्तु स्थिति का जायजा लिया। तथा उपायुक्त ने खराब सीसीटीवी कैमरा को यथाशीघ्र बदलाव का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

# फाइलेरिया को लेकर जिले में चलेगा अभियान, लोगों को खिलाई जाएगी दवा

नवीन मेल संवाददाता



● आईडीए कार्यक्रम के तहत 382194 लोगों को दवाएं दी जाएंगी

**सिमडेगा।** सिमडेगा में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 10 फरवरी से जिला के चार प्रखंड सिमडेगा, कुरडेग, जलडेगा और कोलेबिरा में विशेष अभियान चलाया जाएगा। आइडीए कार्यक्रम के तहत 382194 लोगों को दवाएं दी जाएगी।सदर अस्पताल परिसर स्थित सिविल सर्जन के सभाकक्ष में सिविल सर्जन डॉक्टर रामदेव पासवान की अध्यक्षता में मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसमें सिविल सर्जन ने बताया कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है। इसके लक्षण उभरकर आने में 10 वर्ष भी लग जाते हैं। ऐसे में हम सभी सावधानी बरतकर एवं बचाव कर फाइलेरिया संक्रमण से बच सकते हैं। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया मुक्त जिला बनाने के लिए जिले के चार प्रखंड में 10 फरवरी से अभियान प्रारंभ होगा, जो 25 फरवरी तक चलेगा। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरे जिले में लोगों की सैंपल जांच की गई थी। जिसमें सिमडेगा, कोलेबिरा, जलडेगा और कुरडेग के लोगों में फायलेरिया की खतरा अधिक देखने को मिली। इसलिए इन चार प्रखंड में इस अभियान को चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2 वर्ष से ऊपर के बच्चों को अल्बेंडाजोल की आधी दवा दी जाती है। वहीं 2 साल के ऊपर वाले बच्चे को एक दवा दी जाती है। उन्होंने कहा कि हाइट और उम्र के हिसाब से दवा दिया जाता है। उम्र के हिसाब से डीईसी एवं अल्बेंडाजोल की दवा दी जाती है। वहीं हाइट के हिसाब से आइवरमेक्टिन की दवा दी जाती है।उन्होंने सभी जिलेवासियों से फाइलेरिया रोधी दवा खाने की अपील की है।जिससे कि जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सके। सीएस ने बताया कि अभियान में 382194 लोगों को फाईलेरिया रोधी दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। मौके पर उन्होंने बताया कि अभियान के सफल आयोजन को लेकर कई रणनीति भी बनाई गई। सीएस डॉ रामदेव पासवान ने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए सबका सहयोग जरुरी है। उन्होंने कहा कि दस फरवरी को कर्मचारी अपनी उपस्थिति में लोगों को फाईलेरिया रोधी दवा का सेवन कराएं। उन्होंने बताया कि 10 फरवरी को बूथों में फायलेरिया की दवा दी जाएगी। इसके लिए जिले के चयनित चार प्रखंडों में 730 बूथ बनाए गए हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि इन बूथों में छूटे हुए लोगों को 11 से लेकर 25 फरवरी तक डोर टू डोर जाकर दवा का सेवन कराया जाएगा।सीएस ने बताए कि अभियान में दो वर्ष से कम, गर्भवती महिलाएं एवं गंभीर रोगियों को छोड़ सभी लोगों को दो प्रकार की दवा खिलाई जाएगी। बता दें कि सिमडेगा में इस अभियान की शुरूआत 2019 में हुई थी। इस बार सातवां वर्ष है। जब इस अभियान को युद्ध स्तर पर चलाया जाएगा। इस अभियान के रिजल्ट के बाद इस अभियान की आगे की रणनीति तय की जाएगी।याद रखें फाइलेरिया की दवा सभी को खानी जरूरी है। क्योंकि इस बीमारी के लक्षण की वर्षों के बाद उभरते हैं। इसलिए बीमारी से बेहतर बचाव है। लेकिन कभी भी खाली पेट फाइलेरिया की दवा मत खाएं।आपके बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रयासरत स्वास्थ्य विभाग की इस अभियान में आप सभी सहयोग करें और आईए संकल्प ले कि सिमडेगा को फाईलेरिया मुक्त बनाएं।

# उकौली पंचायत की झामुमो पंचायत स्तरीय समिति का किया गया गठन

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** उकौली पंचायत झामुमो पंचायत स्तरीय समिति का गठन किया गया।प्रखंड के उकौली पंचायत में बानो जिला परिषद सदस्य सह संयोजक मंडली के सदस्य बिरजो कंडुलना और संयोजक मंडली सदस्य धर्मदास तोपनो की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में उकौली पंचायत समिति का गठन किया गया साथ ही कार्यकर्ताओं के द्वारा सदस्यता अभियान भी चलाया।बैठक में झामुमो पंचायत समिति के अध्यक्ष बसंत कंडुलना, उपाध्यक्ष ईमिल कंडुलना,सचिव राशन तोपनो,उप सचिव सुनिल तोपनो,कोषाध्यक्ष लुकास कंडुलना को बनाया गया।मौके पर बिरजो कंडुलना ने उपस्थित लोगों को झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी वहीं उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में वर्तमान झारखंड के अबुआ सरकार द्वारा गरीब किसानों और आम जनों के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया।उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गरीबों की सरकार है।सरकार ग्रामीण क्षेत्रों और गरीबों के विकास के लिए नित प्रतिदिन काम कर रही है।युवाओं महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है।गरीब किसानों को पेंशन,महिलाओं को मइंया सम्मान योजना के तहत सम्मान राशि और गरीबों को अबुआ आवास आदि योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। ग्रामीण किसी भी समस्या के लिए पंचायत समिति और प्रखंड समिति के पदाधिकारीयों से मिल सकते हैं उन्होंने ग्रामीणों को पंचायत दिवस में पंचायत भवन जाकर अपनी समस्याओं की जानकारी देकर समाधान कर सकते हैं।वर्तमान सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर बिरजो कंडुलना के नेतृत्व में काफी संख्या में लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर उकौली मुखिया कृपा हेमरोम, जोसेफ बडिंग, जुनास कंडुलना,जेम्स जोजो, रंजित कंडुलना, के अलावा अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## कार और बाइक में टक्कर बाइक सवार घायल

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र के कोलेबिरा हाई स्कूल के समीप बाइक और कार में हुई टक्कर बाइक सवार को सिर और पैर में लगी चोट जिससे बाइक सवार घायल हो गया।दुर्घटना की सूचना कोलेबिरा थाना को दी गई सूचना मिलते ही थाना के एसआई बन बिहारी कुमार दलबल के साथ पहुंचे और घायल को प्राथमिक इलाज हेतु कोलेबीरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए।मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार संदीप कुल्लू नशे की हालत में था और बाइक से सिमडेगा की ओर जा रहा था वहीं कार सवार कोलेबिरा से लचरागढ़ की ओर जा रहा था।फिलहाल कोलेबिरा स्वास्थ्य केंद्र में घायल का इलाज चल रहा है।दुर्घटना की सूचना मिलते ही कोलेबिरा प्रखंड सांसद प्रतिनिधि सुनील खड़िया और कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि सुलभ नेल्सन डुंगडुंग अस्पताल पहुंचकर घायल का हाल-चाल जाना और डॉक्टर से बेहतर इलाज करने की बात कही।

# झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य फिरोज अली के नेतृत्व में चलाया गया सदस्यता अभियान

नवीन मेल संवाददाता



**करमटोली।** प्रखंड क्षेत्र के महुआ टोली और करमटोली में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य फिरोज अली के नेतृत्व में झामुमो पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष दिशुम गुरु शिबू सोरेन एवं कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन जी के निर्देशानुसार सिमडेगा जिला के कोलेबिरा में सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें झारखंड की अबुआ सरकार एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लोकप्रियता को देखते हुए सैकड़ों लोगों ने झामुमो का सदस्यता ग्रहण किया।मौके पर फिरोज अली ने सबका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में हमारे झारखंड की अबुआ सरकार गरीब किसानों और आम जनों के लिए कई सारी जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं जिनका सीधा लाभ गरीब किसानों को मिल रहा है। युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का काम किया जा रहा है,गरीब किसानों को अबुआ आवास दिया जा रहा है।युवतियों और महिलाओं को हमारी सरकार मैया सम्मान योजना के माध्यम से सम्मान राशि देने का काम कर रही है, अन्य कई सारी योजनाओं का लाभ गरीबों को मिल रहा है। जिससे प्रभावित होकर जिले में हजारों की संख्या में लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।इस मौके पर अनमोल, आशीष,संतोष गोप,चमरू अहीर,विनीता केरकेट्टा,अनिल केरकेट्टा, नीलमणि कुल्लू, सुशीला सोरेन, विल्सन केरकेट्टा, भलेरिया सोरेन, लारेंतुस टेटे, कुलदीप कीड़ो, सोनाली सोरेन,समीर सोरेन, सिल्वेस्टर इंदवार, गुर्जर इंदवार,कलेश राम,कल्याण सोरेन,ननकी देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# बड़ोमदा में आयोजित आमसभा में तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया हुए शामिल

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** प्रखंड के कानारोवां पंचायत ग्राम बड़ोमदा में आयोजित आम सभा में तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया मुख्य रूप से शामिल हुए।ढोल नगाड़े और मांदर की थाप पर थिरकते हुए महिला मंडल की दीदी एवं ग्रामीणों के द्वारा उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।विधायक सुदीप गुड़िया ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए उनके भव्य स्वागत हेतु ग्रामीण जनता का आभार जताया और उनके गांव क्षेत्र में व्याप्त सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।उन्होंने कहा कि जो भी ग्रामीण मुलभुत सुविधाओं से वंचित हैं उन्हें जल सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।आगे कहा कि आप सबों के लिए दिन-रात आपका भाई, आपका बेटा,आपका सेवक बनकर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए काम करुंगा।आप लोगों को ज़ब भी मेरी जरूरत पड़े आपके लिए सदैव हाजिर हुं।उन्होंने कहा की नदी में जल्द ही पुल निर्माण कराया जायेगा जिससे ग्रामीणों की समस्या दूर होगी और सिंचाई के लिए जगह-जगह चैकडेम एवं बोरिंग का निर्माण कराया जाएगा।मौके पर कई ग्रामीणों ने अपने समस्याओं से संबंधित विधायक जी को आवेदन सौंपा मौके पर झामुमो संयोजक समिति सदस्य तनवीर हुसैन,सोशल राहुल केशरी,अरमान तोपनो, बांसजोर जिप सदस्य सह कांग्रेस सेवा दल प्रमुख सामरोम पोल तोपनो,के अलावा झामुमो कार्यकर्ता और आम ग्रामीण उपस्थिति थे।

# नवोदय विद्यालय में हुआ पेस सेटिंग एक्टिविटी कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कोलेबिरा सिमडेगा के तत्वावधान में राजकीय कृत माध्यमिक उच्च विद्यालय जितिया टोली कोलेबिरा में आयोजित पेस सेटिंग एक्टिविटी अत्यंत उत्साह और सफलता के साथ संपन्न हुई।कार्यक्रम में स्थानीय विधालय के छात्र-छात्राओं ने जवाहर नवोदय विद्यालय के शिक्षकों और प्रतिभागियों का पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया।अतिथियों का स्वागत,सम्मान और अभिनंदन करते हुए छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और सांस्कृतिक धरोहर का अद्भुत प्रदर्शन किया।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों के बीच अंग्रेजी भाषा के महत्व को उजागर करना और द्विभाषी शिक्षा के माध्यम से उनकी रचनात्मकता तथा आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करना था।छात्रों,शिक्षकों और प्रधानाचार्य महोदय की सक्रिय भागीदारी ने इस आयोजन को और भी प्रभावशाली और यादगार बना दिया।कार्यक्रम के दौरान प्रभारी प्राचार्य प्रशांत कुमार ने छात्रों के बीच अंग्रेजी भाषा के महत्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।उन्होंने बताया कि मेडिकल,इंजीनियरिंग, और अन्य उच्च शिक्षा संस्थानों में पढ़ाई का अधिकांश भाग अंग्रेजी में होता है।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हिंदी माध्यम के छात्रों के लिए अंग्रेजी में दक्षता हासिल करना आवश्यक है।कार्यक्रम ने यह भी दिखाया कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त करने के लिए अंग्रेजी भाषा का ज्ञान कितना आवश्यक है।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में नामांकन को किया प्रचार-प्रसार

**बानो।** कस्तूरबा गांधी आवसीय विद्यालय बानो में वर्ग 6,7,8व 9में नामांकन को लेकर स्कूल अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समिति सदस्यो के साथ उकोली पंचायत, बेडाइरगी पंचायत, महाबुआग आदि गांवों में जा कर लोगों जागरूक की गई बच्चों के स्कूल भेजें। पीएम श्री कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय बानो की वार्डन सह शिक्षिका अनुराधा कुमारी प्रसाद एवं लेखपाल बिपिन कुमार समद द्वारा नामांकन प्रचार -प्रसार किया गया ।छात्राओं को पढ़ाई के बारे जानकारी देते हुए बताए कि आज आज एक बालिका को शिक्षा देना क्यो आवश्यक है।आज कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में बालिका शिक्षा को लेकर सरकार कई लाभ दे रही है।

# कोशिश एडवेंटिस्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**जलडेगा।** शुक्रवार को कोशिश एडवेंटिस्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्रधाध्यापक सुदर्शन कंडुलना के द्वारा छोटे और बड़े बच्चों के लिए इंग्लिश और हिंदी भाषा में भाषण प्रतियोगिता अयोजित किया गया। भाषण का विषय - खेलों का महत्व, समय का महत्त्व और मित्रता पर आधारित था। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि आरसी उच्च विद्यालय पतिअम्बा जलडेगा के प्रधाध्यापक फादार रिजेन सोरेंग के द्वारा बहुत ही सुन्दर तरीक़े से विजेताओं को सही अंक देकर प्रतियोगिता का निर्णय किया गया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से कहा कि आत्मिश्वास, अनुशासन और परिश्रम ही इंसान को आगे बढ़ाता है और महान बनता है। जिसके बाद स्कूल के प्रधाध्यापक सुदर्शन कंडुलना द्वारा मुख्य अतिथि को धन्यवाद दिया गया। साथ ही उन्होंने बच्चो को कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता करने से शरीर का डर, कम्पन, शर्म, डर और साथ ही साथ भाषा की शैली में भी सुधार होती है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्कूल के निदेशक सुनित कंडुलना, मुकेश लुगुन, नेहा तिरू, देव लगन, रूथ सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# माता समिति सदस्यों को दी गई मिशन वात्सल्य व आंगनबाड़ी से मिलने वाली सेवाओं की जानकारी

नवीन मेल संवाददाता




**जलडेगा।** शुक्रवार को जलडेगा प्रखंड कार्यालय सभागार में लीड्स संस्था द्वारा आंगनबाड़ी की माता समिति सदस्यों और सेविकाओं को मिशन वात्सल्य और आंगनबाड़ी से मिलने वाली सेवाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जलडेगा बाल विकास परियोजना की महिला प्रवेक्षिका जूली किरण और सुखमनी तिर्की उपस्थित थी। कार्यक्रम की शुरुआत महिला प्रवेक्षिका जूली किरण के द्वारा किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए जो हितकारी योजनाएं है उसे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो ऐसे कार्य योजना के साथ मिलकर आगे बढ़ने की जरूरत है। कार्यशाला में उन्होंने माता समिति के कार्य एवं दायित्व को विस्तृत रूप से जानकारी देकर आंगनबाड़ी को आदर्श बनाने की अपील की, उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र की नियमित जांच करना, आंगनबाड़ी केंद्र के लिए संसाधन जुटाने में मदद करना, आंगनबाड़ी केंद्र के लिए समुदाय की भागीदारी बढ़ाने में मदद करना, आंगनबाड़ी केंद्र के लिए आवश्यक सेवाएं प्रदान करना ये सभी माता समिति सदस्यों के कार्य हैं। और इन सब के लिए हम सबको मिलकर काम करने की जरूरत है।लीड्स संस्था के परियोजना समन्वयक आलोक कुमार ने बताया कि आईसीडीएस कार्यक्रम 2 अक्टूबर 1975 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 106वीं जयंती पर शुरू किया गया था। आईसीडीएस कार्यक्रम मानव संसाधन विकास मंत्रालय के महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा चलाया जा रहा देश का सबसे बड़ा और बहुआयामी कार्यक्रम है। इसके अंतर्गत प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और विकास के लिए बहुत पिछड़े ग्रामीण जनजातीय क्षेत्रों में रहने वाले छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों के विकास के लिए और गर्भवती, दूध पिलाने वाली माताओं तथा किशोरी बालिकाओं के लिए समेकित सेवाएं दी जाती हैं। यह एक समुदाय आधारित कार्यक्रम है इसके सफल क्रियान्वयन के लिए लीड्स संस्था नियमित जलडेगा में चिन्हित 24 आंगनबाड़ी केंद्रों को तकनीकी सहयोग कर रही है। परियोजना समन्वयक ने बताया कि आंगनबाड़ी में मुख्य रूप से छः सेवाएं स्कूल पूर्व शिक्षा, पूरक पोषाहार, टीकाकरण, स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा, रेफरल सेवाएं और स्वास्थ्य जांच दी जाती है। वहीं उन्होंने मिशन वात्सल्य से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा "मिशन वात्सल्य" यानी बाल संरक्षण सेवा योजना शुरू की गई है। मिशन वात्सल्य का लक्ष्य भारत के हर बच्चे के लिए एक स्वस्थ एवं खुशहाल बचपन सुनिश्चित करना है। उन्हें अपनी पूर्ण क्षमता का पता लगाने के लिए अवसर प्रदान करना, हर क्षेत्र में विकास के लिए सहायता प्रदान करना, उनके लिए ऐसी संवेदनशील, समर्थनकारी और समकालिक इको-व्यवस्था स्थापित करना है जिसमें उनका पूर्ण विकास हो। मौके पर लीड्स संस्था के कार्यकर्ता सुनीता देवी, फ्रीस्का केरकेट्टा, कलिंद्र प्रधान सहित आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका और माता समिति सदस्य उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की घटनास्थल पर मौत

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र के गहरानाला के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।घटना लगभग 4:30 बजे की है।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल सवार जे एच 01सी डब्लू 6883 में सिमडेगा से कोलेबिरा होते हुए गुमला की ओर जा रहा था इसी क्रम में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उक्त व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।मृतक की पहचान गुमला शास्त्री नगर निवासी सूरज उरांव के रूप में हुई जो मेडिकल रिप्रेजेंटेड(एम आर) का काम करता था।घटना के बाद वाहन को लेकर चालक फरार हो गया।घटना की सुचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी कोलेबिरा शशिशंकर सिंह और एएसआई प्रताप चंद्र महतो पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया।

# अंजुमन इस्लामिया इस्लामपुर का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** अंजुमन इस्लामिया इस्लामपुर का चुनाव शुक्रवार को शांतिपूर्ण वातावरण में हुआ। सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक होने वाले वोटिंग प्रकिया में शाम 5 बजे तक 540 में से 338 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। समाचार लिखे जाने तक लोगों के द्वारा वोट देने का सिलसिला जारी था। बताया गया कि तीन पदों के लिए हो रहे चुनाव में सात प्रत्याशी मैदान में हैं। सदर पद के मो शौकत अली, नौशाद आलम, वाशिउद्दीन अशरफ, सेक्रेट्री पद के लिए इम्तियाज खान, अकील अख्तर और खजांची पद के लिए अय्यूब अंसारी और वशीम अकरम मैदान में हैं। चुनाव को लेकर मोहल्ले में काफी गहमा गहमी रही। चुनाव अधिकारी डॉ इम्तियाज ने बताया कि चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में चल रहा है। निष्पक्षता से चुनाव कराने के लिए कमेटी के लिए खास तैयारी की गई थी। चुनाव को लेकर लोगों का सहयोग भी चुनाव कमेटी को मिला। चुनाव संपन्न कराने में वाशिम अंसारी, तौहीद, वाशिम खान, जुनैद आलम, मो राशिद, नईम, मकबूल, जैद सहित कई लोगों का योगदान रहा।

# अंजुमन उर्दू जिला इकाई की हुई बैठक सदर बने मौलाना मिन्हाजुद्दीन रहमानी

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** अंजुमन तरक्की ए उर्दू जिला इकाई की बैठक गुरुवार की देर शाम सेंट्रल अंजुमन इस्लामिया के दफ्तर में हुई। मो ग्यास की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समिति का पुनर्गठन करते हुए पदधारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें मौलाना मिन्हाजुद्दीन रहमानी को सदर, मो इफ्तेखार,हाफिज एहतेशाम और हाफिज हुसैन को नायब सदर,दानिश अब्दुल्लाह को सचिव, डॉ इम्तियाज को संयुक्त सचिव,इबरार आलम व मो परवेज को सहायक सचिव,तनवीर खान को कोषाध्यक्ष और शहजादा प्रिंस को मीडिया प्रभारी बनाया गया। इसके अलावा दस सदस्यीय कार्यकारणी समिति का गठन किया गया। बैठक में उर्दू के तरक्की पर जोर शोर से काम करने का निर्णय लिया गया। कहा गया कि समिति का विस्तार प्रखंडों में किया जाएगा। ताकि उर्दू भाषा को संरक्षित करने की दिशा में कार्य किया जा सके। बैठक में शमी आलम,डॉ एम आलम,लुकमान हैदर,इफ्तेखार लल्लू,अली ईमाम,महमूद आलम,नैयर अफरोज,अज़ीमुल्ला अंसारी,माज आलम सहित कई लोग मौजूद थे।

दिव्यांग बच्चों के समावेशी शिक्षा को लेकर उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

# दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना ही उद्देश्य : शिक्षा अधीक्षक




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** सर जे सी बोस उच्च विद्यालय में दिव्यांग बच्चों को समावेशी शिक्षा अंतर्गत शिक्षित करने और सरकारी सुविधाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला का शुभारंभ जिला शिक्षा अधीक्षक, मुकुल राज ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बीआरपी, सीआरपी आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। मौके पर दिव्यांगता के 21 प्रकार के बारे में सभी प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी दी गई तथा इस श्रेणी में आने वाले सभी दिव्यांग बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराते हुए सभी को सरकार की सुविधाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही दिव्यांग बच्चों का प्रमाण पत्र बनाने की पूरी प्रक्रिया के बारे में बताया गया तथा जिन बच्चों का प्रमाण पत्र नहीं बना है, उन्हें चिन्हित कर प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए गए। साथ ही बताया गया कि विद्यालय में दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण, ट्रांसपोर्ट जैसे अन्य सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है, जिससे उन्हें मदद मिल सकें। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक ने बताया कि दिव्यांग बच्चों को समावेशी शिक्षा से जोड़ने के लिए उन्मुखीकरण कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं। जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा कि इन कार्यशालाओं का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा में लाना होता है। इन कार्यशालाओं में दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों और शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने बताया कि दिव्यांग बच्चों को समावेशी शिक्षा से जोड़ने के लिए, सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं ताकि उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सकें।

## संक्षारण व कोटिंग्स -2025 पर द्वितीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सफल समापन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** ताज विवांता में आयोजित आई3सी - 2025 सम्मेलन का दूसरा दिन बहुत सफल रहा, जिसमें दुनिया भर के उद्योग विशेषज्ञ, अनुसंधान विद्वान और पेशेवर ने संक्षारण एवं उन्नत कोटिंग्स के क्षेत्र में गतिशील पर चर्चा में शामिल हुए। यह सम्मेलन भारतीय धातु संस्थान (आईआईएम), जमशेदपुर चैप्टर द्वारा सीएसआईआर-एनएमएल, टाटा स्टील और एनआईटी जमशेदपुर के सहयोग से आयोजित किया गया। सम्मेलन के सुबह के सत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों स्तरों के वक्ताओं के साथ प्रभावशाली पूर्ण सत्र, मुख्य भाषण, तकनीकी वार्ता और समानांतर पोस्टर सत्रों की श्रृंखला आयोजित की गई। मुख्य वक्ताओं ने संक्षारण निगरानी, लेखा परीक्षा, पूर्वानुमान मॉडलिंग और कोटिंग्स में उभरते विषयों पर बहुमूल्य अंतरदृष्टि साझा की। समानांतर पोस्टर सत्रों ने प्रतिभागियों को शोधकर्ताओं के साथ सीधे जुड़ने, अपने विचारों को आदान-प्रदान करने और संभावित सहयोग की खोज करने का अवसर दिया। सम्मेलन के दूसरे दिन के सबसे प्रतीक्षित खंडों में से एक 'संक्षारण चुनौतियां, सतत विकास और परिपत्र अर्थव्यवस्था - आगे का रास्ता' शीर्षक पर पैनल चर्चा थी। 'सीएसआईआर-एनएमएल के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. रघुवीर सिंह द्वारा संचालित इस सत्र में उद्योग और अनुसंधान एवं विकास संस्थानों के विशेषज्ञ एक साथ एकत्रित हुए।

## अज्ञात वाहन ने युवक को मारी ठोकर, मौत, चालक फरार



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी गिरिडीह** बिरनी बिरनी प्रखंड के भरकट्टा ओपी क्षेत्र के खुरजीओ गांव में बीती रात हुई सड़क दुर्घटना में अजित कुमार दास की मृत्यु से पूरे गांव में शोक की लहर है। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल युवक को गिरिडीह सदर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिवारजन गहरे सदमे में हैं, और गांव में मातम का माहौल है। अज्ञात वाहन का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शुक्रवार को ही उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है, और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अज्ञात वाहन चालक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। प्रशासन से मांग की जा रही है कि इस मामले की गहन जांच कर दोषी वाहन चालक के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए।

### क्या कहते हैं ओपी प्रभारी

इस संबंध में भरकट्टा ओपी प्रभारी अमन कुमार ने बताया है कि घटना सूचना मिलने के बाद अज्ञात वाहन की खोजबीन शुरू कर दिया है। जल्द गिरफ्त होगा।

38वें नेशनल गेम्स के लिए झारखंड से गए एथलेटिक्स तकनीकी पदाधिकारी

## झारखंड से पांच तकनीकी पदाधिकारी देहरादून रवाना

**रांची।** 38 वे नेशनल गेम्स, उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी तक 2025 तक आयोजित है, जिसमें एथलेटिक्स की स्पर्धा देहरादून के महाराजा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 08 से 12 फरवरी 2025 तक आयोजित किया जाएगा। इसमें झारखंड राज्य से अंतरराष्ट्रीय तकनीकी पदाधिकारी एसके पांडेय, अशोक भट्टाचार्य एवं राष्ट्रीय तकनीकी पदाधिकारी सीडी सिंह, अनवर हुसैन, फरीद उत्तराखंड के लिए रवाना हुए। इसके पूर्व एसके पांडेय, अशोक भट्टाचार्य कॉमन वेल्थ गेम्स, समेत कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में राज्य की ओर से तकनीकी पदाधिकारी का दायित्व निभा चुके हैं। वहीं सीडी सिंह, अनवर हुसैन, फरीद ने भी कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में राज्य की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर अपना दायित्व निर्वहन किया है। सभी तकनीकी पदाधिकारियों को झारखंड एथलेटिक्स संघ के पदाधिकारीयों एवं राज्य के खेल प्रेमियों ने शुभकामना दी।

### साई डीप पेस फाउंडेशन 133 रन से जीता




**रांची।** लिटिल विंग बी डिवीजन टूर्नामेंट पीटी ग्राउंड में साई ई बनाम साई डीप पेस फाउंडेशन के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी साई डीप पेस फाउंडेशन ने 35 ओवर में नौ विकेट पर 285 रन बनाया। अभि ने 131 व अंश मौर्य ने 59 रन बनाया। वहीं चिराग भारती ने 74 रन देकर 4 विकेट, संदीप ने 57 रन देकर 3 विकेट लिया। साई ई टीम ने जवाबी पारी खेलने उतरी तो 28.3 ओवर में 10 विकेट पर 152 रन बनाया। शिवाय सिहना ने 60 रन व विक्रम ने 25 रन बनाया। अभि ने 22 रन देकर 3 विकेट लिया। वहीं हर्षित तिवारी व कार्तिक ने 2 विकेट लिया। साई डीप पेस फाउंडेशन 133 रन से जीता।

### गुरु गोविंद सिंह स्कूल 273 रन से जीता



**रांची।** वेंचर स्किल अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट गोलचक्कर ग्राउंड में गुरु गोविंद सिंह स्कूल बनाम डीएवी बेड़ो के बीच खेला गया। गुरु गोविंद सिंह स्कूल 35 ओवर में चार विकेट पर 347 रन बनाया। वहीं अमन ने 130, प्रिंस ने 103, विवेक ने 24, अभिषेक ने 15 व अभिषेक ने 14 रन बनाया। गेंदबाज में सनोज उराँव ने 74 रन देकर 3 विकेट, अंशू ने 71 रन देकर 1 विकेट लिया। वहीं डीएवी बेड़ो ने 25 ओवर में 10 विकेट पर 74 रन बनाया। लाल उत्तम ने 15, आशीष ने 14 रन बनाया। प्रिंस कुमार ने 24 रन देकर 4 विकेट, प्रिंस कुमार ने 8 रन देकर 2 विकेट व रिशु कुमार ने 14 रन देकर 2 विकेट लिया। गुरु गोविंद सिंह स्कूल 273 रन से जीता।

# झारखंड के तीन दिव्यांग खिलाड़ी इंटर जोन दिव्यांग क्रिकेट के लिए हैदराबाद रवाना





**नवीन मेल संवाददाता। रांची** डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया (डीसीसीआई) की और से इंटर जोन दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट - 2025 का आयोजन हैदराबाद में किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त प्रधानमंत्री टूर्नामेंट हो रहा है. सभी क्रिकेट मैच राजीव गांधी एंटरटेनमेंट इंटरनेशनल स्टेडियम हैदराबाद में होगा. टूर्नामेंट 10 से 14 फरवरी 2025 हैदराबाद में होने जा रहा है जिसके लिए झारखंड से तीन खिलाड़ियों का चयन कर दिया गया है, मनीष कुमार, विकास यादव और अबू ताहिर अंसारी को मौका दिया गया है। इंटर जोन में मनीष कुमार टीम के उप कप्तान होंगे. आफताब आलम ने कहा कि इन तीनों खिलाड़ी को 9 तारीख को रिपोर्टिंग करना है। हम आशा करते हैं कि आप अपना अच्छा प्रदर्शन करेंगे और हमारे राज्य का नाम रोशन करेंगे। यह तीनों खिलाड़ी 7 तारीख को रांची से हैदराबाद के लिए प्रस्थान करेंगे। यह प्रतियोगिता बहुत ही रोमांचकारी रहेगी. दिव्यांग खिलाड़ी सामान्य लोगों को अपने हौसलों का दम दिखाएंगे. उन्होंने बताया कि, इन खिलाड़ियों का चयन पिछले वर्ष में हुए विभिन्न टूर्नामेंट में प्रदर्शन को आधार मानकर गया है. दिव्यांग खिलाड़ी सामान्य लोगों को अपने हौसलों का दम दिखाएंगे. उन्होंने बताया कि, इन खिलाड़ियों का चयन पिछले वर्ष में हुए विभिन्न टूर्नामेंट में प्रदर्शन को आधार मानकर गया है. झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन फॉर डिफरेंटली एबल्ड के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष अर्जित आनंद, सरफे आलम, जगदीश सिंह जग्गू, सचिव आफताब आलम , सचिव मुकेश कुमार दुबे, डॉक्टर शमशेर राही,सिमी गायकवाड, जाहिद अंसारी, अफरोज अंसारी, वारिस कुरैशी, गायकवाड ,संतोष स्टूडियो ने तीनों खिलाड़ियों को बधाई दिया।

### डबरी से महाकुंभ और अयोध्या हुए रवाना



**बिरनी।** बिरनी प्रखंड के डबरी में श्रद्धालुओं का प्रयागराज महाकुंभ और अयोध्या यात्रा के लिए रवाना होना उनके धार्मिक आस्था और भक्ति का प्रतीक है। इस यात्रा में ग्रामवासियों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया। घर से निकलने से पहले पूजा-अर्चना और बस में जय श्री राम के नारों से माहौल भक्तिमय हो गया। इस धार्मिक यात्रा में पवन विश्वकर्मा, महेंद्र विश्वकर्मा, सुरेंद्र विश्वकर्मा, अनूप कुमार, बलराम वर्मा, भूपेंद्र कुमार, रामसेवक वर्मा, सुजीत वर्मा, कौशल कुमार, नागेश्वर महतो, तारकेश्वर विश्वकर्मा सहित अन्य श्रद्धालु और महिलाएं भी शामिल हैं। अयोध्या में भगवान राम लला के दर्शन और महाकुंभ में स्नान करने का अवसर ग्रामवासियों के लिए एक अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव होगा। इस यात्रा से न केवल धार्मिक आस्था मजबूत होगी बल्कि समुदाय में एकजुटता और भाईचारे की भावना भी बढ़ेगी।

### ईस्ट जोन चेस चैंपियनशिप : बीएचयू व बीआईटी के बीच मैच ड्रा



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय की मेजबानी में एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू ) द्वारा आयोजित ईस्ट जोन चेस चैंपियनशिप (पुरुष) के तीसरे दिन के मुकाबलों के पांच चक्रों के बाद कलकत्ता, जादवपुर और पटना विश्वविद्यालय के प्रतिभागी आगे चल रहे हैं। शुक्रवार को हुए मुकाबलों में कलकत्ता विवि ने एलएन मिथिला विवि, जादवपुर विवि ने विद्यासागर विवि को और पटना विवि ने एसओए विवि को मात दी। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय और बीआईटी मेसरा के बीच हुआ मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इस दौरान एआईयू के ऑब्जर्वर डॉ एनआर राजकुमार, चीफ आर्बिटर असित वरन चौधरी, आयोजन समिति के सचिव सुभाष शाहदेव एवं सह संयोजक श्री राहुल रंजन भी उपस्थित रहे। विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, कुलपति प्रो सी जगनाथन और राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने प्रतियोगिता में भाग लेनेवाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है।

**Government of Jharkhand**
**Department of Information Technology and e-Governance**
**3rd Floor, Jharkhand Mantralaya, Dhurwa, Ranchi-834004**

**Cancellation Notice**

It is to inform that the tender reference no. ASA & AUA/KUA Audit-06/2024-25 against advertisement PR. No. 343680 has been cancelled due to unavoidable circumstances.

Sd/-
(Bhim Rabidas)
Deputy Secretary to Government

PR 345992 (Information Technology)24-25*D

बरही में भी प्रारंभ हुआ झारोटेफ का हस्ताक्षर अभियान

## दर्जनों शिक्षकों ने लिया भाग



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** झारोटेफ के प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत सिंह एवं राज्य कमेटी के निदेर्शानुसार बरही प्रखंड में हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत किया गया. यह अभियान झारोटेफ ने राज्यकर्मियों के ज्वलंत मांगों को लेकर चलाया है. जो पूरे प्रदेश में प्रखण्ड से लेकर राज्य स्तर तक चरणबद्ध तरीके से चलाया जायेगा. जिसका मुख्य उद्देश्य मांगो को सरकार तक पहुंचाने के लिए सीएम को ज्ञापन सौंपना है. इनके मुख्य मांगो में शिक्षक संवर्ग को अन्य राज्य कर्मियों की तरह एमएसीपी का लाभ, राज्य कर्मियों के सेवानिवृति की उम्र को 62 वर्ष करना एवं केंद्रीय कर्मचारीयों की भांति राज्य कर्मियों को शिशु शिक्षण भत्ता का लाभ देना शामिल है. आंदोलन दो चरणों में चलाया जाना है. प्रथम चरण 7 से 28 फरवरी तक चलाया जाएगा. इस दौरान समस्त राज्य कर्मियों को ज्वलंत मुद्दों की जानकारी देते हुए सबों से हस्ताक्षर करवाना है. वही दूसरे चरण के तहत हस्ताक्षरित ज्ञापन को मुख्यमंत्री को सुपुर्द किया जायेगा. बरही प्रखंड में इस अभियान के पहले दिन संगठन के जिला सचिव किशोरी महतो, सोशल मीडिया प्रभारी तुलसी कुमार दास, लवली कुमारी आदि शिक्षको ने महत्ती जिम्मेवारी निभाई.

जेएससीए अंतर जिला अंडर-19 ( एलीट ग्रुप) क्रिकेट टूर्नामेंट

## पश्चिम सिंहभूम को 83 रनों से हराकर रांची की टीम बनी चैंपियन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** नितिन पांडेय के शानदार शतक तथा अमन कुमार एवं अमर्तिया चौधरी के शानदार अर्धशतक की बदौलत रांची ने पश्चिम सिंहभूम को 83 रनों से हराकर जेएससीए अंतर जिला अंडर-19 ( एलीट ग्रुप) क्रिकेट टूर्नामेंट खिताब जीत लिया। ओवल ग्राउंड में खेले गए इस मैच में रांची ने पहले खेलते हुए निर्धारित 50 ओवर में 8 विकेट खोकर 330 रन बनाए। नितिन पांडेय ने पांच छक्के एवं 10 चौके की मदद से 107, अमन कुमार ने तीन छक्के एवं 6 चौके मदद से 89, अमर्तिया चौधरी ने छह छक्के व सात चौके की मदद से 86, अनमोल राज ने 30 एवं योगेश भास्कर ने 24 रन बनाए। पश्चिम सिंहभूम की ओर से गौरव सिंह ने 53 रन देकर तीन तथा डेविड सागर, साकेत, आशीष, श्रेयस व पीयूष ने एक-एक विकेट लिया।

### नितिन पांडेय ने बनाया शतक

जवाब में पश्चिम सिंहभूम की टीम ने 44.1 ओवर में सभी विकेट होकर 247 रन बनाए। अमर्तिया चौधरी ने छह छक्के व सात चौके की मदद से 86 , राहुल महतो ने 32 , रोहित ने 30 एवं आशीष ने 35 रनों को योगदान किया। रांची की ओर से विवेक सिंह ने 36 रन देकर चार तथा अमृत और योगेश भास्कर ने दो-दो विकेट लिए। रांची के नितिन पांडेय को मैन ऑफ द मैच चुना गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि अखिलेश कुमार झा ( आईपीएस, आईजी, रांची ) ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर जेएससीए के अध्यक्ष संजय सहाय, संयुक्त सचिव पीएन सिंह, राजू शर्मा, झारखंड अंडर- 19 चयन समिति के चैयरमेन सौरव तिवारी, मांधाता सिंह, रणजीत सिंह आदि मौजूद थे।

### अचीवर्स ने 156 रनों से जीत दर्ज की




**रांची।** सरला देवी बिड़ला अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट नेहरू ग्राउंड में अचीवर्स बनाम साई मोरहाबादी ब्लू के बीच खेला गया। अचीवर्स ने 30 ओवर में पांच विकेट पर 234 रन बनाया। आदित्य ने 60, पुनित ने 43, अभय ने 28 व उत्सव ने 27 रन बनाया। विकास ने 38 रन देकर 2 विकेट लिया। साई मोराबादी ब्लू ने 22.2 ओवर में 10 विकेट पर 78 रन बनाया। वशिष्ठ ने 18, ऋतुराज ने 12 रन बनाया। वहीं यश ने 18 रन देकर 3 विकेट व हर्षित ने 15 रन देकर 3 विकेट लिया। अचीवर्स ने 156 रनों से जीत दर्ज की।

भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल ने किया कार्यशाला का आयोजन

# संगठन को मजबूत करना हमारी प्राथमिकता : संजीव कुमार बाबला

*सभी बूथ अध्यक्ष ने वंदे मातरम गीत गाकर मां भारती के चरणों में पुष्प अर्पित किया*



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल द्वारा 7 फरवरी को कार्यशाला किया गया. भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में रामगढ़ कैंट मंडल चुनाव अधिकारी संजीव कुमार बाबला उपस्थित हुए. उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करना हमारी पहली प्राथमिता है। कार्यशाला का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया. साथ ही सभी बूथ अध्यक्ष ने वंदे मातरम गीत गाकर मां भारती के चरणों में पुष्प अर्पित किया. कार्यक्रम को विस्तार रूप से मुख्य अतिथि संजीव कुमार बाबला ने बताया कि संगठन महापर्व चुनाव के दृष्टिकोण से मंडल अध्यक्ष. बूथ अध्यक्ष तथा समिति की घोषणा कर आगामी 12 फरवरी तक मंडल अध्यक्ष को जमा करेंगे. मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव ने आठ शक्ति केंद्र के चुनाव अधिकारी बनाये गए हैं। वार्ड नंबर 1 राजीव रंजन प्रसाद, वार्ड नंबर 2 वसुध तिवारी, वार्ड नंबर 3 अनमोल सिंह, वार्ड नंबर 4 आलोक सिंह,वार्ड नंबर 5 बृजेश पाठक, नंबर वार्ड 6 शिवकुमार महतो, वार्ड नंबर 7 रमेश करमाली एवं वार्ड नंबर 8 दीनदयाल कुमार का नाम घोषित कर सभी शक्ति केंद्र के प्रभारी के नामों को बताया. कार्यक्रम में प्रदेश कार्य समिति के सदस्य रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, जिला उपाध्यक्ष रंजन सिंह फौजी, महेंद्र प्रजापति, प्रमंडल प्रवक्ता नरेंद्र चंचल, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य दीपक सोनकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक सिंह द्वारा अपने-अपने बातों को रखकर यह जानकारी दी की भाजपा एक परिवार की पार्टी है और हम सब उसके अंग हैं.

### रांची ने वेस्ट सिंहभूम को हरा कर खिताब पर जमाया कब्जा




**रांची।** रांची के जेएससीए ओवल ग्राउंड में खेले गए जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 19 एलीट ग्रुप टूर्नामेंट में आज रांची ने वेस्ट सिंहभूम को फाइनल मुकाबले में 83 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रांची ने निर्धारित 50 ओवरों 8 विकेट खोकर 330 रन बनाए। नितिन पाण्डेय ने 107 और अमन ने 89 रन बनाए गौरव को 3 विकेट प्राप्त हुआ। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्ट सिंहभूम की पूरी टीम 44.1 ओवरों में 247 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। अमर्त्य ने 86 और आशीष ने 35 रन की पारी खेली। विवेक को 4 विकेट तथा योगेश और अमृत को 2-2 विकेट प्राप्त हुआ। नितिन पाण्डेय को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

प्रखंड में संचालित अल्ट्रा साउंड क्लीनिकों की हुई जांच

## आठ में छह अल्ट्रा साउंड क्लीनिक मिले बंद



**नवीन मेल संवाददाता। डुमरी** कन्या भ्रूण हत्या और लिंगानुपात में गिरावट को रोकने के लिए शुक्रवार को प्रभारी एसडीएम जीतराय मुर्मु के नेतृत्व में जांच टीम ने प्रखंड में संचालित अल्ट्रा साउण्ड क्लीनिकों की जांच की। टीम में डीआरसीएचओ आरपी दास, डुमरी रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी राजेश महतो, सीएस कार्यालय के प्रधान सहायक विजय कुमार और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी कार्यालय के प्रधान सहायक शंकर ठाकुर शामिल थे। इस दौरान टीम जांच के लिए आठ अल्ट्रा साउण्ड क्लीनिक पहुंची जिसमें छह बंद मिले। टीम को मात्र दो अल्ट्रासाउण्ड क्लीनिक क्षितिज अस्पताल और करूणामयी खुला मिला। जहां टीम ने अल्ट्रासाउण्ड की सत्यता और संचालन विधि की जांच पड़ताल की। टीम में शामिल डुमरी रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि भ्रूण हत्या और लिंगानुपात में कमी को रोकने के लिए जांच अभियान चलाया गया था। बताया कि जांच में बंद पाये गये अल्ट्रा साउण्ड क्लीनिक के संचालकों को स्पष्टीकरण पुछा जायेगा। नियमतः क्लीनिक बंद रखने के पूर्व संचालकों को इसकी सूचना स्थानीय स्वास्थ्य विभाग को देनी होती है।

**राँची समाहरणालय, राँची**
**(समाज कल्याण शाखा)**
(जिला बाल संरक्षण इकाई)
गुमशुदा बालिका की सूचना
(बाल कल्याण समिति, रांची के आदेशानुसार)



. नाम– परी कुमारी
. लिंग– बालिका
. पिता का नाम– स्व० रोहित पोद्दार
. माता का नाम– स्व० सवित्री देवी
. पता– नया टोला, थाना–पंडरा, जिला–राँची।
. उम्र – 05 वर्ष 09 माह (लगभग)
. रंग – गोरा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बाल कल्याण समिति, राँची के आदेशानुसार एक बालिका परी कुमारी को करूणा एन०एम०ओ०, राँची में आवासित किया गया है। बालिका के सामाजिक अन्वेशण प्रतिवेदन के आधार पर माता–पिता की मृत्यु हो गयी है। बालिका के रिस्तेदार एवं विधिक संरक्षक का पता लगाने हेतु राज्य स्तरीय एवं स्थानीय अखबार में विज्ञापन प्रकाशित की गयी है। उक्त बालिका के रिस्तेदार एवं विधिक संरक्षक का विज्ञापन प्रकाशन के 120 दिनों (04 माह) तक कोई दावा प्रस्तुत नहीं होने पर दत्तक ग्रहण मार्गदर्शिका 2017 के नियम, 6 के उपनियम, 13 के अन्तर्गत बालिका को दत्तक ग्रहण हेतु बाल कल्याण समिति, राँची द्वारा कानुनी रूप से मुक्त किया जा सकेगा।

**दावा प्रस्तुत करने का पता एवं संपर्क नम्बर–**

1. बाल कल्याण समिति, राँची
   राँची समाहरणालय, राँची, भवन–ब्लॉक बी,
   कमरा संख्या–110
2. जिला बाल संरक्षण इकाई, राँची।
   राँची समाहरणालय, राँची, भवन–ब्लॉक बी,
   कमरा संख्या–111 सम्पर्क सूत्र–6513505516

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, राँची। | जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, राँची।

PR.NO.346023 Social Welfare,Women and Child Development(24-25):D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

प्रेमचंद हमेशा मानते थे कि समाज में सभी व्यक्तियों को समान अधिकार मिलने चाहिए। उनका उद्देश्य था कि समाज में हर वर्ग के लोगों को न्याय मिल सके, खासकर गरीब, दलित और शोषित वर्ग को। - मुंशी प्रेमचंद

## संपादकीय

# बेटिकट रेल यात्री सिरदर्द भी और कमाई भी

भारतीय रेलवे पैसेंजर्स की संख्या दुनिया में सबसे ज्यादा है। प्रतिदिन लाखों-करोड़ों की संख्या में लोग ट्रेन से सफर करते हैं। लेकिन ऐसे यात्रियों की संख्या में भी कोई कमी नहीं हुई जो बेटिकट यात्रा करते हैं। ऐसे यात्रियों के पकड़े जाने पर उनपर जुर्माना लगाया जाता है। रेलवे ने 2022-23 में गलत टिकट या बिना टिकट यात्रा कर रहे 3.6 करोड़ यात्रियों को पकड़ा, जो पिछले साल की तुलना में करीब एक करोड़ अधिक है। सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत मिले जवाब में यह जानकारी सामने आई। आरटीआई जवाब के मुताबिक, वर्ष 2019-2020 में 1.10 करोड़ लोग बिना टिकट या गलत टिकट के साथ यात्रा करते पकड़े गए थे, जबकि 2021-22 में यह संख्या बढ़कर 2.7 करोड़ और 2022-23 में 3.6 करोड़ हो गई।जबकि 2020-21 में, जिस साल कोविड-19 महामारी फैली, यह आंकड़ा 32.56 लाख था। मध्य प्रदेश के सामाजिक कार्यकर्ता चंद्रशेखर गौड़ को आरटीआई के जवाब में रेलवे ने पिछले तीन वर्षों में ऐसे यात्रियों से वसूली गई राशि के आंकड़े भी दिए। आंकड़ों के मुताबिक, रेलवे ने ऐसे यात्रियों से वित्त वर्ष 2020-21 में 152 करोड़ रुपये, 2021-22 में 1,574.73 करोड़ रुपए और 2022-23 में 2,260.05 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला। गत वर्ष एक अप्रैल से 14 मई तक अनियमित यात्रा के कुल 4 लाख 87 हजार 600 मामले सामने आए, जिनसे जुर्माने के रूप में लगभग 31 करोड़ 55 लाख वसूला गया। इसके लिए पांचों मंडलों में अधिकारियों की अलग-अलग टीम बनाकर स्टेशन एवं ट्रेनों में विशेष टिकट जांच अभियान चलाया गया। अभियान के फलस्वरूप रेलवे ने यह उपलब्धि हासिल की । पूरे भारत में यह बेटिकट यात्रियों से यह सर्वाधिक वसूली थी पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी के अनुसार दानापुर मंडल, सोनपुर मंडल, पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल, समस्तीपुर मंडल और धनबाद मंडल में टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। करीब डेढ़ माह में रेलवे ने चार लाख से ज्यादा बेटिकट यात्रियों से लगभग 31 करोड़ 55 लाख रुपए वसूले गए। इससे रेलवे को राजस्व का कितना घाटा पड़ा होगा इसका सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। इसी को देखते हुए भारतीय रेलवे ने यात्रियों को टिकट लेकर यात्रा करने के लिए प्रेरित करने तथा बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों को पकड़ कर उनसे जुर्माना वसूल करने के लिए अभियान चला रखा है। इसी सिलसिले में पंजाब में रेलवे के फिरोजपुर मंडल के टिकट चैकिंग स्टाफ ने बेटिकट यात्रियों को पकडऩे के लिए चलाए गए विशेष अभियान के दौरान दिसम्बर, 2024 के महीने दौरान 27,834 यात्रियों से 2.72 करोड़ रुपए जुर्माना वसूल किया है। रेलवे में 70 मंडल हैं और यह एक मंडल से वसूल किया गया जुर्माना है। यदि सभी मंडलों से बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों से सख्ती से जुर्माना वसूल किया जाए तो रेलवे का सारा आर्थिक संकट दूर हो सकता है।

*गत वर्ष एक अप्रैल से 14 मई तक अनियमित यात्रा के कुल 4 लाख 87 हजार 600 मामले सामने आए, जिनसे जुर्माने के रूप में लगभग 31 करोड़ 55 लाख वसूला गया।*

## केंद्रीय बजट वर्ष 2025-26

# वस्त्र क्षेत्र को बढ़ावा

भारतीय परिधान और वस्त्र उद्योग लगभग 176 बिलियन अमेरिकी डॉलर का है, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 2 प्रतिशत का योगदान देता है। यह विनिर्माण उत्पादन का लगभग 11 प्रतिशत हिस्सा है। वस्त्र उद्योग देश में रोजगार सृजन के सबसे बड़े स्त्रोतों में से एक है, यह प्रत्यक्ष रूप से 45 मिलियन से अधिक वस्त्र श्रमिकों को रोजगार देता है। भारत वस्त्र और परिधानों का छठा सबसे बड़ा निर्यातक है। इस क्षेत्र में वैश्विक व्यापार में इसकी हिस्सेदारी लगभग 4 प्रतिशत है। देश के कुल व्यापारिक निर्यात में हस्तशिल्प सहित वस्त्र और परिधान (टी एंड ए) की हिस्सेदारी वर्तमान में लगभग 8 प्रतिशत है। यह क्षेत्र मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, महिला सशक्तीकरण और ग्रामीण युवा रोजगार जैसी सरकार की प्रमुख पहलों के साथ पूरी तरह से संरेखित है।

बजट में वर्ष 2025-26 के लिए वस्त्र मंत्रालय के लिए 5,272 करोड़ रुपये के परिव्यय की घोषणा की गई। यह वर्ष 2024-25 के बजट अनुमानों (4417.03 करोड़ रुपये) की तुलना में लगभग 19 प्रतिशत की वृद्धि थी, और हाल के वर्षों में यह सबसे अधिक है। वस्त्रों के लिए उत्पादन से जुड़ी निवेश योजना का बजट वर्ष 2024-25 में 45 करोड़ रुपये (बीई) से बढ़ाकर इस वर्ष 1148 करोड़ रुपये कर दिया गया है। वस्त्रों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना देश की विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने और पांच वर्ष की अवधि में 10,683 करोड़ रुपये के स्वीकृत वित्तीय परिव्यय के साथ निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कार्यान्वित की जा रही है। यह मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ), एमएमएफ परिधान और तकनीकी वस्त्र क्षेत्र जैसे उभरते क्षेत्रों को कवर करता है, ताकि इन क्षेत्रों को आकार और पैमाने हासिल करने में सक्षम बनाया जा सके, ताकि वे विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकें।

केंद्रीय बजट वर्ष 2025-26 में 'कपास उत्पादकता के लिए मिशन' की घोषणा की गई है। यह 5 वर्षीय मिशन कपास की खेती की उत्पादकता और स्थिरता में महत्वपूर्ण सुधार लाएगा। यह अतिरिक्त लंबे स्टेपल वाली कपास की किस्मों को बढ़ावा देगा। इस मिशन को कृषि एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और वस्त्र मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से लागू किया जाएगा। वस्त्र मंत्रालय का राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (i) अनुसंधान, नवाचार और विकास, (ii) संवर्धन और बाजार विकास (iii) शिक्षा और कौशल तथा (iv) तकनीकी वस्त्रों में निर्यात संवर्धन पर केंद्रित है। बजट में दो और प्रकार के शटल-लेस लूम को पूरी तरह से छूट प्राप्त वस्त्र मशीनरी की सूची में जोड़ा गया है। वस्त्र उद्योग में उपयोग के लिए शटल-लेस लूम रैपियर लूम (650 मीटर प्रति मिनट से कम) और शटल-लेस लूम एयर जेट लूम (1000 मीटर प्रति मिनट से कम) पर शुल्क मौजूदा 7.5 प्रतिशत से शून्य कर दिया गया है। नौ टैरिफ लाइनों के अंतर्गत आने वाले बुने हुए कपड़ों पर बुनियादी सीमा-शुल्क दर को "10 प्रतिशत या 20 प्रतिशत" से बढ़ाकर "20 प्रतिशत या 115 रुपये प्रति किलोग्राम, जो भी अधिक हो" करने की बजट घोषणा से बुने हुए कपड़ों के सस्ते आयात पर अंकुश लगाकर घरेलू वस्त्र उद्योग को मजबूती मिलेगी। यह उपाय घरेलू स्तर पर उत्पादित कपड़ों के उपयोग को प्रोत्साहित करेगा, क्षमता उपयोग को बढ़ावा देगा और स्थानीय विनिर्माण में निवेश को प्रोत्साहित करेगा।

बजट में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को अर्थव्यवस्था में परिवर्तनकारी सुधार लाने के लिए एक स्त्रोत के रूप में पहचाना गया है। यह वस्त्र क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत की वस्त्र और परिधान उत्पादन क्षमता का अधिकांश हिस्सा एमएसएमई द्वारा किया जाता है, जो इस क्षेत्र का 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। एमएसएमई के लिए वर्गीकरण मानदंडों में संशोधन जैसे प्रावधान गारंटी कवर के साथ ऋण उपलब्धता में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ उन्हें पैमाने की उच्च दक्षता, तकनीकी उन्नयन और पूंजी तक बेहतर पहुंच प्राप्त करने में मदद करेंगे। संशोधित वर्गीकरण के साथ, अब अधिक इकाइयाँ एमएसएमई के अंतर्गत आएंगी। उपरोक्त एजेंडे को आगे बढ़ाने और भारतीय वस्त्र उद्योग को बढ़ावा देने के लिए, एक मेगा इवेंट - भारत टेक्स 2025, 11 प्रमुख वस्त्र उद्योग निकायों द्वारा आयोजित किया जा रहा है और वस्त्र मंत्रालय द्वारा समर्थित है। भारत टेक्स 2025 विस्तार और लक्ष्य दोनों के लिहाज से दुनिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा आयोजन होगा, क्योंकि यह कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पादों और सहायक उपकरणों सहित पूरे वस्त्र उद्योग मूल्य श्रृंखला को एक ही स्थान पर उपलब्ध होगा।


अनुकूल वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं और वस्त्र स्थिरता के दोहरे विषयों के आसपास निर्मित - यह कार्यक्रम स्थिरता, नवाचार और वैश्विक सहयोग पर केंद्रित है। मुख्य कार्यक्रम 14-17 फरवरी, 2025 को भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। इसमें कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पादों तक वस्त्रों की पूरी मूल्य श्रृंखला को सक्षम नीति समर्थन के साथ कवर किया जाएगा, जबकि सहायक उपकरण, परिधान मशीनरी, रंग और रसायन तथा हस्तशिल्प जैसी संबंधित प्रदर्शनियां 12 से 15 फरवरी, 2025 तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट ग्रेटर नोएडा में आयोजित की जाएंगी।

संपूर्ण कच्चे माल मूल्य श्रृंखला में भारत को आत्मनिर्भर बनाने, अधिक निवेश प्राप्त करने, अपने घरेलू बाजार के आकार और निर्यात को बढ़ाने और बड़े पैमाने पर आजीविका के अवसरों को सुनिश्चित करने के लिए अपनी क्षमता को बनाए रखने एवं बढ़ाने के प्रयासों को सक्षम नीति समर्थन के साथ और अधिक सक्रिय करने की आवश्यकता होगी।

आज की बात



**गिरिराज सिंह**
केंद्रीय वस्त्र मंत्री



# कोटा से मिटाने होंगे आत्महत्याओं के दाग

राजस्थान का कोटा शहर जितना शैक्षणिक संस्थाओं के लिए प्रसिद्ध है, उतना ही अब यहां के कोचिंग संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जाने वाली आत्महत्या के कारण देशभर में बदनाम हो रहा है। हालांकि कोटा में छात्र आत्महत्याओं के मामले यहां पर कोचिंग लेने वाले छात्रों की संख्या की तुलना में बहुत कम है। मगर यहां पढ़ने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्याओं की दुखद घटनाओं को भी नकारा नहीं जा सकता है। पिछले जनवरी माह में ही कोटा में 6 विद्यार्थियों ने आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। इसी साल 8 जनवरी को हरियाणा के महेंद्रगढ़ निवासी छात्र नीरज, 9 जनवरी को गुना मध्य प्रदेश के अभिषेक लोधा, 15 जनवरी को उड़ीसा के अभिजीत गिरी, 18 जनवरी को बूंदी जिले के मनन जैन, 22 जनवरी को अहमदाबाद गुजरात की अफ्शा शेख और 22 जनवरी को ही नौगांव असम के छात्र पराग ने आत्महत्या कर ली थी। इनमें से पांच छात्र इंजीनियरिंग की व एक छात्रा नीट की तैयारी कर रही थी। कोचिंग के बड़े केंद्र कोटा में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं की घटनाएं शहर के दामन पर दाग लगा रही है। कोटा में 2015 से लेकर अब तक 138 छात्रों ने आत्महत्या कर अपने जीवन लीला समाप्त कर चुके हैं। यहां 2015 में 18, 2016 में 17, 2017 में 7, 2018 में 20, 2019 में 18, 2020 में 4, 2021 में एक, 2022 में 15, 2023 में 26, 2024 में 16 व 2025 में अब तक छह छात्र आत्महत्या कर अपनी जान गंवा चुके हैं। 2020 व 2021 में कोविड के चलते यहां के कोचिंग संस्थाओं के बंद रहने के कारण आत्महत्याओं के आंकड़ों में गिरावट रही थी। कोटा में कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई करने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्या की घटनाओं से पूरा देश सकते में है। सरकार व प्रशासन द्वारा लाख प्रयासों के उपरांत भी कोटा के छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं नहीं रुक पा रही है। कोटा कभी राजस्थान का बड़ा औद्योगिक नगर होता था मगर श्रमिक आंदोलनों के चलते यहां के उद्योग धंधे बंद होते गए। आज कोटा में नाम मात्र के ही उद्योग रह गए हैं। 1990 के दौरान कोटा शहर में कोचिंग संस्थान खुलने लगे थे। 2005 तक यहां बड़ी संख्या में कोचिंग संस्थान स्थापित हो गए जिनमें प्रतिवर्ष लाखों छात्र पढ़ने लगे। आज कोटा शहर की पूरी अर्थव्यवस्था इन कोचिंग संस्थानों पर ही निर्भर है। शहर के हर चौक-चौराहों पर छात्रों की सफलता से अटे पड़े बड़े-बड़े होर्डिंग्स बताते हैं कि अब कोटा में कोचिंग ही सब कुछ है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**रमेश सर्राफ धमोरा**

# लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका

लोकतंत्र में पक्ष और विपक्ष, दोनों ही महत्वपूर्ण स्तंभ होते हैं। सत्ता पक्ष का कार्य नीतियों को लागू करना और प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाना होता है, जबकि विपक्ष का दायित्व सत्ता पक्ष की नीतियों की समीक्षा करना, उनकी आलोचना करना और वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करना होता है। लेकिन भारतीय राजनीति में यह प्रवृत्ति आम हो गई है कि विपक्ष सत्ता पक्ष की आलोचना को ही अपनी प्रमुख भूमिका मान लेता है, भले ही सरकार अच्छा काम कर रही हो। यह प्रवृत्ति केवल भारत में ही नहीं, बल्कि कई अन्य लोकतांत्रिक देशों में भी देखी जा सकती है। इस आलेख में हम विपक्ष की आदर्श भूमिका पर विचार करेंगे और इसे अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में भी समझने का प्रयास करेंगे। विपक्ष केवल विरोध के लिए विरोध न करे, बल्कि सरकार की नीतियों का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन करे। विपक्ष का मूल सिद्धांत यह होनी चाहिए कि वह संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हो। वहीं विपक्ष को जनता के अधिकारों की सुरक्षा करनी चाहिए और सरकार के किसी भी अलोकतांत्रिक कदम के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करना विपक्ष की जवाबदेही होनी चाहिए जबकि विपक्ष को सरकार से कठिन सवाल पूछने चाहिए, जिससे प्रशासन पारदर्शी और उत्तरदायी बना रहे। विपक्ष को सकारात्मक आलोचना करनी चाहिए। आलोचना का उद्देश्य केवल विरोध करना नहीं, बल्कि रचनात्मक सुझाव देना होना चाहिए। साथ ही साथ विपक्ष को विकल्प प्रस्तुत करना चाहिए ना की केवल खामियां गिनाने के बजाय अपने वैकल्पिक नीतिगत प्रस्ताव प्रस्तुत करने चाहिए। राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए विपक्ष को यह देखना चाहिए कि वह राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर राजनीतिक स्वार्थ को हावी न होने दे। भारत में विपक्ष अक्सर सरकार की हर नीति की आलोचना करता है, चाहे वह कितनी भी जनहितैषी क्यों न हो। कई बार ऐसा देखा गया है कि विपक्ष सरकार की योजनाओं और परियोजनाओं में केवल खामियां ढूंढता है, जबकि उसी तरह की नीतियों का समर्थन तब करता है जब वह सत्ता में होता है। उदाहरण के लिए, आधार कार्ड, जीएसटी, कृषि सुधार, डिजिटल इंडिया, उज्ज्वला योजना, जनधन योजना जैसी कई योजनाओं पर विपक्ष ने कड़ी आलोचना की, लेकिन बाद में कई विपक्षी दलों ने इन्हें स्वीकार भी किया। इसी तरह, संसद में कई बार विपक्ष बिना तर्कपूर्ण बहस किए ही हंगामा करके विधेयकों को रोकने का प्रयास करता है, जिससे लोकतांत्रिक संवाद बाधित होता है। वहीं अन्य विभिन्न लोकतांत्रिक देशों में विपक्ष की भूमिका अलग-अलग होती है। ब्रिटेन में "हेर मेजेस्टीज़ लॉयल अपोजिशन" (Her Majesty's Loyal Opposition) की परंपरा है जिसमें विपक्ष सरकार का विरोध करते हुए भी राष्ट्र के प्रति वफादार रहता है। वहाँ विपक्ष सरकार की आलोचना करता है, लेकिन वह सहयोग करने से भी नहीं कतराता। अमेरिका में जहां द्विदलीय प्रणाली है, लेकिन कई बार रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स राष्ट्रीय मुद्दों पर एकमत हो जाते हैं। विपक्ष सरकार की कड़ी आलोचना करता है, लेकिन जहाँ जरूरी हो, वहाँ द्विदलीय सहयोग भी देखने को मिलता है। जर्मनी जैसे देश में विपक्ष सरकार की आलोचना के साथ-साथ अपनी नीतियाँ भी प्रस्तुत करता है, जिससे जनता के पास एक स्पष्ट विकल्प रहता है। फ्रांस और कनाडा, इन देशों में भी विपक्ष सरकार पर नज़र रखती है, लेकिन जब भी आवश्यक हो, वह सकारात्मक रूप से समर्थन देने में संकोच नहीं करता। वहीं एक ओर भारतीय लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका केवल आलोचना तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उसे सरकार की सकारात्मक नीतियों की सराहना भी करनी चाहिए और वैकल्पिक नीतियाँ प्रस्तुत करनी चाहिए। आलोचना लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन व्यक्तिगत नहीं होनी चाहिए। विपक्ष का उद्देश्य सरकार को गिराना नहीं, बल्कि उसे सुधारने में मदद करना होना चाहिए। यदि विपक्ष सकारात्मक और जिम्मेदार भूमिका निभाए, तो लोकतंत्र अधिक मजबूत और जनता के लिए अधिक लाभकारी बन सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**डॉ दीपक प्रसाद**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

पूनी ले इतिहास की, काता सूत महीन।
चालाकी से सत्य की, तोडी गयी जमीन।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# भारतीय सेना: युवा से पुरुष और पुरुष से योद्धा बनने का रोमांच

चेन्नई में अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी में अपना प्रशिक्षण पूरा करने के बाद, मैं 2004 में जम्मू आया। मैं 1999 अपने माता-पिता के साथ पहले वैष्णों देवी की यात्रा के लिए जम्मू और कश्मीर गया तब एक छात्र था। लेकिन जब मैं भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट (अधिकारी) के रूप में दोबारा जम्मू गया तो मेरी भावना और व्यवहार अलग था । मुझे पहनने को बुलेटप्रूफ जैकेट और एक के-47 राइफल दी गई, तो मैं रोमांचित हो गया, लेकिन साथ ही मैं डर भी गया क्योंकि इससे मुझे झटका लगा कि यह वास्तविक कार्रवाई के लिए है, प्रशिक्षण के लिए नहीं। मुझे अपने प्रशिक्षण गुरुओं के शब्द याद आ गए कि भारतीय सेना के सैनिक (अधिकारी) हमेशा उदाहरण पेश करते हैं। मैं उन लोगों के प्रति जिनसे मैं अभी तक नहीं मिला था और अपने देश के प्रति जिम्मेदार महसूस करने लगा था। मुझे अपना पहला ऑपरेशन याद है जहां मुझे रात के अंधेरे में, अज्ञात क्षेत्र में विद्रोहियों को रोकने के लिए घेराबंदी करने और घात लगाने के लिए कहा गया था। ऐसे कार्य आपकी गवाही हैं जहां आपकी योजना, प्रबंधन कौशल, नेतृत्व और साहस की परीक्षा होती है। जिन सैनिकों को आप कमांड करते हैं,वे आपकी परीक्षा लेते हैं कि आप भरोसेमंद हैं या नहीं और यदि उन्हें आप सही लगते हैं तो वे आपके कहने पर सर्वोच्च बलिदान तक को तैयार हो जाते हैं। ऐसी अग्नि परीक्षा एक बार नही होती है,वे आपको आपके सेवाकाल के दौरान बार-बार खुद को बेहतर बनाने में मदद करती हैं।अपने अंदर इतनी भावनाओं और उथल-पुथल के साथ आप व्यवहार करना और जिम्मेदार होना सीखते हैं। आप मजबूत और आत्मविश्वासी चेहरा दिखाना सीखते हैं। यदि आप स्वयं के अचेतन आत्म-सुधार और अनुशासन में चले गए । आपकी व्यक्तिगत समस्याएं,प्यार और मुद्दे पीछे छूट गए तो आप भारतीय सेना के दिशानिर्देश सिद्धांत में बिल्कुल फिट बैठने लगे हैं।आपके देश की सुरक्षा,सम्मान और कल्याण हमेशा और हर समय पहले आता है। जिन सैनिकों को आप कमांड करते हैं उनका सम्मान, कल्याण और आराम इसके बाद आते हैं। आपकी अपनी सहजता, आराम और सुरक्षा हमेशा और हर समय सबसे अंत में आती है। यही कारण है कि लोगों को एनसीसी के माध्यम से इस तरह के प्रशिक्षण का अनुभव प्राप्त करने की आवश्यकता है।जो लोग एनसीसी या सेना में शामिल नहीं हुए हैं और विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रहे हैं, उन्हें क्षेत्रीय सेना के माध्यम से इससे जुड़ने का अवसर मिलता है। भारतीय सेना आपको नैतिक मूल्यों और नैतिकता के सही अर्थ का एहसास कराती है। ऐसी कई चरम स्थितियाँ और परिस्थितियाँ होती हैं जहां आप अपनी सभी सुख-सुविधाओं और उलझनों के ऊपर सर्वोच्च बलिदान देने का निर्णय लेते हैं।भारतीय सेना आपको और आपके परिवार को कभी नहीं भूलती और जीवन भर आपका और आपके परिवार का ख्याल रखती है। मेरे पास ऐसे कई उदाहरण हैं, जहां मैं पहली बार सेना के किसी भी जवान से बात करता हूं तो वे हमेशा पूरे दिल से बातचीत करते हैं जैसे कि आप उनके परिवार से हों। यह सौहार्द्र भारतीय सेना में ही है। सेना में एक अधिकारी और सैनिक के रूप में प्रवेश करने के कई तरीके हैं, जिनकी चर्चा अगले लेखों में की जाएगी। भारतीय सेना केवल वेतन कमाने के लिए नहीं है बल्कि यह जीवन जीने का एक तरीका है। यही कारण है कि आपको "क्या आपके अंदर यह है का मूल्यांकन करने की चुनौती दी गई है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**ले कर्नल अभिषेक कुमार**
आयुध अधिकारी
भारतीय सेना



स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने भी लगाई संगम में डुबकी, बोले-

## त्रिवेणी संगम में स्नान सौभाग्य की बात...



**महाकुंभ नगर (आईएएनएस)**

प्रयागराज महाकुंभ में उमड़ रहे आस्था के जनसमुद्र के बीच शुक्रवार को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी श्रद्धा की डुबकी लगाने पहुंचे। संगम त्रिवेणी में स्नान करने के बाद उन्होंने योगी सरकार द्वारा किए गए प्रबंधों की सराहना की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ क्षेत्र में सुंदर व्यवस्था की गई है और कहीं भी किसी को कोई समस्या नहीं हो रही है। त्रिवेणी संगम में स्नान मेरे लिए सौभाग्य की बात है।मुख्यमंत्री ने संगम स्नान से पूर्व बड़े हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की और फिर सेक्टर-7 स्थित गुजरात पवेलियन का भी अवलोकन किया। त्रिवेणी संगम में स्नान के बाद गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने योगी सरकार द्वारा किए गए प्रबंधों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ क्षेत्र में सुंदर व्यवस्था की गई है और कहीं भी किसी को कोई समस्या नहीं हो रही है। उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाएं अद्भुत हैं। स्वच्छता से लेकर हर सुविधा तक, सब कुछ बहुत ही अच्छा है। हमें पवित्र स्नान करने का अवसर मिला, यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। त्रिवेणी संगम, जो भारत की आस्था का केंद्र है, वहां स्नान करने के बाद हर व्यक्ति स्वयं को भाग्यशाली मानता है।

मोटरबोट से पूरी सुरक्षा के बीच मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल त्रिवेणी संगम पहुंचे और यहां उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चारण और श्लोकों के बीच आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान उन्होंने भगवान सूर्य को अर्घ्य भी दिया। उनके साथ औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने भी पावन डुबकी लगाई। इसके बाद मुख्यमंत्री ने गंगा पूजन और गंगा आरती भी की। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल शुक्रवार सुबह 9 बजे स्टेट एयरक्राफ्ट से प्रयागराज पहुंचे। प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने उनका स्वागत किया। यहां से वह सीधे बड़े हनुमान मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने पूरे विधि-विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजन-अर्चन किया और आरती उतारी।



# महाकुंभ में उमड़ा 'आस्था का महासागर'

## स्नानार्थियों की संख्या 40 करोड़ के पार

**महाकुंभ नगर (आईएएनएस)**

मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब एक नए शिखर पर पहुंच गया है। इसी क्रम में शुक्रवार सुबह तक महाकुंभ में स्नानार्थियों की संख्या ने 40 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है।

शुक्रवार को सुबह 10 बजे तक 42.07 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगा ली है। इसके साथ ही महाकुंभ में स्नानार्थियों की कुल संख्या 40 करोड़ पार हो गई। अभी महाकुंभ 19 दिन और रहेगा। पूरी उम्मीद है कि स्नानार्थियों की संख्या 50 करोड़ के पार जा सकती है। प्रयागराज में तीनों अमृत स्नान (मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी) के बाद भी श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। पूरे देश और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से पवित्र त्रिवेणी में श्रद्धा और आस्था के साथ डुबकी लगाकर पुण्य प्राप्त करने के लिए श्रद्धालु प्रतिदिन लाखों की संख्या में प्रयागराज पहुंच रहे हैं। बसंत पंचमी के अंतिम अमृत स्नान पर्व के बाद भी करोड़ों श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में स्नान के लिए प हुंच रहे हैं। शुक्रवार, 7 फरवरी को सुबह 10 बजे तक 42.07 लाख लोगों ने त्रिवेणी में स्नान किया। इसके बाद कुल स्नानार्थियों की संख्या 40 करोड़ के ऊपर पहुंच गई है। स्नानार्थियों में 10 लाख कल्पवासियों के साथ-साथ देश-विदेश से आए श्रद्धालु एवं साधु-संत शामिल रहे। यदि अब तक के कुल स्नानार्थियों की संख्या का विश्लेषण करें तो सर्वाधिक 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर स्नान किया था, जबकि 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया था। एक फरवरी और 30 जनवरी को 2-2 करोड़ के पार और पौष पूर्णिमा पर 1.7 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य डुबकी लगाई, इसके अलावा बसंत पंचमी पर 2.57 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ (मंत्रिमंडल समेत) संगम में डुबकी लगा चुके हैं। इसके अलावा प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल, हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी, मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, अर्जुन राम मेघवाल, श्रीपद नाइक, भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी, राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति, असम विधानसभा अध्यक्ष बिस्वजीत दैमारी, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता माता प्रसाद पांडे, गोरखपुर के सांसद रवि किशन, हेमा मालिनी, पूर्व सांसद दिनेश लाल यादव 'निरहुआ', बॉलीवुड एक्ट्रेस भाग्यश्री, अनुपम खेर, मिलिंद सोमण, ओलम्पिक मेडलिस्ट साइना नेहवाल, एक्ट्रेस से किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बनीं ममता कुलकर्णी, प्रख्यात कवि कुमार विश्वास, क्रिकेटर सुरेश रैना, अन्तरराष्ट्रीय रेसलर खली, कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा, बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा गुप्ता के अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद भी संगम में स्नान कर चुके हैं। आगामी 10 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी संगम में पावन डुबकी लगाने आएंगी।

## महाकुंभ नगर में शॉर्ट सर्किट से शिविर में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने तत्काल पाया काबू

**4,300** फायर हाइड्रेंट तैनात किए गए हैं किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए

**30** जनवरी को भी संगम नगरी प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला क्षेत्र में आग लग गई थी।

**महाकुंभ नगर ।** महाकुंभ के लिए योगी सरकार द्वारा पहले से ही व्यापक स्तर पर जो तैयारी की गई थी, उसकी मदद से शुक्रवार को बड़ा हादसा टल गया। खास तौर पर मेला क्षेत्र में अग्निशमन को लेकर जो तैयारियां की गई थीं, उन्होंने अहम भूमिका निभाई। ओल्ड जीटी रोड स्थित महाकुंभ नगर में शुक्रवार को स्वामी हरिहरानंद और सुखदेवानंद के शिविर में अचानक आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल महाकुंभ के फायर ब्रिगेड की एक दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पा लिया गया। चीफ फायर ऑफिसर प्रमोद शर्मा ने बताया कि आग इस्कॉन क्षेत्र में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी, जिससे 20 से 22 टेंट जल गए। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। दमकलकर्मियों ने त्वरित कार्रवाई कर आग को फैलने से रोक लिया। घटना की जानकारी मिलते ही उत्तरी झूसी के जोनल पुलिस ऑफिसर, एडिशनल एसपी सर्वेश कुमार मिश्रा, स्थानीय पुलिस और मेला मजिस्ट्रेट भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे सावधानी बरतें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत अधिकारियों को सूचित करें। इससे पहले 30 जनवरी को भी संगम नगरी प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला क्षेत्र में आग लग गई थी। यह आग मेला क्षेत्र के झूंसी छतनाग घाट नागेश्वर घाट सेक्टर-22 के पास लगी थी, उस दौरान भी कोई जनहानि नहीं हुई थी। बता दें, महाकुंभ में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए योगी सरकार ने व्यापक इंतजाम किए हैं। पूरे मेला क्षेत्र में 50 फायर स्टेशन और 20 फायर पोस्ट बनाए गए हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए 4,300 फायर हाइड्रेंट तैनात किए गए हैं।

## चायपत्ती लदे कंटेनर की चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 3 गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ।** ग्रेटर नोएडा की जेवर थाना पुलिस ने चाय पत्ती से भरे एक कंटेनर की चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से करीब 17 टन चाय पत्ती से भरा कंटेनर बरामद किया है, जिसकी कीमत लगभग 32 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, 6 फरवरी को पीड़ित ने लिखित सूचना दी थी कि 30 जनवरी को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी से ट्रक में टाटा कंपनी की चाय लोडकर लगभग 17 टन चाय पत्ती सापला, हरियाणा के लिए रवाना हुई थी।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## अरविंद केजरीवाल के घर पहुंची एसीबी 15 करोड़ रुपए के दावे की करेगी जांच

**एजेंसी । नई दिल्ली**



दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों से एक दिन पहले शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की सियासत गरमा गई है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के प्रत्याशियों के खरीदने के दावे के बाद अब मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की एंट्री हो गई है। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के आवास पर शुक्रवार को एसीबी की टीम पहुंची है। बताया जा रहा है कि एसीबी की तीन सदस्यीय टीम केजरीवाल के घर पर मौजूद है और वह उनसे 15 करोड़ के दावे को लेकर पूछताछ करेगी। दरअसल, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को आरोप लगाया था कि उनके 16 उम्मीदवारों को अन्य पार्टी में शामिल होने के लिए फोन आया है और प्रत्येक को 15-15 करोड़ रुपए देने का ऑफर दिया गया है। अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "कुछ एजेंसियां दिखा रही हैं कि एक पार्टी की 55 से ज्यादा सीटें आ रही हैं। पिछले दो घंटे में हमारे 16 उम्मीदवारों के पास फोन आ गए हैं कि 'आप' छोड़कर उनकी पार्टी में आ जाओ, मंत्री बना देंगे और हरेक को 15-15 करोड़ देंगे। अगर इनकी पार्टी की 55 से ज्यादा सीटें आ रहीं हैं तो हमारे उम्मीदवारों को फोन करने की क्या जरूरत है?"एसीबी के एक अधिकारी ने पुष्टि करते हुए बताया था कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने अरविंद केजरीवाल, संजय सिंह और मुकेश अहलावत के आवासों पर टीमें भेजी है। इससे पहले शुक्रवार सुबह आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सभी प्रत्याशियों को अपने घर चाय पर चर्चा के लिए बुलाया था। बैठक खत्म होने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संदीप पाठक ने बताया कि सभी प्रत्याशियों के साथ एक बैठक की गई और लगातार भाजपा की तरफ से प्रत्याशियों को फोन आ रहे हैं।

## मप्र के महू में बाइक को टक्कर मारकर टैंकर से भिड़ी श्रद्धालुओं की ट्रैवलर, छह की मौत व 16 घायल

**इंदौर (हि.स.)**

मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में महू तहसील के मानपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में महाकाल दर्शन कर वापस लौट रहे कर्नाटक के चार श्रद्धालुओं समेत छह लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 16 तीर्थयात्री घायल हुए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए इंदौर के एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मानपुर थाना पुलिस के अनुसार कर्नाटक के बेलगाम जिले के रहने वाले तीर्थयात्री गुरुवार देर शाम महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन पहुंचे थे। वहां से दर्शन करने के बाद सभी यात्री अपने गांव लौट रहे थे। शुक्रवार तड़के करीब तीन बजे मानपुर के पास तीर्थयात्रियों से भरी ट्रैवलर पहले एक बाइक से टकरा गई, इसके बाद वह अनियंत्रित होकर टैंकर में जा घुसी। हादसा इतना भीषण था कि ट्रैवलर की पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में चपेट में आई बाइक पर सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

## आपराधिक गतिविधियों से खरीदी गई थार जब्त

**नोएडा।** नोएडा की थाना फेस 2 पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत आपराधिक गतिविधियों द्वारा अर्जित धन से खरीदी गई थार गाड़ी को जब्त किया है। इस गाड़ी की अनुमानित कीमत 12,84,999 रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट के तहत की और आरोपी योगेश शर्मा की थार गाड़ी को जब्त कर लिया। योगेश शर्मा वह गैंग लीडर है, जिसने एक दफ्तर खोलकर लोगों को एयरलाइंस में नौकरी दिलाने और मुद्रा लोन के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी की थी।

## एनसीबी ने नवी मुंबई में 200 करोड़ रुपए के नशीले पदार्थ जब्त किए, चार गिरफ्तार



**मुंबई (हि.स.)**

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की टीम ने नवी मुंबई में शुक्रवार को तड़के छापा मारकर 200 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ जब्त किए हैं। नवी मुंबई में यह ड्रग रैकेट अमेरिका से कूरियर के माध्यम से चलाया जा रहा था। एनसीबी ने इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है, मामले की गहन छानबीन जारी है।

एनसीबी मुंबई सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि कुछ दिन पहले नवी मुंबई में 200 ग्राम कोकीन की जब्ती के बाद इस मामले की छानबीन की जा रही थी। इसी आधार पर एनसीबी ने 31 जनवरी को महाराष्ट्र के नवी मुंबई में एक छापे के दौरान उच्च श्रेणी की कोकीन, हाइड्रोपोनिक खरपतवार, भांग की गमियां समेत 1,60,000 की नकदी बरामद की थी। छानबीन में यहां बरामद ड्रग अंतरराष्ट्रीय कूरियर एजेंसी के जरिये विदेशों में भेजे जाने की जानकारी मिली। इसके बाद मामले की छानबीन के आज तड़के नवी मुंबई में 11.540 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन, हाइड्रोपोनिक वीड, 4.9 किलोग्राम हाइब्रिड स्ट्रेन हाइड्रोपोनिक वीड/गांजा और 200 पैकेट (5.5 किलोग्राम) कैनबिस गमियां बरामद की गई है।

### एसएसबी और पुलिस ने 1.7 किलो अफीम, 40 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार

**अररिया ।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 56 वीं बटालियन के जी कंपनी घुरना और घुरना थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में शुक्रवार को तस्करी के एक किलो 700 ग्राम अफीम,40 ग्राम ब्राउन शुगर,एक हीरो स्पलेंडर मोटरसाइकिल,एक मोबाइल और 4 हजार 170 भारतीय करेंसी के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। एसएसबी और घुरना थाना पुलिस की यह संयुक्त कार्रवाई घुरना से बसमतिया बॉर्डर रोड में घुरना वार्ड संख्या नौ में कार्रवाई की।यह कार्रवाई भारत नेपाल सीमा से 600 मीटर की दूरी पर भारतीय क्षेत्र में की गई।

### फुलकाहा में एसएसबी और पुलिस ने 40 किलो गांजा और एक मोटरसाइकिल किया जब्त

**अररिया ।** जिले के फुलकाहा थाना क्षेत्र में भारत नेपाल सीमा के पास से एसएसबी और पुलिस ने गुरुवार की देर रात गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए 40 किलो गांजा के साथ एक मोटरसाइकिल जब्त किया,जबकि अंधेरे का लाभ उठाते हुए तस्कर मोटरसाइकिल और बोरा में भरे गांजा का पैकेट छोड़कर मौके से फरार हो गया। फुलकाहा थानाध्यक्ष को नेपाल से गांजा के खेप के भारतीय सीमा में तस्करी के माध्यम से आने की मिली गुप्त सूचना पर एसएसबी और पुलिस ने ज्वाइंट अभियान के तहत इसे बरामद किया।

## 'परीक्षा पे चर्चा' होगी और भी खास

# इस बार पीएम करेंगे सुंदर नर्सरी में छात्रों से संवाद

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर छात्रों के साथ परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी) करते दिखाई देंगे। इस बार की चर्चा और भी खास होने वाली है, क्योंकि ये चर्चा राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सुंदर नर्सरी में होगी। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम से पहले इससे जुड़ी कुछ झलकियां सामने आई हैं, जिसमें प्रधानमंत्री छात्रों के साथ बातचीत करते नजर आ रहे हैं। 1 मिनट 49 सेकंड के वीडियो की शुरुआत एक छात्रा की आवाज से होती है, वह बताती है कि इस बार एक खुली सी जगह- सुंदर नर्सरी में यह प्रोग्राम होना है। इसके बाद पीएम मोदी वीडियो में दिखाई देते हैं और वह छात्रों से पूछते हैं कि मकर संक्रांति में क्या खाते हैं? इस पर छात्र जवाब देते हैं कि वे तिल-गुड़ खाते हैं। वीडियो में दिखाई देता है कि पीएम मोदी के हाथ में तिल-गुड़ से भरी थाली होती है और वह छात्रों से हंसते हुए कहते हैं कि एक ही लेना ऐसा कोई नियम नहीं है। अगर ज्यादा पसंद है तो और भी खा सकते हैं। इसके बाद पीएम मोदी वहां मौजूद छात्रों से उनके निवास स्थान के बारे में भी पूछते हैं। प्रधानमंत्री, छात्रों के साथ संवाद करते हुए अपने स्कूली दिनों के बारे में बताते हैं। वह कहते हैं कि मुझे याद है कि मेरे टीचर, मेरी हैंडराइटिंग को ठीक करने के लिए काफी मेहनत करते थे।

मुझे लगता है कि उनकी हैंडराइटिंग अच्छी हो गई होगी, लेकिन मेरी नहीं हुई। पीएम मोदी बातचीत के दौरान छात्रों की हौसला अफजाई भी करते दिखाई देते हैं। वह क्रिकेट का जिक्र करते हुए कहते हैं कि बैट्समैन प्रेशर की परवाह नहीं करता है बल्कि उनका पूरा ध्यान बॉल पर होता है। बता दें कि परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी) का एपिसोड 10 फरवरी सुबह 11 बजे पीएम मोदी के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट और अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर टेलीकास्ट होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी), परीक्षा से जुड़े तनाव को सीखने के उत्सव में बदलने की पहल है। इसके 8वें संस्करण में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई। वर्ष 2018 में परीक्षा पे चर्चा एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन के रूप में विकसित हुआ है, जिसने वर्ष 2025 में अपने 8वें संस्करण के लिए 3.56 करोड़ पंजीकरण प्राप्त किए हैं।

## एक नजर

### अबू धाबी टी10 लीग का सातवां संस्करण 18 नवंबर से



**अबू धाबी(हि.स.)।** अबू धाबी टी10 लीग के सातवें संस्करण का आयोजन 18 नवंबर से 30 नवंबर 2025 तक अबू धाबी के प्रतिष्ठित शेख जायद क्रिकेट स्टेडियम में किया जाएगा। अबू धाबी क्रिकेट एंड स्पोर्ट्स हब के सीईओ मैट बाउचर ने टूर्नामेंट की तारीखों की पुष्टि करते हुए कहा, हम अबू धाबी टी10 के 2025 संस्करण की घोषणा करके उत्साहित हैं। अबू धाबी स्पोर्ट्स काउंसिल और संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के साथ हमारी रणनीतिक साझेदारी के तहत, हमने 2019 में इस टूर्नामेंट को विकसित करने और अबू धाबी को वैश्विक खेल मानचित्र पर और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई थी। 2024 संस्करण में अब तक का सबसे प्रभावशाली खिलाड़ी समूह और दर्शकों की शानदार भागीदारी देखने को मिली। उन्होंने आगे कहा कि टूर्नामेंट में लगातार नवाचार लाने और अबू धाबी को एक विश्व स्तरीय खेल गंतव्य के रूप में स्थापित करने पर जोर दिया जाएगा। टी10 ग्लोबल के चेयरमैन शाजी उल मुल्क ने भी 2025 संस्करण को लेकर उत्साह जताते हुए कहा, हअबू धाबी टी10 क्रिकेट और मनोरंजन का अनूठा मिश्रण है।

### मैथियस बो ने किया विश्व पैडल लीग का दौरा

**मुंबई(हि.स.)।** मुंबई के नेस्को सेंटर में विश्व पैडल लीग के भारत में पदार्पण के साथ ही खेल प्रेमियों का उत्साह चरम पर पहुंच गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में गुरुवार को पूर्व विश्व नंबर 1, लंदन ओलंपिक 2012 बैडमिंटन में रजत पदक विजेता और भारत की शीर्ष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी एवं चिराग शेट्टी के पूर्व कोच मैथियस बो ने अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। मैथियस बो ने भारत में पैडल खेल के विकास पर अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए कहा, देश में और भी अधिक पैडल कोर्ट बनाए जा रहे हैं और कई क्लब अपने अन्य कोर्ट को पैडल कोर्ट में बदलने पर विचार कर रहे हैं। यह स्थिति मुझे डेनमार्क में देखी गई प्रगति की याद दिलाती है, जहां यह खेल मात्र 6-7 वर्षों में शून्य से उभरकर एक लोकप्रिय खेल बन गया। एक नियमित पैडल खिलाड़ी, बो ने कहा, हमैं भले ही शीर्ष पैडल खिलाड़ियों में शामिल नहीं हूं, लेकिन मैंने रैकेट के साथ जन्म लिया है। यह खेल शुरुआती लोगों के लिए अपेक्षाकृत आसान है और यही कारण है कि यह इतनी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।

### भारतीय एथलीटों ने मोटापे के खिलाफ प्रधानमंत्री मोदी की मुहिम को दिया समर्थन

**नई दिल्ली(हि.स.)।** भारतीय एथलीट और फिटनेस इन्फ्लुएंसर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मोटापे के खिलाफ छेड़ी गई मुहिम का समर्थन करने के लिए आगे आ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने यह आह्वान देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों 2025 के उद्घाटन समारोह में किया था, जिसमें उन्होंने फिटनेस और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की बात कही थी। भारतीय हॉकी टीम के दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने फिटनेस को लेकर जागरूकता फैलाते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, अच्छा खाना स्वस्थ और खुशहाल जीवन की ओर पहला कदम है। आइए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की फिटनेस के प्रति प्रतिबद्धता से प्रेरित होकर फिट फूड इंडिया को अपनी जीवनशैली बनाएं। टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा ने भी संतुलित आहार के महत्व को रेखांकित करते हुए लिखा, हम जो खाना खाते हैं, वह हमारे स्वास्थ्य का आकार देता है। आइए, पौष्टिक विकल्पों के लिए प्रतिबद्ध हों और फिट फूड इंडिया को अपनी जीवनशैली में शामिल करें, जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के फिटर इंडिया मिशन में योगदान दिया जा सके। फिट इंडिया आइकन और एमएमए चैंपियन संग्राम सिंह ने भी इस अभियान का समर्थन करते हुए एक वीडियो संदेश जारी किया। उन्होंने कहा, मानव शरीर के लिए सबसे जरूरी चीज है अच्छा खाना और फिट रहना।

### आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आधिकारिक गीत किया लांच

**दुबई (हि.स.)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के आधिकारिक गीत जीतो बाजी खेल के के रिलीज की घोषणा की। इस गीत को प्रसिद्ध गायक आतिफ असलम ने गाया है और यह आगामी टूर्नामेंट को लेकर रोमांच को और बढ़ा देगा। आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन 19 फरवरी से 9 मार्च तक पाकिस्तान और यूएई में होगा, जिसमें कुल 15 मैच खेले जाएंगे।

# दूसरे वनडे मैच में कोहली की होगी वापसी : शुभमन

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय टीम के उप कप्तान शुभमन गिल ने विराट कोहली की फिटनेस को लेकर चल रही आशंका को खारिज करते हुए कहा कि यह स्टार बल्लेबाज इंग्लैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले दूसरे वनडे मैच में वापसी करेगा। कोहली अपने दाएं घुटने में सूजन के कारण पहले मैच में नहीं खेल पाए थे जिससे भारतीय टीम की चिंता बढ़ गई क्योंकि पाकिस्तान और दुबई में 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी को देखते हुए यह सीरीज काफी महत्वपूर्ण है।



## विराट कोहली खेलने को तैयार

नागपुर में पहले वनडे में 87 रन बनाकर भारत की 4 विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाने वाले गिल ने कहा, 'उनकी (कोहली) चोट गंभीर नहीं है। उन्होंने बुधवार को अच्छा अभ्यास किया था लेकिन गुरुवार की सुबह उनके घुटने में कुछ सूजन थी। वह निश्चित रूप से दूसरे वनडे में वापसी करेंगे।' गिल ने कहा कि वह पहले वनडे में शतक को ध्यान में रखकर नहीं खेल रहे थे। उन्होंने कहा, 'नहीं मैं अपने शतक के बारे में नहीं सोच रहा था। मैं फील्डिंग की सजावट पर ध्यान केंद्रित कर रहा था और उसी के अनुरूप अपने शॉट खेल रहा था। मैं गेंदबाज पर हावी होने की कोशिश कर रहा था।'

### चैंपियंस ट्रॉफी से पहले अय्यर की भारतीय टीम में वापसी से पोंटिंग खुश

**दुबई(आईएएनएस)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने गुरुवार को नागपुर में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में भारत की वनडे टीम में श्रेयस अय्यर की बहुप्रतीक्षित वापसी पर खुशी जताई। अय्यर ने न केवल मौके का पूरा फायदा उठाया, बल्कि अपने आक्रामक खेल और निडर दृष्टिकोण से सभी को याद दिलाया। लगभग पांच महीने बाद भारत की ओर से खेलते हुए अय्यर ने वहीं से शुरुआत की, जहां से उन्होंने छोड़ा था और 36 गेंदों पर नौ चौकों और दो छक्कों की मदद से 59 रन बनाए। उन्होंने 163.88 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की और इंग्लिश गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाईं, जिससे भारत ने मैच चार विकेट से जीतकर तीन वनडे मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। चैंपियंस ट्रॉफी के करीब आने के साथ ही अय्यर मध्यक्रम में खुद के लिए मजबूत दावेदारी पेश कर रहे हैं। अय्यर 2023 में घरेलू धरती पर होने वाले वनडे विश्व कप के फाइनल में भारत के पहुंचने में अहम भूमिका निभा चुके हैं, इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने टूर्नामेंट के दौरान 530 रन बनाए थे। अय्यर के बारे में पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा, "उनके पास ऐसा खेल है जो सफेद गेंद के प्रारूपों में टिक सकता है, खास तौर पर दुनिया के उस हिस्से में।" "उन विकेटों पर - धीमी, निचली विकेटों पर - वह गतिशील है। हम जानते हैं कि वह स्पिन गेंदबाजी को

# मेरे नियंत्रण में केवल मेरी तैयारी है : शेफाली



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के 2025 सीजन के शुरू होने में बस एक सप्ताह बाकी है, दिल्ली कैपिटल्स की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने कहा कि वह अच्छे प्रदर्शन के साथ राष्ट्रीय टीम में वापसी करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि उनके नियंत्रण में केवल तैयारी है। न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद, शेफाली को ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज और आयरलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए 50 ओवर के सेट-अप से बाहर कर दिया गया था। उन्हें नवी मुंबई में वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 के लिए भी शामिल नहीं किया गया था। सका मतलब यह हुआ कि शेफाली घरेलू क्रिकेट में वापस आ गई और सीनियर महिला वन-डे चैलेंजर ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बनी। उसने पांच मैचों में 82.80 की औसत और 145.26 की स्ट्राइक रेट से 414 रन बनाए, जिसमें एक शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल हैं। ईमानदारी से कहूं तो पिछले कुछ महीने मेरे लिए मुश्किल भरे रहे हैं। मेरे पिता को दिल का दौरा पड़ा और कुछ ही दिनों बाद मुझे वनडे टीम से बाहर कर दिया गया।

## हम अपनी गलतियों से सीखेंगे और मजबूत होकर लौटेंगे: कप्तान हार्दिक

एजेंसी

**लखनऊ (आईएएनएस)।** हॉकी इंडिया लीग की लखनऊ स्थित फ्रेंचाइजी यूपी रुद्र ने तमिलनाडु ड्रैगन्स पर जीत के साथ अपने अभियान का समापन किया, लेकिन सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने से चूक गई, शीर्ष 4 से सिर्फ एक अंक पीछे रह गई। फिर भी, यह सीजन कई मायनों में फ्रेंचाइजी के लिए खास रहा। 10 मैचों के दौरान, यूपी रुद्र ने पांच जीते, चार हारे और 1 ड्रॉ खेला। पूरे टूनामेंट में खेल भावना और अनुशासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए यूपी रुद्र ने फेयर प्ले अवार्ड जीता। जेम्स मजारेलो के बेहतरीन रिफ्लेक्स और महत्वपूर्ण बचावों की बदौलत, टीम ने पूरे टूनामेंट में सबसे कम गोल (22) खाकर अपना टूनामेंट समाप्त किया। जेम्स के बेहतरीन प्रदर्शन ने यूपी रुद्र के अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे विपक्षी टीम को जीत के लिए जूझना पड़ा।

सीजन पर विचार करते हुए, टीम के कप्तान हार्दिक सिंह ने अपनी टीम के प्रदर्शन पर गर्व व्यक्त किया। टीम संतुलित थी, जिसमें केन रसेल, ललित कुमार उपाध्याय और टैंगुई कोसिन्स जैसे वरिष्ठ खिलाड़ी शामिल थे, साथ ही टैलेम प्रियोबार्टा, सुदीप चिरमाको और जेम्स मजारेलो जैसे होनहार युवा खिलाड़ी भी शामिल थे। अपनी निडर खेल शैली के लिए जानी जाने वाली टीम ने असफलता के बावजूद उल्लेखनीय दृढ़ संकल्प और लचीलापन दिखाया। ॢलहालांकि यह सीजन का वह अंत नहीं था जिसकी हमें उम्मीद थी, लेकिन मुझे टीम पर बहुत गर्व है। जब भी हम मैदान पर उतरे, हमने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया और यही सबसे ज्यादा मायने रखता है।

## छत्तीसगढ़ वॉरियर्स ने दिल्ली रॉयल्स पर जीत के साथ किया लीग का आगाज

**रायपुर (छत्तीसगढ़) (आईएएनएस)।** रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में आज से शुरू हुई लीजेंड 90 लीग के पहले मुकाबले में घरेलू टीम छत्तीसगढ़ वॉरियर्स ने एक कांटेदार मुकाबले में दिल्ली रॉयल्स को 5 विकेट से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की। गुरुवार को खेले गए इस मुकाबले में सुरेश रैना की अनुपस्थिति में छत्तीसगढ़ वॉरियर्स की कमान संभाल रहे गुरकीरत सिंह मान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया।. बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली रॉयल्स की शुरूआत कुछ खास नहीं रही और अभिमन्यु मिथुन की पहली ही गेंद पर शरद लूंबा अपना विकेट गंवा बैठे। दूसरे छोर पर मौजूद दिल्ली के कप्तान शिखर धवन भी कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और 6 रन पर सिद्धार्थ कौल का शिकार बने। जिसके बाद श्रीलंकाई बल्लेबाज दानुश्का गुणातिलका और एंजेलो परेरा की जोड़ी ने 28 गेंदों में 61 रनों की ताबड़तोड़ साझेदारी



निभाकर टीम को संभाला। हालांकि परेरा 27 रनों पर रन आउट हो गए, लेकिन गुणातिलका ने एक छोर मजबूती से संभाले रखा और 33 गेंदों में 9 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 73 रनों की धमाकेदार पारी खेली। जिसके बाद न्यूजीलैंड के पूर्व दिग्गज रॉस टेलर की 24 गेंदों में 39 रनों की पारी ने टीम के स्कोर को निर्धारित 15 ओवरों में 7 विकेट खोकर 172 रनों के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ वॉरियर्स को भी तीसरे ही ओवर में विशाल कुशवाहा के रूप में पहला झटका लगा।

### स्टीव स्मिथ का 36वां टेस्ट शतक

**गाले।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने शुक्रवार को गाले इंटरनेशनल स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन अपना 36वां टेस्ट शतक बनाया। इस शतक के साथ, स्मिथ अब सबसे ज्यादा टेस्ट शतक बनाने वालों की सूची में दिग्गज राहुल द्रविड़ और इंग्लैंड के जो रूट की बराबरी कर चुके हैं, जिससे वह टेस्ट इतिहास में सबसे ज्यादा शतक बनाने वाले संयुक्त पांचवें खिलाड़ी बन गए हैं। पैट कमिंस की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया की अगुआई कर रहे स्मिथ ने कप्तान की पारी खेली और मेहमान टीम को शुरुआती झटके लगने के बाद पारी को संभाला।

## मुझे खेलने की उम्मीद भी नहीं थी : सोनम

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** महज 19 साल की उम्र में सोनम ने महिला हॉकी इंडिया लीग 2024-25 में बेहतरीन प्रदर्शन करके सुर्खियां बटोरीं, क्योंकि उनके महत्वपूर्ण गोलों ने जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को पहले सीजन में फाइनल में पहुंचने में मदद की। हरियाणा की रहने वाली यह फॉरवर्ड टूनामेंट की दूसरी सबसे बड़ी स्कोरर थी और भारतीयों के बीच चार्ट में सबसे ऊपर थी। अपने ब्रेकआउट सीजन के बारे में बात करते हुए, सोनम ने कहा, ूनामेंट शुरू होने से पहले, मुझे कोई मैच खेलने की उम्मीद भी नहीं थी क्योंकि मैं बहुत छोटी थी और मेरी टीम में कहीं ज्यादा अनुभवी हमलावर थे। उन्होंने कहा, ब मुझे दिल्ली एसजी पाइपर्स के खिलाफ पहले मैच में खेलने का मौका मिला, तो मुझे पता था कि मुझे खेलने वाली टीम में बने रहने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। अपने लगातार गोल और मौके बनाने की बदौलत, सोनम विरोधी टीमों के लिए एक बड़ा खतरा बन गई। जब उनसे उनकी सफलता के राज के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दिया, ह्लहमारी टीम ने हॉकी की बेहद आक्रामक शैली खेली, जिससे स्ट्राइकर की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। मुझे पता था कि टीम के बेहतर प्रदर्शन के लिए मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा, इसलिए मैंने यथासंभव अधिक से

# व्यापार/लाइफ व साइंस

### सेंसेक्स 197 अंक गिरकर हुआ बंद मिडकैप शेयरों में हुई खरीदारी

**मुंबई(आईएएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 197.97 अंक या 0.25 प्रतिशत गिरकर 77,860.19 और निफ्टी 43.40 अंक या 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,559.95 पर था। व्यापक बाजार में रुझान नकारात्मक था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,520 शेयर हरे निशान में, 2,402 शेयर लाल निशान में और 142 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए हैं। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में मिलाजुला कारोबार हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 108.30 अंक या 0.20 प्रतिशत की तेजी के साथ 53,609 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 49.90 अंक या 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,006.85 पर बंद हुआ। निफ्टी ऑटो, फार्मा, मेटल, रियल्टी, प्राइवेट बैंक और कमोडिटी इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए हैं। आईटी, पीएसयू बैंक, एफएमसीजी, मीडिया, एनर्जी और इन्फ्रा इंडेक्स दबाव के साथ बंद हुए थे। सेंसेक्स पैक में टाटा स्टील, भारती एयरटेल, जोमैटो, एमएंडएम, अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, इंडसइंड बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फिनसर्व, टाइटन और एशियन पेंट्स टॉप गेनर्स थे। आईटीसी, एसबीआई, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, पावर ग्रिड, नेस्ले इंडिया और एचडीएफसी बैंक टॉप लूजर्स थे।

### आरबीआई ने घटाया रेपो रेट अर्थशास्त्री बोले- ये एक अच्छा कदम

**मुंबई (आईएएनएस)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को रेपो रेट में 25 आधार अंक या 0.25 प्रतिशत की कमी करने का ऐलान किया है। आरबीआई के इस निर्णय को विशेषज्ञों ने एक अच्छा कदम बताया है। आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ पंकज जायसवाल ने कहा कि आज मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की कमी की गई है और यह पहले से ही तय माना जा रहा था। उन्होंने कहा, "जिस तरह से बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मिडिल क्लास का ध्यान रखा था और उसके एक दिन पहले पीएम मोदी ने अपील की थी कि इस बार का बजट गरीबों, मिडिल क्लास और महिलाओं के लिए होगा, तो यह संकेत बजट में ही मिल गए थे कि अबकी बार रेपो रेट में कमी आएगी, जिसमें आम आदमी के हाथ में कैश फ्लो आएगा।" अर्थशास्त्री पंकज जायसवाल ने कहा, "रेपो रेट की कमी होने से बैंक की ईएमआई प्रतिमाह कम होगी, क्योंकि मिडिल क्लास होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन लेता है। आशा है कि 0.25 का रेपो रेट कट होने से मिडिल क्लास की ईएमआई में करीब पांच से 10 प्रतिशत की कमी हो जाएगी। इसके बाद उनके हाथ में अच्छा खासा पैसा आएगा, जो वह खर्च कर सकेगा।

# टोल टैक्स से लोगों को मिलेगी जल्द राहत सरकार लाएगी नई स्कीम : नितिन गडकरी




**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार जल्द ही राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलने वाले वाहनों पर लगने वाले टोल पर यात्रियों के लिए एक बड़ी राहत की घोषणा करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों पर यूजर्स को लाभ पहुंचाने के लिए एक यूनिफॉर्म टोल नीति पर काम कर रही है। गडकरी ने एनडीटीवी से कहा, "हमारी रिसर्च पूरी हो चुकी है और स्कीम की जल्द घोषणा की जाएगी।"केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों पर एक ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (जीएनएसएस) आधारित टोल कलेक्शन सिस्टम शुरू करने पर काम कर रही है। इससे राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात का प्रवाह सुगम होगा। गडकरी ने स्वीकार किया कि सोशल मीडिया पर टोल कलेक्शन को लेकर उन पर मीम्स बन रहे हैं। इंटरव्यू में गडकरी ने कहा, "सोशल मीडिया पर कई लोग ट्रोल कर रहे हैं। कुछ लोग टोल को लेकर गुस्सा भी हैं। मैं बस यह कहना चाहता हूं कि टोल को लेकर ये गुस्सा कुछ दिनों में समाप्त हो जाएगा।

भारत के पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क है। देश में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 1,46,195 किमी है। देश का टोल कलेक्शन 2023-24 में 64,809 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था, जो पिछले वर्ष की तुलना में 35 प्रतिशत अधिक है। केंद्रीय मंत्री गडकरी का बयान ऐसे समय पर आया है, जब करीब एक हफ्ते पहले आए आम बजट 2025-26 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इनकम टैक्स छूट की सीमा को बढ़ाकर 12.75 लाख रुपये तक कर दिया गया है। इससे सरकार की आय एक लाख करोड़ रुपये कम होगी। वहीं, दूसरी तरफ आम आदमी के हाथ में अधिक पैसा बचेगा और लोग पहले के मुकाबले अधिक खर्च कर पाएंगे। गडकरी ने आगे कहा कि यमुना को साफ किया जाएगा और नदी के दिल्ली हिस्से को सीप्लेन के लिए लैंडिंग स्ट्रिप के रूप में भी इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गुजरात में साबरमती पर यह पहले ही सफलतापूर्वक किया जा चुका है।

भारत ने किया हासिल

## 100 गीगावाट की सौर ऊर्जा क्षमता: प्रह्लाद जोशी

**नई दिल्ली(हि.स.)।** केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने 100 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता हासिल किया है, जो एक मील का पत्थर है। जोश ने 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने के देश के लक्ष्य को भी रेखांकित किया।



जोशी ने एक्स पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने 100 गीगावाट सौर क्षमता हासिल किया है। ये उपलब्धि स्वच्छ, हरित भविष्य के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता से प्रेरित है। इससे अक्षय ऊर्जा में वैश्विक नेता के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि यह उल्लेखनीय उपलब्धि स्वच्छ, हरित भविष्य के लिए देश की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा क्षमता के अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## भारती एयरटेल का मुनाफा तीसरी तिमाही में 121 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई (आईएएनएस)।** देश की दिग्गज टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल ने गुरुवार को तीसरी तिमाही के नतीजे पेश किए। अक्टूबर-दिसंबर अवधि में कंपनी को 14,781 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। इसकी वजह इंडस टावर के कंसोलिडेशन के कारण वनटाइम विशिष्ट लाभ है। अगर वनटाइम विशिष्ट लाभ को समायोजित कर लिया जाए तो कंपनी को वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में 5,514 करोड़ रुपये का लाभ हुआ है, जो कि पिछले साल की समान अवधि में 2,442 करोड़ रुपये था। कंपनी की ऑपरेशनंस से आय सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 45,129 करोड़ रुपये हो गई है। इसकी वजह भारत और अफ्रीका के कारोबार में मजबूत वृद्धि होना है।

गोपाल विट्टल, वाइस चेयरमैन और एमडी ने कहा, "हमने लगातार एक और तिमाही मजबूत प्रदर्शन किया। इसकी वजह इंडस टावर्स का कंसोलिडेशन तीसरी तिमाही से प्रभावी होना रहा।"उन्होंने कहा कि कंपनी की बैलेंस शीट मजबूत बनी हुई है, जिसे मजबूत नकदी सृजन, विवेकपूर्ण पूंजी आवंटन और निरंतर डीलीवरेजिंग से सपोर्ट मिल रहा है। विट्टल ने कहा, "हमारा मानना है कि उद्योग निरंतर निवेश और दीर्घकालिक मूल्य सृजन सुनिश्चित करने के लिए टैरिफ में और सुधार करेगा।"

एयटेल की औसत आय प्रति यूजर (एआरपीयू) में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है और वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में बढ़कर 245 रुपये हो गया है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 208 रुपये था। एयरटेल ने तीसरी तिमाही में 6 लाख नए ग्राहक जोड़कर पोस्टपेड सेगमेंट में अपनी लीडरशिप को मजबूत किया, जिससे इसका कुल पोस्टपेड यूजर बेस 2.5 करोड़ हो गया। एयरटेल ने अपने कारोबार में मजबूत प्रदर्शन जारी रखा। कंपनी की आय में सालाना आधार पर 8.7 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। ंपनी के घरेलू ब्रॉडबैंड सेगमेंट में मजबूत वृद्धि हुई है और इस सेगमेंट की आय में वित्त वर्ष 25 की तीसरी

## एनडीए के कार्यकाल में पैदा हुई 17.9 करोड़ नौकरियां

नई दिल्ली, 7 फरवरी (आईएएनएस)। बीजेपी ने कांग्रेस के उन दावों का खंडन किया है, जिसमें ये दावा किया गया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश में पर्याप्त रोजगार के अवसर पैदा नहीं हुए हैं। बीजेपी ने आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए के कार्यकाल में एक दशक में केवल 2.9 करोड़ नौकरियां पैदा हुई थी। वहीं, एनडीए के शासनकाल में 17.9 करोड़ रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं, जिसमें से 4.6 करोड़ नौकरियां अकेले वित्त वर्ष 2023-24 में पैदा हुई हैं। बीजेपी ने राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि यूपीए के शासनकाल में बेरोजगारी 4.7 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। वहीं, मोदी सरकार में बेरोजगारी की दर 2017-18 में 5.3 प्रतिशत से घटकर 2023-24 में 3.2 प्रतिशत हो गई है। वहीं, आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के आधार पर बताया गया कि मोदी सरकार में ग्रामीण बेरोजगारी दर में भी कमी आई है। बीजेपी ने कहा कि महिला श्रम बल भागीदारी दर 2017-18 में 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 37 प्रतिशत हो गई है।

## एक नजर

### बिजली खंभा बना परेशानी का सबब



**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के बोहिता पंचायत स्थित लोहड़ी गांव के पास, 11 केवी एचटी लाइन सतबरवा को नीलांबर पीतांबरपुर से जोड़नेवाली सड़क के ऊपर से गुजरी, जिसका खंभा झुक गया है। इससे सड़क से गुजरने वाले वाहनों और राहगीरों के साथ दुर्घटना की संभावना बढ़ गई है। बिजली विभाग को कई बार सूचना देने के बाद भी केवल आश्वासन मिले हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। ग्रामीणों ने एसडीओ को सूचना दी थी, पर अब तक खंभा ठीक नहीं हुआ है। यह सड़क सतबरवा ट्रेनिंग कॉलेज से होकर दर्जनों गांवों को जोड़ती है।

# सड़क हादसा में 4 लोग घायल

**नवीन मेल संवाददाता**


**सतबरवा।** थाना क्षेत्र एन एच 39, रांची मेदिनीनगर मुख्य पथ, बकोरिया पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार को अहले सुबह, ट्रक में खड़े खड़े उर्स लेस्लीगंज से आ रही सवारी गाड़ी ने टक्कर मारी। सवारी गाड़ी में सवार मजहर हुसैन (38 वर्ष) समेत 4 लोग घायल हो गए। सतबरवा पुलिस घटनास्थल पर पहुँचकर, ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल नवजीवन में भर्ती कर दिया। डॉक्टर द्वारा गंभीर रूप से घायल मजहर हुसैन (38 वर्ष), पिता अख्तर हुसैन, मनिका निवासी की स्थिति को देखते हुए रांची रेफर कर दिया गया। रांची जाते-जातें रास्ते में मजहर हुसैन की मौत हो गई। मृतक परिवार के घायल तीन सदस्य को एमआरएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया, जबकि अन्य घायल का इलाज नवजीवन हॉस्पिटल में चल रहा है। टक्कर इतनी जोरदार रही कि सवारी गाड़ी का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रंस्त हो गया। एसआई विश्वनाथ राणा ने बताया कि लेस्लीगंज से कव्वाली सुनकर, महिलाओं समेत कई लोग सवारी गाड़ी से मनिका अपने घर लौट रहे थे। इसी क्रम में बकोरिया पेट्रोल पंप पर खड़े कंटेनर ट्रक (यूपी70ईटी 7045) में, लेस्लीगंज उर्स कव्वाली सुनकर आप रही सवारी गाड़ी (जे एच 03 आर 8913) अनियंत्रित होकर जा भिड़ा। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।



## आदिम जनजाति के लाभुकों को तीन महीने से नहीं मिला राशन, प्रखंड कार्यालय पहुंचे

**चिनियां।** प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को सैकड़ों आदिम जनजाति के महिला-पुरुष पहुंचे और तीन महीने से पीटीजी राशन न मिलने की शिकायत की। उन्होंने वीडियो सुबोध कुमार को लिखित आवेदन सौंपा। प्रभावित लाभुकों ने बताया कि दिसंबर, जनवरी और फरवरी का राशन अब तक नहीं मिला है, जबकि सरकार के निदेर्शानुसार हर महीने की 5 तारीख से राशन वितरण होना चाहिए। लगातार शिकायत करने के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला, जिससे वे खाने-पीने की समस्या झेल रहे हैं।

## बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान, तार-पोल बदलने के काम में लापरवाही



रमना। प्रखंड मुख्यालय और आसपास के ग्रामीण इलाकों में जर्जर बिजली तार और पोल बदले जा रहे हैं, लेकिन इस काम में भारी लापरवाही देखने को मिल रही है। हैदराबाद की एनसीसी कंपनी को इस प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी दी गई है, लेकिन कंपनी के कर्मचारियों और बिजली विभाग की उदासीनता के कारण उपभोक्ता परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बिना किसी पूर्व सूचना के घंटों बिजली काटी जा रही है, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। साथ ही, सुरक्षा संकेतों और उपकरणों के अभाव में काम हो रहा है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। स्थानीय झामुमो कार्यकर्ता अनुज कुमार, रोहित वर्मा, मुन्ना प्रसाद, संदीप कुमार, मुन्ना पासवान, संतोष यादव, सुभान अंसारी, नरेश प्रसाद और विशेश्वर मेहता ने जिला प्रशासन और बिजली विभाग के अधिकारियों से इस लापरवाही पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

## विद्यालय निर्माण में अनियमितता, कार्रवाई की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएमश्री अपग्रेडेड प्लस टू उच्च विद्यालय में प्रयोगशाला भवन के निर्माण कार्य की जांच बीडीओ सह सीओ रणबीर कुमार ने की। जांच में घटिया किस्म के ईंट, सरिया और अन्य कमजोर मैटेरियल्स का उपयोग सामने आया। यह जांच पंचायत समिति सदस्य ममता देवी और मुखिया प्रतिनिधि रोशन कुमार की शिकायत पर की गई, जिनके साथ मौके पर संवेदक और मजदूर भी मौजूद थे। वरिष्ठ नागरिक रामजन्म राम सहित अन्य अभिभावकों ने दोषी संवेदक को ब्लैकलिस्ट करने एवं निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक, कई निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल कार्यालय के सभागार में एसडीओ गौरांग महतो की अध्यक्षता में हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक में विधायक संजय कुमार सिंह यादव, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश कुमार मेहता, सचिव सह प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विनेश कुमार आदि उपस्थित रहे। बैठक में अस्पताल के रख-रखाव, साफ-सफाई, रिपेयरिंग, रेनोवेशन, टूटे बॉउंड्री वॉल की मरम्मत, मरीजों के लिए एयर कंडीशन की व्यवस्था, काउंटर घेराव, लैंडस्केपिंग, फूलों के गमलों, मिट्टी की भराई, अस्पताल सौंदर्यीकरण, आवश्यक उपकरण, डिलेवरी रूम में एंटी स्किड टाइल्स और कुपोषण उपचार केंद्र को सुसज्जित करने समेत कई निर्णय लिए गए। अस्पताल प्रबंधन की ओर से महिला चिकित्सक की पदस्थापना की मांग भी उठी, जिस पर विधायक ने स्वास्थ्य विभाग से समन्वय करने का आश्वासन दिया। एसडीओ गौरांग महतो ने स्वास्थ्य कर्मियों को समय पर सेवा प्रदान करने का निर्देश दिया। अंचलाधिकारी पंकज कुमार, डॉ. शशि भूषण मेहता, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विभूति कुमार गुप्ता, प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रेम मणि सुधांशु और प्रखंड डाटा प्रबंधक रंजीत कुमार मेहता भी बैठक में उपस्थित रहे।



## बिजली चोरी के खिलाफ धुरकी थाना में 10 लोगों पर प्राथमिकी



**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी (गढ़वा)।** बिजली चोरी के खिलाफ विद्युत विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में छापेमारी अभियान चलाकर बिना कनेक्शन के अवैध रूप से बिजली उपयोग करने वालों के विरुद्ध धुरकी थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। विद्युत कनीय अभियंता अम्ल राय ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निदेर्शानुसार छापेमारी अभियान चलाकर बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इस दौरान पड़वामोड़ निवासी कमालुद्दीन अंसारी पर 15,476, महबूब अंसारी पर 7,117, बरहसोती गांव की फुलमती देवी पर 30, 842, मानिकचंद सिंह पर 7,117, विक्रम सिंह पर 15,476, अजय कुमार सिंह पर 15,476, मंती देवी पर 15,476, लिखनीधौरा गांव के प्रेम शंकर गुप्ता पर 15,476, अरुण कुमार गुप्ता पर 28,470 और उमाशंकर गुप्ता पर ?28,470 का जुर्माना लगाया गया है। अम्ल राय ने बताया कि बिजली चोरी रोकने के लिए हर महीने तीन से चार बार छापेमारी अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने अपील की कि बिना कनेक्शन के बिजली का उपयोग करना गैरकानूनी है और पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### गढ़वा में दंतोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का सफल आयोजन

# रोजगार का मतलब सिर्फ सरकारी नौकरी नहीं : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड सरकार के श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में दंतोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 2025 का आयोजन शुक्रवार को फॉरेस्ट कॉलोनी, गढ़वा में किया गया। जिला नियोजनालय गढ़वा द्वारा आयोजित इस मेले का उद्घाटन उपायुक्त शेखर जमुआर, अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार, कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद, भूमि संरक्षण पदाधिकारी चंद्र किशोर प्रसाद और जिला नियोजन पदाधिकारी नीरज कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

**2218 रिक्तियों के लिए हुआ चयन :** इस मेले में गढ़वा, पलामू, लातेहार, हजारीबाग, जमशेदपुर, कोलकाता, पुणे, चेन्नई और बेंगलुरु के लिए कुल 2218 रिक्तियां उपलब्ध थीं, जिनमें से 600 पद गढ़वा और संपूर्ण झारखंड के लिए थे। उद्घाटन समारोह में उपायुक्त शेखर जमुआर ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि रोजगार का मतलब केवल सरकारी नौकरी नहीं होता। अब निजी क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं, और यह मेला युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा होने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान कर रहा है। उन्होंने नियोजन पदाधिकारी को रोजगार के अवसरों के व्यापक प्रचार-प्रसार का निर्देश दिया और युवाओं को किसी भी काम को छोटा या बड़ा न समझने की सलाह दी।

### 19 निजी कंपनियों ने दिया रोजगार का अवसर

जिला नियोजन पदाधिकारी नीरज कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस रोजगार मेले में 19 निजी कंपनियों ने भाग लिया। इनमें सोडेक्सो कॉपोरेट, एसआईएस लिमिटेड, एलआईसी, स्पंदना सफार्टी फाइनेंस, मिलेनियम स्किल जी4एस, शिवा प्रोटेक्शन फोर्स, किस्मती कॉलेज ऑफ फामेर्सी, डेल्हीवेरी लिमिटेड, यूनिवर्सल आइडियल सेवा समिति, क्वेस कॉर्प सहित अन्य कंपनियां शामिल थीं। इन कंपनियों ने मैनेजर, लोन ऑफिसर, ट्रेनी ऑपरेटर, क्लर्क, सिक्योरिटी गार्ड, अकाउंटेंट, बिलिंग इंचार्ज, नर्सिंग ट्यूटर, रिलेशनशिप ऑफिसर, सेल्समैन, डिलीवरी बॉय, शिक्षक, मशीन ऑपरेटर आदि पदों के लिए आवेदन लिए।

### 64 युवाओं का चयन, 222 को मिला अगला मौका

रोजगार मेले में 64 युवक-युवतियों का सीधा चयन किया गया, जबकि 222 उम्मीदवारों को अगले चरण के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने सांकेतिक रूप से 6 चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

## शहर थाना पुलिस ने चार चोरों को किया गिरफ्तार

**● चोरी की मोटरसाइकिल और मोबाइल बरामद**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना पुलिस ने वाहन और मोबाइल चोरी के मामलों में चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में दो वाहन चोर और दो मोबाइल चोर शामिल हैं।

**वाहन चोरी के मामले में दो गिरफ्तार :** गुरुवार को धोबी मुहल्ला निवासी अभिषेक कुमार (पिताः गोविंद राम) की मोटरसाइकिल उनके घर के दरवाजे के पास से चोरी हो गई थी। मामले में शिकायत दर्ज होने के बाद शहर थाना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिससे चोरी में शामिल अभियुक्तों की पहचान हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान फारूख अंसारी (उम्र 19) और जिशान खान (उम्र 29), दोनों निवासी साई मुहल्ला, मुस्लिम नगर, शहर थाना क्षेत्र के रूप में हुई। पुलिस ने उनके पास से चोरी की गई स्प्लेंडर प्रो मोटरसाइकिल बरामद की। साथ ही, चोरी में प्रयुक्त पैशन प्रो मोटरसाइकिल भी बरामद की गई, जिसे आरोपियों ने पहले रेलवे स्टेशन से चुराया था।

**मोबाइल छिनतई में दो आरोपी गिरफ्तार :** इसके अलावा, शहर थाना पुलिस ने मोबाइल चोरी के मामले में भी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें रोशन सिंह (आबादगंज) ने पंकज कुमार, तरहसी का मोबाइल छः मुहान से छीनकर भाग गया था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रोशन सिंह और लकी कुमार को गिरफ्तार किया।

## कैदी वार्ड से हत्या का आरोपी फरार, पुलिस की लापरवाही उजागर

**मेदिनीनगर।** एमएमसीएच अस्पताल के कैदी वार्ड से शुक्रवार सुबह हत्या का आरोपी ऋषिकेश दुबे पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। वह दिसंबर 2023 से हत्या के एक मामले में न्यायिक हिरासत में था। कैदी वार्ड में तैनात जवान दिनेश राम ने बताया कि सुबह 7बजे ऋषिकेश ने पानी मांगा। जब उसके लिए नल खोला गया, तो चेहरा धोने के बहाने उसने जवान को धक्का दिया और फरार हो गया। मेदिनीनगर सेंट्रल जेल के अधीक्षक भागीरथ करजी के अनुसार, ऋषिकेश को खांसी और सांस लेने में दिक्कत के कारण 30 जनवरी को अस्पताल में भर्ती किया गया था। घटना की सूचना संबंधित पदाधिकारियों को दे दी गई है।

## कार्यक्रम

## उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी समस्याएं, त्वरित समाधान का दिया निर्देश

# 20 आवेदनों पर हुई सुनवाई, संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता से निपटाने का आदेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन हुआ। इस दौरान लगभग 20 आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को अग्रसारित कर शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

### जमीन विवाद, लोन और खाद्यान्न वितरण जैसे मुद्दे उठे

जनता दरबार में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई, जिनमें आवास योजना, बैंक से जुड़े मामले, स्वास्थ्य, वृद्धा पेंशन, जमीन विवाद, राशन और पानी की समस्याएं प्रमुख रहीं। उपायुक्त ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**प्रमुख मामलों पर हुई सुनवाई :** ग्राम पाचाडुमर के विरवल राम ने शिकायत की कि उनकी जमीन पर जबरन मकान निर्माण किया जा रहा है, और विरोध करने पर मारपीट की जा रही है। उपायुक्त ने इस पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। धुरकी ग्राम के दिनेश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 50,000 रुपये का लोन मंजूर होने के बावजूद उन्हें चेक नहीं दिया गया। उपायुक्त ने तत्काल संबंधित कार्यालय को निर्देश देकर समाधान कराने की बात कही। डंडई के मनीष कुमार ने शिकायत की कि उनके पिता की जन वितरण दुकान निलंबन से मुक्त होने के बाद भी, राशन लाभुकों को नहीं मिला। इस दौरान, कालाबाजारी का मामला उजागर हुआ, जिसमें सफीक अंसारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज है। उपायुक्त ने लंबित खाद्यान्न के शीघ्र वितरण के निर्देश दिए। जनता दरबार में उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों को प्राथमिकता देकर जल्द निपटाया जाए, ताकि जनता का प्रशासन पर विश्वास बना रहे।

## ठंड में अप्रत्याशित बढ़ोतरी तापमान आठ डिग्री नीचे गिरा

**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय समेत पूरे क्षेत्र में ठंड ने एक बार फिर से अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया है। बीते 24 घंटे में विभिन्न स्थानों पर तापमान में आठ डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं आया है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 16.5 डिग्री सेल्सियस था, जबकि शुक्रवार को यह 8.7 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। इस अप्रत्याशित गिरावट के कारण लोगों ने एक बार फिर से गर्म कपड़ों, कंबलों और रजाइयों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। यहां तक कि दिन के समय भी लोग स्वेटर और जैकेट पहने नजर आ रहे हैं। तापमान में अचानक आई इस गिरावट के पीछे पश्चिमी विक्षोभ को मुख्य कारण माना जा रहा है।

## पेज एक के शेष

### बैंक लोन होगा...

ज्ञात हो कि रेपो रेट में यह कटौती पांच साल के बाद की गई है। पिछली कटौती मई, 2020 में हुई थी। इधर, आर्थिक क्षेत्र के विशेषज्ञों के अनुसार, आयकर की सीमा 12 लाख रुपए तक करने के बाद रेपो रेट में कटौती किए जाने से मध्यम वर्ग को और लाभ मिलेगा। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि आरबीआई ने अगले वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 6.7 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। जबकि चालू वित्त वर्ष आर्थिक वृद्धि दर 6.4 फीसदी पर रहने के अनुमान को बरकरार रखा है। संयज मल्होत्रा ने कहा कि खुदरा मुद्रास्फीति अगले वित्त वर्ष 2025-26 में 4.2 फीसदी रहने का अनुमान है, जबकि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में इसके 4.8 फीसदी रहने की संभावना है। गौरतलब है कि आरबीआई ने फरवरी 2023 से रेपो रेट को 6.5 फीसदी पर अपरिवर्तित रखा था। 31 जनवरी, 2025 तक देश का विदेशी मुद्रा भंडार 630.6 अरब यूएस डॉलर था। मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक सात-नौ अप्रैल, 2025 को होगी।

### वर्ष 2025-26 में...

वृद्धि 6.7 फीसदी रहने का अनुमान है। पहली तिमाही में 6.7 फीसदी, दूसरी तिमाही में 7.0 फीसदी और तीसरी तथा चौथी तिमाही में 6.5 फीसदी की दर से बढ़ने की संभावना है। संसद में पिछले हफ्ते पेश आर्थिक सर्वेक्षण में अनुमान लगाया गया है कि भारत की अर्थव्यवस्था 2025-26 में 6.3-6.8 फीसदी की दर से बढ़ेगी। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी वृद्धि दर चार साल के निचले स्तर 6.4 फीसदी पर आने का अनुमान है। इसके बाद ही केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2025-26 में उपभोग को बढ़ावा देने के लिए मध्यम वर्ग को अब तक की सबसे बड़ी आयकर छूट प्रदान करने की घोषणा की है।

### डिजीटल भुगतान होगा...

गतिविधियों को नियंत्रित करने के साथ सुरक्षित वित्तीय सेवाओं को सुव्यवस्थित बनाना है, जिससे कि डिजिटल बैंकिंग और भुगतान सेवाओं में विश्वास बढ़े। कहा कि इंस्टीट्यूट फॉर डेवलपमेंट एंड रिसर्च इन बैंकिंग टेक्नोलॉजी (आईडीआरबीटी) विशेष रजिस्ट्रार के रूप में कार्य करेगा। वास्तविक पंजीकरण अप्रैल 2025 से शुरू होंगे। आरबीआई के गवर्नर ने कहा कि बैंकों के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश अलग से जारी किए जाएंगे। कहा कि गैर-बैंकिंग इकाइयों के लिए अलग से ह्यफिन डॉट इनह्ण की शुरूआत की जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक ने इसके साथ सीमा पार बिना कार्ड प्रस्तुत किए (कार्ड नॉट प्रेजेंट) लेन-देन में सुरक्षा की एक अतिरिक्त परत शुरू करने का भी निर्णय किया है।

### पत्रकारों को निजी...

प्राइवेट ज्यादा थे और यह सीधे-सीधे निजता के अधिकार का हनन दिखाई पड़ता है। कोर्ट ने इस बात को भी माना है कि एसआईटी ने पत्रकारों से निजी सवाल कर अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाने का काम किया है। एक एफआईआर लीक हुई थी, उसके बाद ही पत्रकारों से सवाल-जवाब शुरू हुए। इस मामले में भी कोर्ट ने जांच एजेंसी को ही फटकार लगाई है। उनकी तरफ से कहा गया है कि अभी तक यह जानने की कोशिश तक नहीं हुई कि एफआईआर अपलोड किसने की थी। सीधे-सीधे पत्रकारों से सवाल-जवाब किए गए, उन्हें कोई समन भी नहीं भेजा गया।

### कौशल भारत कार्यक्रम...

एनसीएसके के तीन वर्षों के विस्तार के लिए कुल वित्तीय खर्च लगभग 50.91 करोड़ रुपये होगा। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इससे सफाई कर्मचारियों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान को सुविधाजनक बनाने, सफाई क्षेत्र में काम करने की स्थिति में सुधार लाने और खतरनाक सफाई करते समय शून्य मृत्यु दर हासिल करने के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी। साथ ही, कैबिनेट ने विशाखापत्तनम में प्रस्तावित साउथ कोस्ट रेलवे जोन के तहत वाल्टेयर डिवीजन को बरकरार रखते हुए डिवीजनल अधिकार क्षेत्र में संशोधन को मंजूरी दी।

### नहीं रहे श्रीराम...

मुलाकात की एक पुरानी तस्वीर ह्यएक्सह्ण पर साझा करते हुए लिखा, भाजपा के वरिष्ठ नेता और राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी कामेश्वर चौपालजी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। वे एक अनन्य रामभक्त थे, जिन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण में बहुमूल्य योगदान दिया। दलित पृष्ठभूमि से आने वाले कामेश्वरजी समाज के वंचित समुदायों के कल्याण के कार्यों के लिए भी हमेशा याद किए जाएंगे। शोक की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिजनों और समर्थकों के साथ हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राम मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी कामेश्वर चौपाल के निधन पर शोक जताते कहा कि आज हमने एक कुशल राजनेता और समाजसेवी खो दिया। बिहार विधान परिषद के पूर्व सदस्य कामेश्वर चौपाल के निधन पर बिहार प्रदेश भाजपा ने भी गहरा शोक व्यक्त किया है।

कामेश्वर चौपाल का जन्म बिहार के सुपौल में हुआ थाः कामेश्वर चौपाल का जन्म 24 अप्रैल, 1956 को बिहार के तत्कालीन सहरसा जिले (वर्तमान में सुपौल जिला) के कमरैल गांव में हुआ था। उन्होंने अपना जीवन सामाजिक और धार्मिक कार्यों में लगाया। चौपाल ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत वर्ष 1991 में भारतीय जनता पार्टी से की। वर्ष 1991 में वह रोसड़ा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़े। वर्ष 1995 और 2000 में बखरी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा। हालांकि, उन्हें चुनावी सफलता नहीं मिली और 7 मई, 2002 को कामेश्वर चौपाल ने बिहार विधान परिषद की सदस्यता ग्रहण की। वे वर्ष 2014 तक बिहार विधान परिषद के सदस्य रहे। कामेश्वर चौपाल ने 9 नवंबर 1989 को अयोध्या में राम मंदिर की नींव के लिए पहली ईंट रखकर इतिहास रच दिया था। दलित प्रतिनिधि के रूप में उनका चयन एक बड़ा कदम था, जिसने मंदिर आंदोलन की समावेशी प्रकृति पर जोर दिया। उनके योगदान ने उन्हें हिंदुत्व और सामाजिक-राजनीतिक क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित व्यक्ति बना दिया।

## नाइजीरिया के स्कूल में लगी भीषण आग 17 बच्चों की मौत



**अबुजा (आईएएनएस)**। नाइजीरिया के उत्तर-पश्चिमी इलाके में स्थित एक इस्लामिक स्कूल में लगी आग में कम से कम 17 बच्चों की मौत हो गई। देश की आपातकालीन प्रतिक्रिया एजेंसी ने यह जानकारी दी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने बताया कि बुधवार को जम्फारा राज्य के कौरा नमोदा जिले में यह भीषण हादसा हुआ। जब आग लगी, तब स्कूल में करीब 100 बच्चे मौजूद थे। एजेंसी के मुताबिक सत्रह बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। आग किस वजह से लगी यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। हालांकि एजेंसी का कहना है कि अधिकारियों ने गुरुवार को आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी। नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला टीनुबू ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## रूस की सेना में शामिल श्रीलंका के 59 नागरिकों की युद्ध में मौत

**कोलंबो (हि.स.)**। रूस और यूक्रेन के बीच छिड़ी जंग में श्रीलंका के 59 नागरिकों की मौत हो चुकी है। यह सभी रूस की तरफ से लड़ाई लड़ते हुए मारे गए। श्रीलंका के विदेशमंत्री विजेता हेराथ ने आज संसद को यह जानकारी दी। डेली मिरर समाचार पत्र की खबर के अनुसार विपक्षी सदस्य एस श्रीधरन के एक प्रश्न के उत्तर में हेराथ ने कहा कि रूस की सेना में भर्ती श्रीलंका के 554 नागरिकों में से 59 की मौत 20 जनवरी तक हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि इस युद्ध में रूस और यूक्रेन के हजारों सैनिक मारे गए हैं। मॉस्को अपनी सेना में श्रीलंका ही नहीं, भारत और नेपाल के लोगों को भर्ती कर चुका है।

## अनियंत्रित भीड़ ने शेख हसीना की पार्टी के नेता के घर में लगाई आग



ढाका (हि.स.)। बांग्लादेश में अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के परिवार और उनके सहयोगियों के खिलाफ भड़के शोले अंतरिम सरकार की चेतावनी के बावजूद ठंडे पड़ते नहीं दिख रहे। हसीना के पिता बंगबंधु और पति के आवास पर बुलडोजर चलाने के बाद अब उनकी पार्टी अवामी लीग के नेताओं के घरों पर आग लगाई जा रही है। अनियंत्रित भीड़ ने रात डेढ़ बजे राजधानी ढाका के बनानी में अवामी लीग सभापति मंडल के सदस्य शेख सेलिम के घर में आग लगा दी। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, पुलिस सुरक्षा की कमी के कारण दमकल विभाग के कर्मचारी रात 2:45 बजे तक मौके पर नहीं पहुंचे। इस दौरान घर आग की लपटों से घिरा रहा। इससे पहले बुधवार रात हजारों छात्रों और प्रदर्शनकारियों ने धानमंडी-32 स्थित बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के आवास में तोड़फोड़ कर आग लगा दी। हमलावरों ने इमारत पर बुलडोजर चला दिया।

## फिलीपींस में अमेरिकी सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त चार लोगों की हुई मौत

**मनीला (फिलीपींस)**। अमेरिकी रक्षा विभाग का एक छोटा विमान गुरुवार को दक्षिणी फिलीपींस में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में सवार सभी चार लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी अमेरिकी इंडो-पैसिफिक कमांड ने दी। दुर्घटना दक्षिणी फिलीपींस के मगुइंडानाओ डेल सुर में हुई। विमान खेत में गिरा। दुर्घटना स्थल से आई तस्वीरों में बीचक्राफ्ट किंग एयर 350 का मलबा दिखाई दे रहा है, जिसकी पुष्टि अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने की है। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में अमेरिकी मरीन का एक सदस्य समेत तीन रक्षा कॉन्ट्रैक्टर (ठेकेदार) की मौत हो गई। अमेरिकी इंडो-पैसिफिक कमांड ने कहा कि छोटा विमान फिलीपींस के सहयोगियों के अनुरोध पर खुफिया जानकारी, निगरानी और टोही सहायता प्रदान करते हुए एक नियमित मिशन पर था।

## भोपाल में हिंदू युवती से शादी रचाने पहुंचे मुस्लिम युवक की पिटाई

**भोपाल** । मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में हिंदूवादी संगठन से जुड़े कुछ लोगों ने एक युवक की जमकर पिटाई कर दी। कहा जा रहा है कि युवक मुस्लिम है और वह हिंदू लड़की से शादी करने जा रहा था। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें दो युवक अन्य की पिटाई कर रहे हैं। युवक को पहले थप्पड़ मारते हैं और जब वह जमीन पर गिर जाता है तो उसके चेहरे पर पैरों से भी प्रहार करते नजर आ रहे हैं। पिटाई करने वाले युवक हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता बताए जा रहे हैं तो वहीं जिसकी पिटाई हो रही है, वह नरसिंहपुर का निवासी मुस्लिम युवक है। मिली जानकारी के अनुसार, नरसिंहपुर का निवासी मुस्लिम युवक एक हिंदू लड़की से शादी करने भोपाल न्यायालय पहुंचा था।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की गर्मजोशी और आतिथ्य ने मेरे राष्ट्रपति भवन दौरे को खास बना दिया: सचिन तेंदुलकर

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने राष्ट्रपति भवन की अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के "गर्मजोशी और आतिथ्य" के लिए उनका आभार व्यक्त किया और कहा कि हर पल बेहद निजी लगा। तेंदुलकर ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति और तेंदुलकर ने अमृत उद्यान का भी दौरा किया। "राष्ट्रपति भवन के ऐतिहासिक अतिथि विंग में अपने परिवार के साथ रहना एक सम्मान की बात है, जिसे हम हमेशा याद रखेंगे। माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी द्वारा दी गई गर्मजोशी और आतिथ्य ने इस यात्रा को खास बना दिया। सचिन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, "डिनर पर दिल से की गई बातचीत से लेकर इतिहास से जुड़े गलियारों में घूमने तक, हर पल बेहद निजी लगा।

तेंदुलकर ने राष्ट्रपति भवन की पहल 'राष्ट्रपति भवन विमर्श सम्मेलन' के तहत एक संवादात्मक सत्र में हिस्सा लिया और एक क्रिकेटर के रूप में अपनी यात्रा के किस्सों के माध्यम से प्रेरणा के सिद्धांतों को साझा किया। "विमर्श सम्मेलन का हिस्सा बनकर आभारी हूं, यह एक खूबसूरत पहल है जो सार्थक बातचीत को बढ़ावा देती है और भावी पीढ़ियों को प्रेरित करती है। उन्होंने कहा, "कुछ अनुभव हमेशा आपके साथ रहते हैं और यह उनमें से एक था।

## हर किसी को राष्ट्रपति भवन की भव्यता और विरासत को देखने के लिए वहां जाना चाहिए


इस सत्र में महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों और विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों ने भाग लिया, उन्होंने टीम वर्क, दूसरों का ख्याल रखने, दूसरों की सफलता का जश्न मनाने, कड़ी मेहनत, मानसिक और शारीरिक मजबूती विकसित करने और जीवन निर्माण के कई अन्य पहलुओं के महत्व पर प्रकाश डाला। पोस्ट के अंत में लिखा गया, "हर किसी को राष्ट्रपति भवन की भव्यता और विरासत को देखने के लिए वहां जाना चाहिए।" हाल ही में सचिन को बीसीसीआई के लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया, जिसमें क्रिकेट के दिग्गज के असाधारण 24 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर को मान्यता दी गई, जहां व्यक्तिगत उपलब्धियों और राष्ट्रीय जीत, चुनौतियों और जीत के माध्यम से उन्होंने न केवल अपने बल्ले बल्कि पूरे देश की उम्मीदों को आगे बढ़ाया। इसने न केवल एक क्रिकेटर को बल्कि एक ऐसी घटना को मान्यता दी, जिसने भारतीय क्रिकेट को एक वैश्विक महाशक्ति में बदल दिया।

# 10 से 19 वर्ष के हर 7 बच्चों में से 1 बच्चा किसी न किसी मानसिक समस्या से जूझ रहा है

### दुनिया में 30 करोड़ से ज्यादा लोग चिंता व तनाव से जूझ रहे हैं, 28 करोड़ लोग अवसाद का सामना कर रहे हैं

**ब्यूरो**

- परीक्षा नजदीक आने पर दबाव में आ जाते हैं बच्चे
- कोल्ड ड्रिंक भी बन रहा अवसाद का कारण
- सोशल मीडिया पर प्रतिदिन कोई एक घंटे बिताता है, तो उसमें अवसाद के लक्षण प्रतिवर्ष 40 फीसदी तक बढ़ जाते हैं



**नई दिल्ली**। विश्व स्वास्थ्य संगठन व संयुक्त राष्ट्र बाल कोष की 'मेंटल हेल्थ आफ चिल्ड्रन एंड यंग पीपल' नामक ताजा रपट के मुताबिक दुनिया में दस से उन्नीस वर्ष का प्रायः प्रत्येक सातवां बच्चा किसी न किसी मानसिक समस्या से जूझ रहा है। इन समस्याओं में अवसाद, बेचैनी और व्यवहार से जुड़ी समस्याएं शामिल हैं। एक अनुमान के मुताबिक मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी लगभग एक तिहाई समस्याएं 14 साल की उम्र से पहले शुरू हो जाती हैं, जबकि इनमें से आधी समस्याएं 18 वर्ष से पहले सामने आने लगती हैं। जब मासूम बाल्यावस्था से किशोरावस्था की ओर कदम बढ़ाना आरंभ करते हैं, सामान्यतया उसी दौरान मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी अलग-अलग समस्याएं उन्हें अपना शिकार बनाना शुरू कर देती हैं। यूनिसेफ की एक रपट के अनुसार भारत में सात में से एक बच्चा अवसाद का शिकार है। आंकड़ों की बात करें, तो देश के 14 फीसद बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य खराब है। इसी प्रकार, 'इंडियन जर्नल आफ साइकिएट्री' में वर्ष 2019 में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार भारत में पांच करोड़ से अधिक बच्चे मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे थे। इनमें से ज्यादातर बच्चे तनाव, चिंता और अवसाद का सामना कर रहे थे। यूनिसेफ के एक अनुमान के मुताबिक कोरोना महामारी के बाद ये आंकड़े पहले की तुलना में कई गुना तक बढ़ गए हैं। डब्लूएचओ के आंकड़े बताते हैं कि पूरी दुनिया में 30 करोड़ से भी अधिक लोग चिंता व तनाव से जूझ रहे हैं, लगभग 28 करोड़ लोग अवसाद का सामना कर रहे हैं। विज्ञान पत्रिका 'द लैंसेट' में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार आस्ट्रेलिया में 75 फीसद किशोर तनाव-चिंता और बेतहाशा अवसाद से जूझ रहे हैं। वहीं, दस से 18 वर्ष की आयु के 64 फीसद वयस्कों को तीन से अधिक बार खराब मानसिक स्वास्थ्य का दंश झेलना पड़ा है। विशेषज्ञों के अनुसार किशोरावस्था के दौरान लड़के-लड़कियों में कई प्रकार के हार्मोन में और शारीरिक बदलाव होने के कारण उनकी सोच और व्यवहार में बदलाव आता है। इनके अतिरिक्त, उसी दौरान लड़के-लड़कियों को बोर्ड परीक्षाओं और करिअर को लेकर विषय चुनने जैसे दबावों और ऊहापोह वाली परिस्थितियों से भी गुजरना पड़ता है। ऐसे में, अगर उन्हें घर और विद्यालय में सहयोगी परिवेश नहीं मिले तो ये दबावों और ऊहापोह वाली परिस्थितियां प्रायः तनाव-चिंता और अवसाद का रूप ले लेती हैं। इसी प्रकार, जो बच्चे नियमित पढ़ाई-लिखाई नहीं करते, वे परीक्षाएं नजदीक आने पर अक्सर दबाव में आ जाते हैं।

वहीं, मनोचिकित्सकों का मानना है कि आजकल बच्चों में विफलताओं से निपटने की क्षमता कम होती जा रही है। कभी-कभी यह आनुवंशिक भी हो सकता है। इतना ही नहीं, हमारी प्रतिदिन की आदतों में शामिल हो चुके फास्ट फूड, शीतल पेय और सोशल मीडिया जैसे तत्त्व भी अवसाद का कारण बन रहे हैं। वर्ष 2024 में नेशनल लाइब्रेरी आफ मेडिसिन (एनएलएम) में प्रकाशित एक अध्ययन में यह बात सामने आई थी कि 'अल्ट्रा प्रोसेस्ड और फास्ट फूड' खाने से व्यक्ति में तनाव और अवसाद का जोखिम कई गुना बढ़ जाता है, जिसका सबसे अधिक खतरा वयस्कों को होता है, क्योंकि फास्ट और अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड के सबसे बड़े उपभोक्ता भी वही हैं। ऐसे ही, एनएलएम में 2022 में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार चीनी से बने पदार्थ या 'ड्रिंक्स' का सेवन भी किशोरों के खराब मानसिक स्वास्थ्य की बड़ी वजह बन रहा है। जाहिर है कि 'एनर्जी ड्रिंक' या कोल्ड ड्रिंक के नाम पर मिल रहे इस प्रकार के पेय अवसाद का कारण बन सकते हैं। विज्ञान पत्रिका 'फ्रंटियर्स' में 2023 में प्रकाशित एक अध्ययन के मुताबिक जो किशोर प्रतिदिन सात घंटे से अधिक समय 'स्क्रीन' पर बिताते हैं, उन्हें अवसाद का शिकार बनने की आशंका अन्य की तुलना में दोगुने से भी अधिक होती है। इस अध्ययन के मुताबिक, अगर कोई सोशल मीडिया पर प्रतिदिन एक घंटे बिताता है, तो उस व्यक्ति में अवसाद के लक्षण प्रतिवर्ष 40 फीसद तक बढ़ जाते हैं। बीएमसी मेडिसिन में 2010 में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार जो लड़के-लड़कियां किसी तरह के खेल, शारीरिक व्यायाम में भाग नहीं लेते, उनके अवसाद का शिकार बनने की आशंका अधिक होती है। उक्त अध्ययन में यह भी पता चला था कि प्रतिदिन एक घंटे शारीरिक व्यायाम से अवसाद एवं तनाव का जोखिम 95 फीसद तक कम हो जाता है। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि बच्चों का खेल का समय बढ़ाने और 'स्क्रीन टाइम' घटाने का हर संभव प्रयास किया जाए, लेकिन जो बच्चे पहले ही तनाव और अवसाद का शिकार बन चुके हैं, उन्हें ठीक करने के लिए तत्काल आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है।

बच्चों को व्यावहारिक बनाने, उन्हें जीवन की वास्तविकताओं से अवगत कराने और जीवन के उतार-चढ़ाव को साझा करने की भी आवश्यकता है, क्योंकि मस्तिष्क का विकास जीवन और अनुभव के साथ होता जाता है। इसके अलावा, प्रतिदिन कम से कम एक बार पूरे परिवार को एक साथ भोजन अवश्य करना चाहिए। इस दौरान मोबाइल, टीवी आदि इलेक्ट्रानिक उपकरणों से दूरी बनी रहे, क्योंकि इससे परिवार में सामंजस्य बढ़ता है। बच्चों से संबंधित शोध एवं अध्ययन करने वाला प्रसिद्ध शोध संस्थान 'मरडोक चिल्ड्रन रिसर्च इंस्टीट्यूट' के तत्वावधान में किए गए इस अध्ययन में यह बताया गया है कि इन मामलों में चिकित्सीय देखभाल से अधिक जरूरत बच्चों को इन मानसिक बीमारियों से बचाने को लेकर रणनीति बनाने की है। वहीं, डब्ल्यूएचओ एवं यूनिसेफ की 'मेंटल हेल्थ ऑफ चिल्ड्रेन एंड यंग पीपल' नामक रपट में बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए समुदाय आधारित मॉडल तैयार करने की बात कही गई है।

## बिना नोटिस व सुनवाई के तोड़-फोड़ मामले में पहले संबंधित हाईकोर्ट जाइए

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली**। सर्वोच्च न्यायालय ने संभल के अधिकारियों के विरुद्ध अवमानना कार्यवाही की मांग करने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया और याचिकाकर्ता को पहले संबंधित उच्च न्यायालय में जाने को कहा। याचिका में दावा किया गया है कि सर्वोच्च न्यायालय ने बीते साल दिए अपने आदेश में बिना पूर्व नोटिस व सुनवाई का मौका दिए बिना बुलडोजर कार्रवाई पर रोक लगाने का आदेश दिया था। याचिका में आरोप लगाया गया है कि संभल में प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा अदालत के आदेश की अवमानना की गई। याचिका में याचिकाकर्ता ने कहा है कि 13 नवंबर 2024 को सर्वोच्च न्यायालय ने पूरे देश में बुलडोजर से तोड़फोड़ की कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। अदालत के आदेश के बावजूद 10-11 जनवरी 2025 को संभल स्थित उसकी संपत्ति में बिना किसी पूर्व सूचना और उसका पक्ष सुने बगैर तोड़फोड़ की गई। याचिकाकर्ता का कहना है कि यह अदालत के बीते साल नवंबर में दिए गए आदेश की अवमानना है। याचिका पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय जाने को कहा। अदालत ने कहा कि 13 नवंबर, 2024 के अपने फैसले में उसने स्वतंत्रता दी थी कि यदि कोई उल्लंघन हुआ है, तो क्षेत्राधिकार वाला उच्च न्यायालय शिकायत पर विचार करने का हकदार होगा। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने याचिकाकर्ता मोहम्मद गयूर की तरफ से पेश हुए वकील चांद कुरैशी से कहा कि 'वे याचिका उच्च न्यायालय में दायर करें। यह मामला उच्च न्यायालय द्वारा बेहतर तरीके से निपटाया जा सकता है।' याचिका में कहा गया है कि सर्वोच्च न्यायालय ने पूरे देश में एकतरफा बुलडोजर से तोड़फोड़ की कार्रवाई पर रोक लगाई थी और 15 दिन पहले नोटिस जारी करने का आदेश दिया था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट के फैसले का पालन नहीं किया गया और संभल में स्थित उसकी संपत्ति में बिना किसी पूर्व नोटिस के तोड़फोड़ की गई। उल्लेखनीय है कि शीर्ष अदालत ने अपने नवंबर 2024 के फैसले में स्पष्ट किया कि वे सार्वजनिक स्थानों जैसे कि सड़कों, गलियों, फुटपाथों, रेलवे लाइनों या नदी या जल निकायों में अनधिकृत संरचनाओं को छोड़कर किसी की संपत्ति में तोड़फोड़ से पूर्व नोटिस देने का आदेश दिया था।

## सऊदी अरब में जमीन की कमी नहीं, बन सकता है एक फिलिस्तीनी राज्य : इजरायली पीएम

**तेल अवीव (आईएएनएस)**



प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को कहा कि सऊदी अरब के पास फिलिस्तीनियों को एक राज्य प्रदान करने के लिए पर्याप्त भूमि है। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 'गाजा प्लान' पर बहस जारी है। इजरायली मीडिया के मुताबिक वाशिंगटन दौरे पर गए नेतन्याहू ने एक चैनल से इंटरव्यू के दौरान कहा, "सऊदी अरब में एक फिलिस्तीनी राज्य बन सकता है; उनके पास वहां बहुत जमीन है। इस बीच वाशिंगटन के होटल में फिल्माए गए वीडियो संदेश में इजरायली पीएम ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप के गाजा पर सुझाव को ध्यान से सुना जाना चाहिए क्योंकि यह सालों में सामने आया एक मौलिक विचार है।

नेतन्याहू पहले ही ट्रंप के गाजा प्लान का समर्थन कर चुके हैं जिसे अमेरिकी राष्ट्रपति ने मंगलवार (4 जनवरी) को एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रंप ने अपने गाजा प्लान पेश किया था। ट्रंप ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका युद्ध से तबाह गाजा पट्टी पर कब्जा करेगा और फिलिस्तीनियों को कहीं और बसाए जाने के बाद इसे आर्थिक रूप से विकसित करेगा। उन्होंने गाजा का विकास करने का प्रस्ताव रखते वक्त यह स्पष्ट कहा था कि फिलिस्तीनियों का विस्थापन स्थायी होगा। हालांकि बाद में व्हाइट हाउस में इस पर सफाई दी थी कि गाजा से कोई भी विस्थापन अस्थायी होगा।

### ट्रंप ने दोहराया गाजा प्लान, कहा- लड़ाई के अंत में इजरायल अमेरिका को सौंप देगा क्षेत्र



**वाशिंगटन**। डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा पर अमेरिका के 'क जा' की अपनी विचार को दोहराया। ट्रंप ने अपनी योजना की घोषणा मगंलवार रात को की थी। बुधवार को फिलिस्तीनियों और दुनिया भर के नेताओं ने इसे अस्वीकार कर दिया लेकिन ऐसा लगता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। ट्रंप ने गुरुवार को ट्रूथ सोशल प्लेटफॉर्म पर लिखा, "लड़ाई के अंत में इजरायल गाजा पट्टी को संयुक्त राज्य अमेरिका को सौंप दिया देगा।



## पूर्व सरकारी बलों और ड्रग तस्करों के खिलाफ सीरियाई सेना का अभियान जारी

**दमिश्क (आईएएनएस)**

सीरिया के अंतरिम रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सीरिया-लेबनानी सीमा पर पूर्व बशर अल-असद सरकार के बचे हुए बलों और ड्रग्स तस्करों के खिलाफ अभियान जारी है। युद्ध पर नजर रखने वाली संस्था सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के अनुसार,सेना ने गुरुवार को भारी हथियार और ड्रोन भी तैनाती किए हैं। यह कदम लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह और एक ड्रग कार्टेल से जुड़े लड़ाकों को खत्म करने के लिए उठाया गया है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि सेना ने होम्स के मध्य प्रांत के हाविक गांव में आतंकवादियों के ठिकानों को तोपखाने से निशाना बनाया। इसके परिणामस्वरूप कथित तौर पर दोनों पक्षों के लड़ाके हताहत हुए और पकड़े गए। ऑब्जर्वेटरी ने कहा कि हमला कई सीमावर्ती गांवों और बीहड़ इलाकों तक फैला हुआ था, जिसके कारण कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई।

इस बीच होम्स प्रांत में मीडिया कार्यालय ने पुष्टि की कि सुरक्षा बलों ने अवैध हथियारों और तस्करी के मार्गों को बंद करने के लिए एक बड़ा अभियान शुरू किया। इससे सीरियाई और लेबनानी स्थिरता दोनों के लिए खतरा पैदा करने वाली अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाई जा सकेगी।

